श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 228, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 14 सितंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## पूर्वी लद्दाख में पीछे हटीं चीन-भारत की सेनाएं



# 2020 में हिंसक झड़प के बाद बढ़ा था गतिरोध

## 16वीं कोर कमांडर बैठक में बनी थी सहमति

**नई दिल्ली:** पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच तनाव वाले इलाके गोगरा-हॉटस्प्रिंग्स क्षेत्र में गश्त चौकी-15 से भारत और चीन की सेनाएं वापस लौट गई हैं। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, दोनों सेनाओं ओर से सैन्य वापसी की प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है और वर्तमान स्थिति की समीक्षा भी कर ली है। गौरतलब है कि एक दिन पहले यानी सोमवार को सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडेय ने कहा था कि गश्त चौकी-15 से सैनिकों की वापसी की समीक्षा की जानी बाकी है।

**2020 में बढ़ा था गतिरोध:** गौतरलब है कि पांच मई, 2020 को पैंगोंग झील क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध शुरू हो गया था। यह झड़प उस वक्त हुई थी जब चीनी सैनिक लद्दाख सेक्टर में भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास कर रहे थे। इसके बाद दोनों पक्षों ने इस क्षेत्र में धीरे-धीरे भारी हथियारों से लैस हजारों सैनिकों की तैनाती कर दी थी। तब से भारत-चीन के सैनिकों को पैट्रोलिंग पॉइंट 15 के पास एक दूसरे के विपरीत तैनात किया गया है। अब भारत और चीन ने पैंगोंग त्सो लेक के दोनों किनारों से सैनिकों को हटा भी चुके हैं।

**आठ सितंबर को शुरू हुई थी सेना वापसी की प्रक्रिया:** भारत और चीन के सैनिकों की पीपी-15 से पीछे हटने की प्रक्रिया आठ सितंबर से शुरू हुई थी।

हाल ही में चीन की सेना ने घोषणा की थी कि उसने गोगरा-हॉटस्प्रिंग्स पेट्रोलिंग पॉइंट 15 से हटना शुरू कर दिया है, जिसके एक दिन बाद नौ सितंबर को विदेश मंत्रालय की ओर से इस बारे में टिप्पणी की गई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि समझौते के अनुसार, इस क्षेत्र में वापसी की प्रक्रिया 8 सितंबर को सुबह 8:30 बजे शुरू हुई और 12 सितंबर तक पूरी हो जाएगी

**भारतीय सेना ने चीनी आक्रमण का किया डटकर मुकाबला:** भारतीय सेना ने चीनी आक्रमण का डटकर मुकाबला किया और आमने-सामने और झड़पों के 24 महीने बाद भी, सेना प्रमुख मनोज पांडे के निर्देशों के अनुसार इस मुद्दे से निपटने वाली संरचनाएं चीनी सेना पर दबाव डालती रहीं। उत्तरी कमान सभी समय से बहुत सक्रिय रही है और विशेष रूप से हाल के दिनों में आगे बढ़ी है क्योंकि इसने पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में जून में ब्लिट्जक्रेग अभ्यास अगस्त में अभ्यास रेड हंट और अगस्त-सितंबर में नवीनतम एक अभ्यास पर्वत प्रहार सहित तीन प्रमुख युद्ध खेल आयोजित किए थे।

पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन की सेनाएं तनाव वाले इलाके से पीछे हट गई हैं। दोनों देशों के अधिकारियों ने बताया कि गोगरा-हॉटस्प्रिंग्स क्षेत्र में गश्त चौकी-15 से भारत और चीन की सेनाएं वापस लौटी हैं। दोनों देशों की ओर से वर्तमान स्थिति की समीक्षा भी कर ली है। इससे एक दिन पहले यानी सोमवार को भारतीय सेना प्रमुख मनोज पांडेय ने कहा था कि अभी गश्त चौकी-15 से सैनिकों की वापसी की समीक्षा की जानी बाकी है।

**कोर कमांडर बैठक में बनी थी सहमति:** यह प्रक्रिया 8 सितंबर को कोर कमांडर स्तर के 16वें दौर के दौरान दोनों पक्षों के बीच हुई चर्चा के बाद शुरू हुई थी। इस दौरान दोनों देश गोगरा-हॉटस्प्रिंग्स क्षेत्र से सेनाओं की वापसी पर सहमत हुए थे। इसके साथ ही डेमचोक और देपसांग क्षेत्रों में गतिरोध को हल करने की कोशिश जारी है, लेकिन अभी तक कोई प्रगति देखने को नहीं मिल रही है।

**शंघाई सहयोग संगठन से पहले बड़ा कदम**

सीमा पर शांति के लिए यह एक अच्छा कदम है। दोनों देशों की सेनाएं ऐसे समय पीछे हटीं है, जब दो दिन बाद 13 सितंबर को उज्बेकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन का सालाना शिखर सम्मेलन होना है।

इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग शामिल होंगे। मई 2020 में जब दोनों देशों की सेनाओं के बीच गतिरोध बढ़ा था तब से भारत-चीन के सैनिकों को पैट्रोलिंग पॉइंट 15 के पास एक दूसरे के विपरीत तैनात किया गया है। भारत और चीन ने पैंगोंग त्सो लेक के दोनों किनारों से सैनिकों को हटा भी चुके हैं।





### गलवान में 15 जून 2020 की रात हुई थी हिंसक झड़प

**इस** दिन गलवान में हमारे ग्राउंड ट्रूप्स पर दबाव था, चीन पर भी दबाव था। चीन की सेना उस साइट पर बैठी हुई थी तो भारतीय सेना ने उनसे वापस जाने को कहा। हालांकि वो लोग मान गए, पर विवाद शुरू हुआ चीनी हरकत से। चीन ने दो टेंट लगाए, जो ऑब्जर्वेशन पोस्ट की तरह थे। चीनी सैनिकों ने तर्क दिया कि अगर हम वापस चले गए तो आपकी गतिविधियों पर नजर नहीं रख पाएंगे।

**चीन के 40 जवान मारे गए:** भारतीय सेना ने इसी का विरोध किया और झड़प शुरू हो गई। चीनी सैनिक हथियार से लैस थे और भारतीय सेना पुरानी प्रैक्टिस के तहत वहां पहुंची थी। इसमें भारत के 20 जवान शहीद हो गए थे। चीन के 40 से ज्यादा जवान मारे गए थे। हालांकि चीन ने इसे स्वीकार नहीं किया। इस झड़प के बाद 30 जून के आसपास दोनों पक्षों में बात हुई और चीन वहां से एक किलोमीटर पीछे हट गया। भारत अपनी पोस्ट पर **वापस आ गया था।**

## विरासत के प्रति कृतज्ञता का भाव सनातन धर्म-संस्कृति की विशेषता: सीएम योगी

**गोरखपुर:** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सृष्टि, प्रकृति, पूर्वजों तथा विरासत के प्रति कृतज्ञता का भाव सनातन धर्म-संस्कृति की पहली विशेषता है। सनातन हिंदू धर्म संस्कृति में यही कृतज्ञता का भाव हमें निरंतर आगे बढ़ने की नई प्रेरणा प्रदान करता है। सीएम योगी युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की 53वीं तथा राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की 8वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह के अंतर्गत मंगलवार (आश्विन कृष्ण तृतीया) को महंत दिग्विजयनाथ की पुण्यतिथि पर अपना भाव व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हनुमान जी जब लंका में जा रहे थे तब पर्वत ने उनसे प्रश्न किया था कि सनातन धर्म की परिभाषा क्या है, तब उन्होंने जवाब दिया था कि कोई आप पर कृपा करे तो उसके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना ही सनातन धर्म का कर्तव्य है। यही इसका पहला लक्षण भी है। हर सनातन धर्मावलंबी इस भाव को ठीक से समझता है। गोरक्ष पीठाधीश्वर ने कहा कि जीवन चक्र की जड़-चेतन के बेहतर समन्वय से चलता है। यही कारण है कि हमारे सनातन धर्म ने वनस्पतियों, जीव-जंतुओं के महत्व को समान रूप से स्वीकार किया है। वर्ष में दो बार हम नवरात्र के जरिये सृष्टि की आदि शक्ति के प्रति कृतज्ञता का भाव प्रकट करते हैं तो वर्ष में एक पक्ष अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता हेतु तर्पण करते हैं। पर्व, त्योहारों के प्रति लगाव भी कृतज्ञता ज्ञापित करने का माध्यम है। लोक कल्याण की प्रेरणा देती हैं ब्रह्मलीन महंतद्वय की पुण्य स्मृतियां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्वजों के प्रति अपनी विरासत के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने की गोरक्षपीठ की अद्भुत परंपरा है। पितृपक्ष की तृतीया तिथि को ब्रह्मलीन महंत दिग्विजय नाथ जी तथा चतुर्थी तिथि को ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी की पुण्यतिथि एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं। इस अवसर पर यहां होने वाले आयोजन में ब्रह्मलीन आचार्यद्वय की पुण्य स्मृतियां स्वतः ही जुड़ जाती हैं।

## शिक्षामित्रों ने भी मांगी बीमा कटौती की राशि

**लखनऊ:** पॉलिसी बंद होने के बावजूद परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मियों के वेतन से 2014 से लगातार की गई प्रीमियम कटौती में शिक्षामित्रों ने भी अपना हिस्सा बताया है। उत्तर प्रदेश दूरस्थ बीटीसी शिक्षक संघ का कहना है कि 2 अगस्त, 2014 से 25 जुलाई, 2017 तक प्रदेश के एक लाख 37 हजार शिक्षामित्र भी शिक्षक थे। ऐसे में उनका भी इस दौरान 87 रुपये प्रति माह कटा था। इसलिए विभाग उस दौरान शिक्षक पद पर समायोजित किए गए शिक्षामित्रों की बीमा कटौती की राशि भी वापस करें।

## ममता के खिलाफ बीजेपी ने खोला मोर्चा

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में नबान्न चलो मार्च निकालने के लिए सड़क मार्ग से अनुमति नहीं मिलने के बाद कई भाजपा कार्यकर्ता अब नदी पार करके कोलकाता पहुंचने की कोशिश की। इस दौरान सभी कार्यकर्ता नाव के जरिए नदी पार किया और हाथ में भाजपा का झंडा लहरा रहे हैं। नाव पर क्षमता से अधिक लोग सवार दिखाई दे रहे हैं। उधर कोलकाता में पुलिस की बेरिकेडिंग की वजह से हावड़ा ब्रिज पर भारी ट्रैफिक जाम लग गया है।

**हिरासत में लिए गए सुवेंदु अधिकारी, लॉकेट चटर्जी:** भाजपा नेता और बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी को हिरासत में ले लिया गया है। वे नबान्न मार्च में शामिल होने जा रहे थे। वहीं हिरासत में लिए जाने के बाद सुवेंदु ने कहा कि ये शांतिपूर्ण आंदोलन है। ये भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के खिलाफ हल्लाबोल है।

बंगाल की जनता ममता के साथ नहीं है इसलिए वह बंगाल में उत्तर कोरिया की तरह तानाशाही कर रही हैं।




## एससीओ समिट में पुतिन से मिलेंगे मोदी



**ताशकंद:** उज्बेकिस्तान के शहर समरकंद में 15 और 16 सितंबर को शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन यानी एससीओ की मीटिंग होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसमें हिस्सा लेंगे। इस दौरान रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से उनकी मुलाकात होगी। माना जा रहा कि दोनों नेताओं के बीच रूस-यूक्रेन जंग और फूड सिक्योरिटी जैसे अहम मसलों पर बातचीत हो सकती है। एससीओ समिट में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी हिस्सा लेंगे। हालांकि, अब तक यह साफ नहीं है कि मोदी इन दोनों नेताओं से आपसी बातचीत करेंगे या नहीं।

**उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति से भी मिलेंगे:** भारतीय विदेश मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से कहा कि मोदी की दो द्विपक्षीय मुलाकातें तय हैं। पहली- रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ और दूसरी मेजबान उज्बेक राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव के साथ।

## मदरसों के सर्वे के खिलाफ ओवैसी ने उठाई आवाज

**हैदराबाद:** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में मदरसों के सर्वे के खिलाफ आवाज उठाई है। ओवैसी ने इन सर्वेक्षणों को मुस्लिम समुदाय पर निशाना बताया है। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों, मिशनरी स्कूलों, सरकारी स्कूलों और संघ के स्कूलों का भी सर्वे होना चाहिए। सरकारी मदद से वंचित रहने वाले मदरसों को टारगेट कर उनका सर्वे करना गलत है। ओवैसी ने इसी के साथ केंद्र सरकार से एक और अपील की। उन्होंने कहा कि केंद्र को नए संसद भवन का नाम बाबासाहेब आंबेडकर के नाम पर रखना चाहिए। उन्होंने तेलंगाना विधानसभा में इससे जुड़ा प्रस्ताव पारित कराने के लिए तेलंगाना सीएम के चंद्रशेखर राव का शुक्रिया अदा किया। साथ ही मांग की कि राज्य में जो सचिवालय की इमारत बन रही है, उसे **भी आंबेडकर का नाम दिया जाए।**



**यूपी के बाद उत्तराखंड में भी मदरसों का हो सकता है सर्वे:** गौरतलब है कि यूपी की तर्ज पर उत्तराखंड में मदरसों के सर्वे कराने की बात कही गई है। राज्य के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उत्तराखंड में मदरसों के कामकाज, गतिविधियों को लेकर लगातार शिकायतें आ रही हैं। इन शिकायतों को राज्य सरकार द्वारा गंभीरता से लिया जा रहा है, जिसके दृष्टिगत प्रदेश के सभी मदरसों का सर्वे किया जाएगा। दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश में गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वे शुरू हो चुका है। हालांकि, कई जिलों में अभी तक इसके लिए टीमों का गठन नहीं हो पाया है। उधर शासन ने कहा है कि हर सूरत में यह सर्वे समय से पूरा किया जाए।

## यूपी: मदरसों में 12 बिंदुओं पर सर्वे शुरू

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में बिना सरकार की मान्यता के चल रहे मदरसों के सर्वे का काम प्रारंभ हो गया है। सभी 75 जिलों में 12 बिंदुओं पर सर्वे का काम किया जा रहा है। जिलाधिकारियों को सर्वे का काम पांच अक्टूबर तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। सर्वे का काम गैर मान्यता प्राप्त 16 हजार से अधिक मदरसों में होगा। सर्वे की रिपोर्ट शासन में जाने के बाद पात्र मदरसों को उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड से मान्यता दिलाने का प्रयास किया जा सकता है। सरकार ने राज्य के सभी गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वे पांच अक्टूबर तक कराने के निर्देश दिए हैं। सर्वे का काम पूरा होने के बाद रिपोर्ट तैयार की जाएगी। सरकार ने मदरसों की जांच कर रिपोर्ट के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सरकार की ओर से 31 अगस्त को प्रदेश में चलने वाले सभी गैर मान्यता प्राप्त निजी मदरसों का सर्वेक्षण करने का आदेश दिया था।



### 'महाराष्ट्र-बंगाल में सड़कों पर भरा पानी; बिहार, उत्तराखंड और ओडिशा में भी चेतावनी जारी

## 5 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी

**कोलकाता:** बंगाल और महाराष्ट्र में मंगलवार को बारिश के बाद कई इलाकों में पानी भर गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, इन दोनों राज्यों में भारी बारिश की आशंका है। उत्तराखंड में 14 और 15 सितंबर को भारी बारिश के आसार हैं। यहां ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बिहार के 26 जिलों में भी मौसम विभाग ने भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मध्यप्रदेश में अगले 2 दिन जोरदार बारिश होने वाली है। भोपाल में सोमवार शाम से शुरू हुआ बारिश का दौर मंगलवार को भी जारी है। इंदौर में रात 9 बजे से 11 बजे तक जोरदार बारिश हुई। छिंदवाड़ा भी सोमवार सुबह से भीग रहा है।



मौसम विभाग ने सिस्टम के एक्टिव रहने से भोपाल, सागर, जबलपुर और नर्मदापुरम संभाग में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में अच्छी बारिश का दौर एक बार फिर शुरू हो सकता है। बीते 48 घंटे में प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में बारिश हुई। इससे तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक गिरावट रही है।

**बिहार: कई नदियां उफान पर, रिहायशी इलाकों में बाढ़:** बिहार में अगले 48 घंटे के लिए 26 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसमें से 8 जिलों में भारी बारिश की संभावना है। इन जिलों में रोहतास, औरंगाबाद, कैमूर, नवादा, गया, भागलपुर, बांका और जमुई शामिल है। इन जिलों में आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। लगातार बारिश से कई जिलों में नदियां उफान पर हैं। बाढ़ का पानी गांवों में भी घुस गया है।

## सस्ती मिलेंगी आवश्यक दवाईयां, सूची जारी

**नई दिल्ली:** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची (एनएलईएम) 2022 जारी कर दी। सूची में 384 दवाओं को 27 चिकित्सीय श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। इस सूची में 34 नई दवाओं को शामिल किया गया है जबकि पिछली सूची (2015) में शामिल रहीं 26 दवाओं को अब हटा दिया गया है। एनएलईएम, 2015 में 376 की तुलना में एनएलईएम 2022 में 384 दवाएं शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची पहली बार 1996 में तैयार की गई थी। इसके बाद 2003, 2011 और 2015 में तीन बार संशोधित किया गया था। जारी सूची में कार्डियोवैस्कुलर दवाएं, एनेस्थीसिया और तंत्रिका संबंधी विकारों में उपयोग की जाने वाली दवाएं, संक्रामक विरोधी दवाएं, कान, नाक, गले और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल दवाएं, हार्मोन, अन्य अंतः स्त्रावी दवाएं और गर्भ निरोधकों का उल्लेख है। दवाओं में निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी (एनआरटी)।



### खबर संक्षेप

## पतैंया गांव के बच्चे की लाश प्रतापगढ़ रेलवे ट्रेक पर मिली, परिजनों में कोहराम

**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत पतैंया गांव निवासी राघवेंद्र प्रताप सिंह मुंगरा बादशाहपुर में जंघई रोड स्थित नवीन मंडी के पास बतौर किरायेदार के रूप मे रहते है। उनका पुत्र आदित्य सिंह उम्र 15 वर्ष गुरुकुल पब्लिक स्कूल मुंगरा बादशाहपुर मे कक्षा 6 का छात्र था।सोमवार को वह अपनी बहन के साथ साइकिल से स्कूल आया लेकिन वह स्कूल के अंदर न जाकर कहीं और चला गया।स्कूल बंद होने के पहले स्कूल के प्रबंधक विशंभर दुबे के पास एक फोन आया कि स्कूल के ड्रेस मे वाराणसी लखनऊ रेलमार्ग पर पृथ्वीगंज प्रतापगढ़ के पास एक बच्चे की लाश मिली है।वह फौरन क्लास मे गये तो आदित्य सिंह अपनी कक्षा मे नही था।परिजनों को सूचना हुई तो वह भी भागे भागे स्कूल आए और फोटो देखकर बच्चे पहचान की और फफक फफक कर रो पड़े।पुलिस को सूचना देते हुए परिजन देर रात पृथ्वीगंज प्रतापगढ़ पहुंचे और शव की शिनाख्त की बच्चे का बैग अमेठी मे ट्रेन की बोगी से बरामद किया गया। छात्र स्कूल से प्रतापगढ़ कैसे पहुंचा और क्यों गया इसको लेकर परिजन हतप्रभ है। परिजनों का कहना है कि उनके बच्चे के साथ कोई न कोई अनहोनी हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सरकारी विभागों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, खामियों पर लगाई फटकार

अखंड भारत संदेश







**जसरा।** जसरा के निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम, निर्माणाधीन पॉलिटेक्निक कॉलेज, व रेरा गौशाला तथा जसरा स्थित जल निगम का जिलाधिकारी ने औचक निरीक्षण किया। मिली खामियों को लेकर मौके पर उपस्थित पीडब्ल्यूडी , विकास विभाग व मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को फटकार लगाई तथा जल निगम के जेई का वेतन रोकने के लिए एक्स ई एन को कहा। इस अवसर पर दर्जनों अन्य अधिकारी मौजूद रहे।मंगलवार की शाम लगभग 4:00 बजे जिलाधिकारी प्रयागराज संजय कुमार खत्री अचानक रेरा के मिनी स्टेडियम व पॉलिटेक्निक पहुंच गए ।तथा बनाए जा रहे बिल्डिंग की गुणवत्ता की जांच की । तथा पॉलिटेक्निक की बिल्डिंग की फिनिशिंग वहां फैली हुई गंदगी को लेकर जिला युवा कल्याण अधिकारी शैलेश कुमार को फटकार लगाई। तथा मिनी स्टेडियम व पॉलिटेक्निक को जाने वाली रोड की खस्ता हाल देखकर जिलाधिकारी भड़क गए । तथा मौके पर उपस्थित पीडब्ल्यूडी के अधिकारी केके झा को रास्ते को तुरंत बनवाने का आदेश दिया । बताते चलें कि 5 वर्ष पूर्व से मिनी स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन इन सरकारी संस्थानों में पहुंचने के लिए रोड नदारद है। कच्ची मिट्टी के रास्तों पर बने बड़े-बड़े गड्ढों से होकर ही लोगों को जाना पड़ता है। हालांकि अभी यह दोनों संस्थान निमार्णाधीन है। इसके बाद जिलाधिकारी ने रेरा गौशाला का रुख किया तथा वहां पहुंचकर गायों की रखरखाव व देखभाल कर रहे लोगों से जानकारी ली। उन्होंने गोपालको के लिए गौशाला में निवास बनाने का आदेश दिया जिससे गोपालक गौशाला में ही रुक कर गायों की देखभाल कर सकें साथ ही गौशाला में बिजली की व्यवस्था को ठीक कराने का भी आदेश दिया। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आर पी राय को रेरा गौशाला में पशुओं को अलग-अलग व्यवस्था करने के लिए कहा। जिसमें नर व मादा गोवंश व बच्चे तथा गर्भवती गोवंश अलग-अलग टीन सेड में रखने की व्यवस्था करने को कहा है। जिलाधिकारी ने गोवंश के स्वास्थ्य की स्थिति को देखकर नाराजगी व्यक्त की उन्होंने गांव के प्रधान व गांव के सचिव को फटकार लगाते हुए कहा कि या तो इन पशुओं को चारा ही नहीं दिया जा रहा या चारा कम मात्रा में दिया जा रहा है जिससे सभी जानवर कुपोषण के शिकार हो गए हैं। तथा आने वाले सर्दियों में यह सभी गोवंश उठने लायक भी नहीं रह जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी को सुपोषित भोजन की व्यवस्था किया जाए। तथा वर्मी कंपोस्ट खाद बनाने की व्यवस्था करने के लिए भी कहा। जिससे गौशाला की आय को बढ़ाया जा सके। गौशाला के बगल में ही बने जल निगम की टंकी की खस्ताहाल देखकर जल निगम अधिकारियों को फटकार लगाई। इसके बाद वहां से सीधे जसरा स्थित जल निगम पहुंचे । बताते चलें कि जसरा जल निगम से लगभग 2 दर्जन से अधिक गांवों को पेयजल की आपूर्ति की जाती है। लेकिन इन दिनों जल निगम की व्यवस्था पटरी से उतर चुकी है। यहां पर न तो जल निगम की मोटर को चलाने के लिए ऑपरेटर उपलब्ध है न ही जल निगम का कोई अधिकारी यहां पर आने की जहमत उठाता है। कुछ कर्मचारियों के भरोसे ही जल निगम से पानी की आपूर्ति की जाती है। जल निगम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कैंपस के अंदर ही बनाया गया है । इस कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ही कुछ लोग जल निगम की मोटर को कभी कभी चला देते हैं। जिससे लोगों को पानी मिल जाता है। जिलाधिकारी के जसरा जल निगम पहुंचने पर मौके पर उपस्थित अधिकारियों में खलबली मच गई। इन सब को लेकर जिलाधिकारी ने जल निगम के एक्सईएन को फटकार लगाई तथा लोगों को पेयजल की सुविधा के लिए बनाए गए जल निगम की व्यवस्था को तुरंत दुरुस्त करने को कहा। इसी दौरान मौके पर उपस्थित जल निगम के जेई से पानी की आपूर्ति किए जाने वाले गांव व कनेक्शन धारकों की संख्या पूछी। इसके बाद वह शहर के लिए चले गए। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, पीडब्ल्यूडी अधिकारी के के झा ,जल निगम एक्सई एन कुलदीप प्रजापति, जिला युवा कल्याण अधिकारी शैलेश कुमार, उप जिलाधिकारी बारा शुभम सिंह, खंड विकास अधिकारी जसरा डॉक्टर सपना अवस्थी, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील मिश्र , एडीओ पंचायत श्याम लाल तिवारी, एडीओ आईएसबी विज्ञान प्रभाकर शुक्ला, सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# आकाशीय बिजली गिरने से बाइक मैकेनिक की मौत

अखंड भारत संदेश

**कोरांव थाना क्षेत्र के मड़फा कला गांव में हुआ हादसा**



**रत्योरा।** कोरांव थाना क्षेत्र के मड़फा कला गांव में मंगलवार को सायं 5 बजे के आसपास आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आकर एक बाइक मैकेनिक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक विजय विश्वकर्मा पुत्र नारायण प्रसाद विश्वकर्मा (25) निवासी मड़फा कला थाना कोरांव बाइक मैकेनिक है। जो मिजार्पुर जनपद के कठारी मोड़ पर दुकान खोलकर बाइक रिपेयर का काम करता है। मंगलवार को सायं 5 बजे के आसपास वह घर से 300 मीटर दूर स्थित दुकान से कुछ घरेलू सामान लेकर वापस घर की जा रहा था कि घर से डेढ़ सौ मीटर पहले ही पहुंचा था कि अचानक आकाशीय बिजली गिरी और चपेट में आकर मौके पर ही विजय की मौत हो गई। मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी समेत अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया मृतक विजय पांच भाइयों व एक बहन में दूसरे नंबर का था। मृतक विजय की शादी एक वर्ष पहले मध्य प्रदेश के देव तलाव के पास इटौरा गांव की रहने वाली विमला के साथ हुई थी। मनगवां में जिसको अभी कोई संतान नहीं है।

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**करछना।** थाना के क्षेत्र अंतर्गत देवरी कला गांव के सामने दिल्ली हावड़ा रेल रूट मार्ग पर मंगलवार देर शाम 6 बजे के करीब ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना होने पर जीआरपी के साथ चौकी प्रभारी रामबहादुर मौके पर पहुंचे । जहां उपस्थित लोगों से मृतक युवक का पहचान कराने का प्रयास किया गया। लेकिन किसी के द्वारा शिनाख्त न किए जाने की दशा में पुलिस ने अज्ञात ने शव को कब्जे में ले लिया। वहीं पुलिस ने युवक के पास में मिले मोबाइल फोन से उसकी पहचान कराने करने का प्रयास कर रही है।

### चार दिवसीय पुस्तक मेले में 18 को होगा कवि सम्मेलन

**जसरा।** क्षेत्र के श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा के प्रांगण में आयोजित चार दिवसीय पुस्तक मेले में 18 सितम्बर को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। उक्त मेले में जहां विभिन्न प्रकाशकों की ज्ञानवर्धक पुस्तकें बड़े पैमाने पर आकर्षक छूट के साथ उपलब्ध रहेंगी वहीं रविवार को पुस्तक मेले में दोपहर 12 बजे से आयोजित कवि सम्मेलन के साथ समापन होगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष,रींवा विश्वविद्यालय, कानपुर विश्व विद्यालय, जगद्गुरु रामभद्राचार्य विकलांग विश्व विद्यालय, चित्रकूट ग्रामोदय विश्व विद्यालय एवं नेहरु ग्राम भारती मानित विश्व विद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो के०बी० पाण्डेय मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष इन्द्रनाथ मिश्र करेंगे। प्रधानाचार्य परिषद के जिलाअध्यक्ष अनय प्रताप सिंह, एसपी जमुनापार सौरभ दीक्षित और ब्लॉक प्रमुख जसरा अजीत सिंह उर्फ पप्पू सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कवि सम्मेलन में देश के जाने-माने हास्य कवि एवं लाफ्टर चैंपियन राधेश्याम भारती, अशोक बेशरम, नजर इलाहाबादी, राजेंद्र शुक्ल, लखन प्रतापगढ़ी, जीतेन्द्र जलज, सन्तोष शुक्ल समर्थ काव्य पाठ करेंगे । उक्त आशय की जानकारी देते हुए पुस्तक मेला के प्रभारी मनीष गर्ग एवं कवि सम्मेलन के संयोजक संतोष शुक्ल समर्थ ने स्थानीय जन मानस से पंहुच कर कार्यक्रम सफल बनाने की अपील की है।

# मुख्य अभियंता ने विद्युत सब स्टेशन शंकरगढ़ का किया औचक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने के लिए पावर कारपोरेशन के निर्देश पर विभाग द्वारा विद्युत कैंपों का आयोजन 12 सितंबर से किया जा रहा है। इसी क्रम में 13 सितंबर को भी जनपद में विभिन्न स्थानों पर कैंप का आ?जन कर उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया गया। मंगलवार को मुख्य अभियंता विनोद कुमार गंगवार ने यमुनापार के रीवां रोड,गौहनिया पॉवर हाउस समेत विद्युत वितरण उपखंड शंकरगढ़ पर आयोजित विद्युत समाधान कैंप का औचक निरीक्षण किया और उपभोक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण का जायजा लिया। सोमवार की तरह मंगलवार को शंकरगढ़ में आयोजित विद्युत कैंप में उपखंड अधिकारी विमल कुमार यादव, अवर अभियंता रवि प्रकाश, कार्यकारी सहायक प्रशांत रघुवंशी एवं विनोद कुमार टीजी-2, संविदा कर्मी ने उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं और उनका समाधान किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता ने सभी अफसरों व कर्मियों को निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। उपभोक्ताओं के यहां मीटर लगाया जाए और यदि कोई बिजली चोरी करते हुए पकड़ा जाए तो उसके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए। मुख्य अभियंता ने यह भी हिदायत दी कि यदि कोई घरेलू कनेक्शन पर बिजली का व्यावसायिक इस्तेमालकर रहा है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए लोड बढ़ाने की प्रक्रिया अमल में लाई जाए। मुख्य अभियंता ने उपकेंद्र शंकरगढ़ में आयोजित कैंप के साथ-साथ रींवा रोड पावर हाउस और गौहनिया पावर हाउस में आयोजित कैंप का औचक निरीक्षण किया। रींवा रोड पावर हाउस में उपखंड अधिकारी अंकित वशिष्ठ, अवर अभियंता विवेक सिंह और गौहनिया में अवर अभियंता पंकज मौर्य उपस्थित रहे। मुख्य अभियंता ने बताया कि 14 सितंबर को बारा में विद्युत कैंप का आयोजन किया जाएगा।

## न्यूज झरोखा

### महिलाओं को दिया गया दो दिवसीय प्रशिक्षण



**सहसों।** ग्रामीण जनता को शुद्ध पेयजल पीने के लिए मिले इसके लिए शुद्ध पेयजल एवं जल की गुणवत्ता को परखने के लिए ब्लॉक स्तर पर प्रत्येक ग्राम पंचायत के समूह की 5 महिलाओं का चयन कर शुद्ध जल की जांच के लिए प्रशिक्षण दिया गया। उक्त कार्यक्रम जल जीवन मिशन के तहत मेरा पथ एजूकेशन लिमिटेड नोएडा एवं राज्य पेयजल संरक्षण तथा स्वच्छता मिशन लखनऊ उत्तर प्रदेश नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति उत्तर प्रदेश विभाग के द्वारा महिलाओं को दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में सोमवार को प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के तहत जल की गुणवत्ता को जांचने परखने के लिए जिला कोआर्डिनेटर परविंदर सिंह एवं प्रशिक्षक अरविंद कुमार मौर्य, एम आई एस कमल सिंह गौतम व अंकुर कुमार ने जल की गुणवत्ता की जांच करने के लिए विभिन्न पहलुओं पर मौजूद महिलाओं को प्रशिक्षण दिया कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख सहसों गीता सिंह ने प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं समूह की महिलाओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। इस अवसर पर शिव नारायण सिंह गप्पू प्रमुख प्रतिनिधि, मीना शुक्ला सीबीटी कोऑर्डिनेटर, विजय कुमार गौतम एडीओ आईएसबी, राकेश कुमार यादव एडीओ समाज कल्याण सहित आदि उपस्थित रहे।

### गाजे बाजे के साथ गया धाम किया प्रस्थान



**जंघई।** प्रतापपुर क्षेत्र के चनेथू शरीफाबाद गाँव निवासी अंजनी दुबे, कृष्णधर दुबे पितृ पक्ष में अपने माता पिता एवं पूर्वजों के श्राद्ध हेतु मंत्रोच्चारण के बीच तर्पण पिंडदान के माध्यम से सभी बंशावली पर ध्यानपूर्वक ध्यान केन्द्रित कर अपने अराध्य इष्टदेव एवं पूर्वजों की आत्मा की शांति एवं अपने परिवार खानदान की सुख समृद्धि हेतु बुधवार को गया धाम प्रस्थान किया। पित्रों के श्राद्ध से मोक्ष की प्राप्ति होती है पितृ पक्ष मे ही लोग पित्रों के तर्पण हेतु भरतकूप होते हुए गया मे पिंडदान करते है। पारिवारिक सदस्यों, खानदान तथा क्षेत्रवासियों के संग गाजे बाजे के साथ भ्रमण करते हुए गांव के प्रत्येक घर की सुख शांति हेतु सभी घरों से अक्षत लेते हुए प्रस्थान किया।इस अवसर पर पंडित नित्यानंद शुक्ल, राजदेव दुबे, पड़ेश्वरनाथ दुबे, कैलाश नाथ दुबे, शंभूनाथ दुबे, हरिशंकर दुबे, बड़ेलाल दुबे, छोटेलाल दुबे, नन्हे लाल दुबे, हौसिला दुबे, नंदलाल दुबे, मुकेश दुबे, दादे दुबे, माता सहाय दुबे, महेंद्र दुबे, अखिलेश दुबे, राजेश, बृजेश, शुभम, हर्ष, संजय दुबे सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### बैंक ऑफ बड़ौदा में स्थापना दिवस का आयोजन




**कोराव।** बैंक आफ बड़ौदा आफिसर्स एसोसिएशन का स्थापना दिवस बैंक आफ बड़ौदा के क्षेत्रीय कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। सन 1966 में बैंक के आफिसर्स एसोसिएशन की नींव खड़ी हुई थी। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख प्रमोद कुमार उप क्षेत्रीय प्रमुख पुनीत कुमार एवं ओ० एन० सिंह ने केक काटकर सभी अधिकारियों को बधाई दी। बैंक आफ बड़ौदा आफिसर्स एसोसिएशन प्रयागराज के क्षेत्रीय सचिव बेलाल अहमद ने सभी अधिकारियों को संबोधित करते हुए बताया कि आज ही के दिन सन १९६५ में एसोसिएशन की नींव रखी गई थी ! आज लगभग २४००० की मेंबरशिप के साथ एसोसिएशन एक सशक्त रूप में अधिकारियों के हित के लिए कार्य कर रही है ! इस अवसर पर एक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमे अधिकारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। क्षेत्रीय सचिव प्रयागराज द्वितीय के अरविंद कुंवर ने सभी अधिकारियों एवं कार्यपालकों को उनके सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

### आजादी दौड़ में प्रतिभाग करने वालों को दिया प्रमाणपत्र

**14 अगस्त को अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हुआ था आयोजन**





**जसरा।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल प्रयागराज द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 14 अगस्त को आजादी दौड़ का आयोजन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी देवांशिका सिंह के द्वारा कराया गया था। उसमे प्रतिभाग किये हुए युवाओं को आज ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज में प्रमाण पत्र वितरण किया गया जिसमे प्रथम स्थान मोहित यादव, दूसरा स्थान रवि पाल व तीसरा स्थान नीरज बिन्द नें हासिल किया। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य डॉ योगेंद्र सिंह नें युवाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया साथ में शिक्षक अचलेन्द्र जयसवाल व सुनील कुमार शाहू,कुलभूषण मिश्र व आयोजक मण्डल के रूप में सुधांशु मिश्र, रावेन्द्र तिवारी, अजीत मालवीय आदि लोग मौजूद रहे।

# आरती हत्याकांड में पति व सास सासुर, जेठ जेठानी, एक रिश्तेदार नामजद

## फालोअप : ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप,पोस्टमार्टम के बाद लाश परिजनों को सुपुर्द

अखंड भारत संदेश



मृतका की फाइल फोटो शादी के बाद का दृश्य



घटना स्थल पर मृतका का दृश्य

**कोरांव।** खीरी थाना क्षेत्र के ग्राम पनासी पटेहरा गांव में एक नव विवाहिता की ससुराल वालों ने मार पीट कर हत्या कर लाश फांसी के फंदे पर लटका दिया। ऐसा आरोप मृतका के मायके वालों ने लगाया और पुलिस ने लाश कब्जे में ले कर पोमां में भेज दिया। घटना 12 सितंबर 2022 की शाम कारीब छ बजे की हैं। पुलिस ने क्राइम नंबर 241/2022 धारा 304बी, 498ए, 506,आईपीसी तथा धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मृतका आरती पुत्री जगपति अनुसूचित जाति बीस वर्ष के भाई हरिशंकर निवासी मझिगवा तहसील कोराव थाना खीरी ने बताया की चार दिन पहले ही मेरी बहन मेरे घर से ससुराल गई थी। बहन का पति रामबाबू पुत्र बृजलाल लाल तारा बाहर रहता है। अभी हाल में आया था। दहेज की कमी को ले कर बहन के सास ससुर और मेरा बहनोई काफी प्रताड़ित करते थे। पिछले वर्ष 2021मई माह में ही बहन की शादी किया था। और बाइक सहित नगदी तथा काफी सामान भी दहेज में दिया था। मृतका के भाई हरिशंकर ने बताया कि जैसे ही हम लोगों को सूचना मिली मौके पर बहन के ससुराल पहुंचे पुलिस को पहले ही घटना स्थल पर ससुराल वालों ने बुला रखा था। घटना स्थल पर मृतका के मायके वाले भी पहुंचे,किंतु जिस तरह से गले में जेठानी की धोती से गले में फंदा लगा मिला था उससे साफ जाहिर था कि घर वालों में उसे मांरा पीटा सताया और गला दबा कर हत्या कर दिया है। सभी का रो रो कर बुरा हाल था। मायके वालों की ओर से थाना खीरी में नामजद ससुराल वालों क्रमशः पति रामबाबू,जेठ श्याम बाबू पुत्र बृजलाल विवाहिता की सास,जेठानी एक ग्राम खजुरी कोराव के रिश्तेदार आदि के खिलाफ रपट दी गई है।

पोस्टमार्टम हाउस में लाश रात्रि में ही पुलिस ने भेज दिया था किंतु पंचनामा पुलिस ने नहीं भेजा जिससे चीरघर में परिजन परेशान थे। देर दोपहर 13 सितंबर को खीरी पुलिस ने पंचनामा बनवा कर तब प्रयागराज भेजवाया। मृतका के मायके वालों ने कुछ लोगों के दबाव पर पुलिस को प्रभावित कर केस में मुलजिमों को मदद पहुंचाने की बात प्रकाश में आई। फिलहाल मृतका आरती के पोमा के बाद शव प्रयागराज में ही अंत्येष्टि स्थल शवदाह गृह पर देर शाम दाह संस्कार कर दिया गया।,, उक्त घटना में मृतका के भाई को और से सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। पंचनामा भी जिला अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। और न ही किसी अपराधी को बख्शा जाएगा।,,

**अनिल कुमार वर्मा**
**थाना प्रभारी खीरी प्रयागराज।**

### चार दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन 18 सितंबर को

**करछना।** क्षेत्र के ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा के प्रांगण में आयोजित चार दिवसीय पुस्तक मेले में 18सितम्बर को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। उक्त मेले में जहां विभिन्न प्रकाशकों की ज्ञानवर्धक पुस्तकें बड़े पैमाने पर आकर्षक छूट के साथ उपलब्ध हैं वहीं रविवार को पुस्तक मेले का दोपहर 12 बजे से आयोजित कवि सम्मेलन के साथ समापन होगा।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष,रींवा विश्वविद्यालय,कानपुर विश्वविद्यालय, जगद्गुरु रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय, चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय एवं नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो के०बी० पाण्डेय मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष इन्द्रनाथ मिश्र करेंगे। प्रधानाचार्य परिषद के जिलाअध्यक्ष अनय प्रताप सिंह, एसपी जमुनापार सौरभ दीक्षित और ब्लॉक प्रमुख जसरा अजीत प्रताप सिंह 'पप्पू सिंह'विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कवि सम्मेलन में देश के जाने-माने हास्य कवि एवं लाफ्टर चैंपियन राधेश्याम भारती, अशोक बेशरम, नजर इलाहाबादी, राजेंद्र शुक्ल, लखन प्रतापगढ़ी, जीतेन्द्र जलज, सन्तोष शुक्ल समर्थ काव्य पाठ करेंगे । पुस्तक मेला के प्रभारी मनीष गर्ग एवं कवि सम्मेलन के संयोजक संतोष शुक्ल समर्थ ने स्थानीय जन मानस से कार्यक्रम सफल बनाने की अपील की है।

## खेत में भैंस जाने पर मारा पीटा व जातिसूचक दी गालियां

**मऊआइमा।** खेत में भैंस चली जाने पर दलित महिला को मारा पीटा गया और जाति सूचक गालियां दी गई। महिला ने एक के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज करा दी है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम रोझियात निवासनीय विनीता देवी सरोज पत्नी कमलेश कुमार सरोज का आरोप है कि वह भैंस चरा रही थी तभी भैंस किसी तरह दूसरे के खेल में चली गई। जिसपर उसे मारा पीटा गया और जाति सूचक गालियां दी गई। विनीता देवी ने मऊआइमा थाने में सुनील कुमार पटेल पुत्र रामनरेश पटेल के खिलाफ एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करा दी है।

# क्या शंकरगढ़ को मिल पाएगा सामान्य वर्ग का चेयरमैन !

आलोक गुप्ता

**नगर निकाय चुनाव**

**शासन स्तर पर की जा रही नगर निकाय चुनाव की तैयारियों से नगर निकायों में बढ़ी हलचल**

**सामने आने लगे दावेदार, शंकगढ़ में दो दर्जन दावेदार चुनाव आरक्षण सूची का कर रहे इंतजार**




**शंकरगढ़।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हो चाहे नगर पंचायत का, एक-एक पद पर मारामारी न हो ऐसा असंभव सा प्रतीत होता है। निकाय चुनाव का समय अब निकट आ रहा है। इस चुनाव को लेकर नगर निकायों में चुनावी चर्चा तेज हो चली है। दफ्तरों में, चौक-चौराहे पर चाय की चुस्कियों के बीच हार-जीत चचाओं और सीटों के आरक्षण को लेकर महफिल सजने लगी है। नगर पंचायत शंकरगढ़ भी इन चचाओं से अछूती नहीं है। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित यह सीट कई मायनों में बेहद अहम मानी जाती है। पिछली बार की तरह इस बार भी यहां सबसे अधिक चर्चा सीट के आरक्षण को लेकर है।

प्रयागराज जिले के यमुनापार में स्थित नगर पंचायत शंकरगढ़ की बात करें तो 5.12.1988 से साल 1990 तक कुंवर ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मुन्ना भैया ने नगर पंचायत की बागडोर संभाली। इसके पश्चात कुछ समय के लिए कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में सैयद औसाफ अली बतौर चेयरमैन दायित्वों का निर्वहन किया। वर्ष 1995 में आरक्षण की बयार बही और 1995 में नगर निकाय का चुनाव आरक्षण के दायरे में शामिल कर लिया गया। आरक्षण प्रक्रिया के पहले चरण में नगर पंचायत शंकरगढ़ की सीट अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व हुई। रिजर्वेशन लागू होने के बाद यहां से पहली दफा लल्लू कनौजिया चेयरमैन निर्वाचित हुए। इसके पश्चात वर्ष 2000 में यह सीट अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित हुई और इस चुनाव में लल्लू कनौजिया की पत्नी लीला कनौजिया ने बाजी मारी और अगले पांच साल तक अर्थात 2005 तक लीला कनौजिया ने चेयरमैन का पद संभाला। वर्ष 2006 में यह सीट सामान्य महिला के लिए आरक्षित की गई, जिसमें भाजपा की रेखा केसरवानी को जीत मिली और उन्होंने 2011 तक का कार्यकाल पूरा किया। जबकि 2012 में यहां की सीट पुनः पिछड़ी जाति की महिला के लिए सुरक्षित रखी गई और यहां से अनुपमा वैश्य विजयी हुईं और वर्ष 2017 में यहां की सीट अनुसूचित जाति के पाले में चली गई और चेयरमैन लल्लू कनौजिया फिर से चेयरमैन बने। पिछले पांच पंचवर्षीय से यहां की सीट लगातार रिजर्व रहने के कारण इस बार लोगों को उम्मीद है कि इस बार यह सीट सामान्य सीट के खाते में आएगी। इसे लेकर अभी से कयासबाजी शुरू हो गई है। दावेदार भी अपनी तैयारी कर रहे हैं, यदि सीट सामान्य नहीं हुई तो भी किसे लड़ाना है और किसे जिताना, इस पर भी मंथन किया जा रहा है। मौजूदा समय में शंकरगढ़ से दावेदारों की बात करें तो यहां पर दो दर्जन दावेदार चुनावी मैदान में उतरने का मन बना चुके हैं। अब, बारी सिर्फ आरक्षण चार्ट के जारी होने की है। बताते चलें कि नगर पंचायत शंकरगढ़ में कुल 12 वार्ड हैं।

## खबर संक्षेप

### काम पर निकली लड़की हुई गायब परिजनों ने जताई अनहोनी की आशंका

**झूंसी।** स्थानी थाना क्षेत्र की एक 19 वर्षीय लड़की 48 घंटे से लापता है। परिजनों की मानें तो वह घर से ऑफिस के लिए निकली थी पर न तो ऑफिस पहुंची नहीं घर लौट के आई पुलिस ने लड़की की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

हवेलिया निवासी लल्लू प्रजापति की 19 वर्षीय बेटी सोनाली छतनाग रोड स्थित एक आयुर्वेद सेंटर काम करती है सोमवार की सुबह वह घर से आयुर्वेद सेंटर जाने के लिए निकली थी देर शाम तक जब घर नहीं लौटी तो परिजनों ने आयुर्वेद सेंटर पर फोन कर जानकारी ली पता चला कि सोनाली वहां आई ही नहीं थी और उसका फोन भी बंद आ रहा है। परेशान परिजन सहेलियों, रिश्तेदारों के है पता किया पर सोनाली कुछ पता नहीं चला। परिजनों ने अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए मामले की शिकायत पुलिस की पुलिस ने सोनाली के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# नगर निगम ने 126 जर्जर भवनों के मालिकों को दिया गया नोटिस

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मुट्ठीगंज में हटिया पुलिस चौकी के पास जर्जर मकान का बारजा गिरने से पांच लोगों की मौत होने के बाद नगर निगम सक्रिय हो गया है। तीन दिन के भीतर 126 जर्जर भवन के स्वामियों को नोटिस दी गई है। वहीं, 150 से अधिक जर्जर भवनों की सूची तैयार की गई है। इनको दो दिनों के भीतर नोटिस दी जाएगी।



**जर्जर दीवारों को ठीक कराकर नगर निगम को करें सूचित :** नगर निगम ने जर्जर भवन के स्वामियों को जान-माल की सुरक्षा का हवाला देते हुए अति जर्जर भवनों का 15 दिनों के भीतर ढहाने को कहा है। वहीं जिन भवनों की दीवारें जर्जर हो चुकी है उसे ठीक कराने को कहा है। ऐसा न करने पर नगर निगम की ओर से इन भवनों को ढहाया जाएगा। नगर निगम के चीफ इंजीनियर सतीश कुमार का कहना है कि जर्जर भवनों को दुरुस्त करने व अति जर्जर भवनों को ढहाने में लापरवाही करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

**आधे से अधिक भवनों पर है विवाद :**नगर निगम के चीफ इंजीनियर सतीश कुमार का कहना है कि 126 भवनों के मालिकों को नोटिस जारी किया गया है। इसमें से लगभग 63 मकानों का विवाद कोर्ट में चल रहा है।

**किरायेदारों को दिया गया नोटिस :**ठाकुर द्वारा ट्रस्ट की दो मंजिला भवन में रहने वाले किरायेदारों को नगर निगम की ओर से सोमवार को नोटिस जारी किया गया। इन सभी को 15 दिनों के भीतर जर्जर दीवारों को ठीक कराने का निर्देश दिया गया है।

**पहले भी जर्जर भवनों को कर चुक हैं चिह्नित :** नगर निगम की ओर से 2016 में आठ, 2017 में 34, 2018 में छह, 2019 में 72 और 2021 में पांच भवनों को जर्जर घोषित किया है। इसमें से 74 लोगों को नोटिस जारी किया है। इसमें से अलग-अलग स्थानों पर चार भवनों को ढहाया भी जा चुका है।

**2019 में सबसे अधिक चिन्हित हुए जर्जर मकान :** नगर निगम की ओर से पांच वर्ष में 125 मकानों को जर्जर घोषित किया गया है। सबसे अधिक 2019 में 72 भवन जर्जर घोषित किया गया। वहीं सबसे कम 2021 में पांच मकान चिन्हित किया गया है। 2022 में सबसे अधिक 126 भवन स्वामियों को नोटिस भेजा गया है।

### नगर आयुक्त का है कहना

मुट्ठीगंज जैसा हादसा भविष्य में न होने पाए जिसको लेकर जर्जर भवनों को चिन्हित किया जा रहा है। इन भवनों को जल्द ही ढहाया जाएगा। जर्जर भवनों को लेकर उचित कदम उठाया जाया इसके लिए चीफ इंजीनियर को निर्देश भी दिया जा चुका है।

**चंद्र मोहन गर्ग, नगर आयुक्त, प्रयागराज।**



## पोल में उतर रहे करंट की चपेट में आने से भैस मरी

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पूरे सूरदास बस अड्डे के पास बिजली के पोल में उतर रहे करंट की जद में आने से एक भैंस की मौत हो गई। जिससे लोगों में हड़कंप हो गया मामले की सूचना बिजली विभाग के साथ पुलिस को भी दी गई। पूरे सूरदास बस अड्डा निवासी चन्द्रमा यादव की भैस मंगलवार की सुबह बिजली के पोल से छू गई और वही तड़पने लगाई जब तक लोग कुछ कर पाते भैस की मौत हो गई। बताया जाता है कि बिजली के पोल के करंट उतर रहा था। चन्द्रमा यादव ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की है। वही लोगो ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि बगैर पैसा लिए कर्मचारी फाल्ट ठीक करने नही आते।

## प्रयागराज में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष पर किया गया जानलेवा हमला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** भाजपा के शिवकुटी मंडल अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पड़ोसियों ने बकरी को बांधने को लेकर मंडल उपाध्यक्ष हाफिज मिन्नत उल्लाह को राड और लाठियों से बुरी तरह पीटा। जिससे वह घायल हो गए। शोर सुनकर जब अन्य लोग पहुंचे तो हमलावर धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और घायल को अस्पताल भेजा। जहां पर डाक्टरों ने एक हाथ और दोनों पैर में फैक्चर होने इलाज शुरू किया। वहीं, पीड़ित की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पांच नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है।हाफिज मिन्नत उल्लाह शिवकुटी मंडल उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा के पुत्र साद उल्लाह की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहरीर के अनुसार, सोमवार रात पड़ोसी साहेबजान, रेहान, रिजवान गुड्?डू, पप्पू और 3 अज्ञात लोगों ने मेरे



पिता हाफिज पर घर के पास जानलेवा हमला कर हाथ पैर तोड़ दिया गया। इस वक्त बेली अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है।साद उल्लाह ने बातचीत में बताया कि दो महीने पहले बकरी बांधने को लेकर साहेबजान के घर से विवाद हुआ था। उस वक्त 112 नंबर पुलिस को कॉल कर बुलाया गया था। बाद में मामला शांत हो गया।साद उल्लाह ने आरोप लगाया कि उसी का बदला लेने के लिए पिता पर जानलेवा हमला किया। वहीं शिवकुटी थानाध्यक्ष मनीष त्रिपाठी का कहना आरोपियो के घर पर दबिश दी गई है। सभी लोग फरार हैं। जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### वीडियो वायरल होने पर सिपाही निलंबित

**सैदाबाद।** हंडिया थाने के सैदाबाद पुलिस चौकी पर तैनात सिपाही आकाश का वीडियो वायरल होने पर मंगलवार को एसएसपी शैलेश पांडेय ने उसे निलंबित कर दिया, हालांकि वीडियो पुराना है।इस वीडियो में सिपाही वर्दी पहनकर फिल्मी अंदाज में एक्टिंग कर रहा है। इससे पूर्व मीरापुर पुलिस के सामने टिकी टॉक का वीडियो बनाने पर सिपाही रमेश को निलंबित किया था।

### लगातार दूसरे दिन कोरोना मरीजों की संख्या में राहत

**प्रयागराज।** पिछले दो दिनों में नए कोरोना संक्रमितों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने राहत की सांस ली है। मंगलवार को 2893 लोगों के कोरोना टेस्ट में दूसरे दिन लगातार पांच नए संक्रमित पाए गए। इस दिन पांच संक्रमितों के स्वस्थ होने के बाद सक्रिय मरीजों की संख्या 57 पर स्थिर रही। सोमवार को पांच नए संक्रमित पाए गए थे। जिसके बाद सक्रिय मरीजों की संख्या 57 थी।

### वृद्धावस्था पेंशन के लिए हेल्पलाइन जारी

**प्रयागराज।** वृद्धावस्था पेंशन योजना के लिए व्हाट्सअप हेल्प लाइन नंबर जारी किया गया है। पेंशनर व्हाट्सअप नंबर 8423884330 पर मैसेज कर आधार प्रमाणीकरण कराने, खाता संख्या, मोबाइल नंबर ठीक कराने अथवा पेंशन भेजी गई या नहीं इसकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।इसके साथ ही पेंशन संबंधी समस्याओं, शिकायतों के निराकरण के लिए सुबह दस बजे से शाम छह बजे तक इस हेल्पलाइन वहाट्सअप नंबर पर सम्पर्क किया जा सकता है। यह जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी त्रिनेत्र कुमार सिंह ने दी।

### डॉक्टर की कार का शीशा तोड़कर गहने चोरी

**प्रयागराज।** हेस्टिंग्स रोड की रहने वाली डॉक्टर पूजा पांडेय की कार का शीशा तोड़कर चोर ने गहनों से भरा बैग उड़ा दिया। उन्होंने अज्ञात चोर के खिलाफ कैंट थाने में एफ आई आर दर्ज कराई है। पुलिस को बताया कि बीती रात करीब 2:45 बजे एक आदमी पहुंचा। घर के बाहर खड़ी कार का शीशा तोड़ दिया। बैग में 45000 रुपये, सोने की चेन समेत अन्य जरूरी कागजात थे। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से जांच कर रही है।

### औद्योगिक पुलिस ने लूटेरों समेंत पांच को किया गिरफ्तार

#### लूट का मोबाइल फोन, चोरी की रकम व गांजा बरामद

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र पुलिय ने क्षेत्र में अभियान चलाकर लूट, तस्करी एवं चोरी की घटना को अंजाम देने वाले पांच अभियुक्तों को अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार किया है। एसओ संजीव चौबे ने बताया कि क्षेत्र मे पिछले दिन हुई मोबाइल लूट की घटना में शामिल मामा भांजा निवासी विजय कुमार भारतीया, ओमप्रकाश साहू व राज उर्फ राजीव को तेंदुआवन तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से लूट किया गया मोबाइल फोन व घटना मे उपयोग की गई बाइक को बरामद किया गया है। इसीक्रम में राजा भारतीया निवासी अजवइया पूरा पांडेय को लवायन मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। इसपर क्षेत्र में हुई चोरी का आरोप था। चोरी का सात हजार रूपए बरामद किया गया। इसके अलावा क्षेत्र का कुख्यात टॉपटेन अपराधी दीपक बिंद उर्फ प्रधान निवासी बेलवट थाना औद्योगिक क्षेत्र जिसपर हत्या, लूट, रंगदारी समेंत कुल 19 मामले दर्ज है उसे गांजा तस्करी के आरोप में सरस्वती हाईटेक सिटी के पास से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक किलो 200 ग्रा. गांजा बरामद किया गया।

## पत्नी से झगड़े के बाद युवक ने लगाई फांसी

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** छोटी-छोटी बातों को लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर तकरार होता रहता है। जहां चार बर्तन होते हैं, वहां खटपट होती ही रहती है, लेकिन नगर पंचायत शंकरगढ़ के एक युवक ने पत्नी से हुई तकरार के बाद फांसी लगाकर जान दे दी। फांसी के फंदे से पति का शव लटकता देख पत्नी बेहोश होकर गिर पड़ी। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर शव को नीचे उतरवाया। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि युवक का शव फांसी के फंदे पर लटकता हुआ मिला है। उसे चीरघर भेजा जा रहा है। आत्महत्या का यह मामला शंकरगढ़ के बड़ा चौक, पंखा टोला मोहल्ले का है। जानकारी के मुताबिक पंखा टोला निवासी आबिद उर्फ अजहर (26) पुत्र अशरफ अली शिवराजपुर में गाड़ियों की मरम्मत की दुकान चलाता था। बताया जाता है कि आबिद का अपने घर में अक्सर पत्नी से विवाद होता रहता था। मंगलवार की सुबह भी आबिद का पत्नी से विवाद हुआ। इसके बाद आबिद गुस्से में बाहर चला गया। इसके बाद आबिद के बारे में घरवालों को कोई सूचना नहीं मिली। काफी देर होने पर जब पत्नी ने फोन लगाया तो फोन में घंटी जा रही थी, लेकिन फोन रिसीव नहीं हो रहा था। तीसरे पहर तकरीबन चार बजे पत्नी छत पर टहलने गई तो देखा कि मोहल्ले में ही एक हाता के अंदर शहतूत के पेड़ से आबिद का शव लटक रहा है। यह नजारा देख उसके पैरों तले जमीन खिसक गई।रोते हुए वह नीचे की तरफ भागी और मामले की जानकारी परिजनों को दी। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों का मजमा लग गया। उपनिरीक्षक विवेक कुमार राय ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## फर्जी केस में फंसाने के मामले में दोषी 35 पुलिस कर्मियों के खिलाफ सीबीआई जांच का आदेश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हाईवे थाना मथुरा में 35 पुलिसकर्मियों और फिरोजाबाद के रसूलपुर थाने में दर्ज प्राथमिकी की जांच सीबीआई को सौंप दी है। कोर्ट ने नौ नवंबर को सीबीआई को जांच की प्रगति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग तथा अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के निर्देश पर विशेष जांच टीम ने 35 पुलिस कर्मचारियों को याची सहित मां व भाई के खिलाफ फर्जी केस दर्ज कर फंसाने का दोषी ठहराया है। इसके बावजूद पुलिस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। उल्टे पुलिस ने शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने के हर हथकंडे अपनाए। अपहरण के फर्जी केस में कुर्की कार्रवाई की।कोर्ट ने प्रमुख सचिव गृह लखनऊ को फिरोजाबाद के रसूलपुर थाने में दर्ज अपहरण केस सहित अन्य मामले सीबीआई को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया है। फिरोजाबाद रसूलपुर केस की विवेचना कर रहे आगरा के विवेचना अधिकारी व एसएसपी आगरा को विवेचना रोक कर रिकॉर्ड तत्काल सीबीआई को सौंपने का निर्देश दिया है। याचिका की सुनवाई नौ नवंबर को होगी।यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीत कुमार तथा न्यायमूर्ति सैयद वैज मियां की खंडपीठ ने सुमित कुमार व अन्य की याचिका पर दिया है। याचिका में याची, उसकी मां व भाई के खिलाफ दर्ज अपहरण केस रद्द करने तथा इसकी सीबीआई जांच कराने की मांग की गई है। याची का कहना है कि प्रेम सिंह ने याची के भाई पर जानलेवा हमला किया। याची की मां पुलिस थाने में शिकायत लेकर गइ लेकिन प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। उल्टे याची का चालान कर दिया गया। मां माया देवी ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के निर्देश पर हाईवे थाना मथुरा में प्राथमिकी दर्ज की गई। इससे नाराज पुलिस ने याची की मां के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। इसकी शिकायत राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को की गई। आयोग के आदेश पर एसएचओ हाईवे सुरेंद्र सिंह यादव व दरोगा नेत्रपाल सिंह के खिलाफ 10अगस्त 2016 को धारा 166 ए में केस दर्ज हुआ। इसके बाद एसओजी ने 12 जनवरी 18 को उसके भाई पुनीत कुमार व याची व ऑटो ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया, जिसकी शिकायत अनुसूचित जाति जनजाति आयोग से की गई। आयोग के निर्देश पर लखनऊ मुख्यालय के एएसपी की विशेष जांच बिठाई गई। रिपोर्ट में 35 पुलिस कर्मचारियों को झूठे केस दर्ज कर झूठे साक्ष्य गढ़ने का दोषी करार दिया।जब पुलिस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई तो याची ने शिकायत की। इसके बाद फिरोजाबाद में अपहरण का केस दर्ज कराया गया। शिकायत वापस लेने का पुलिस ने दबाव बनाया। फिर शिकायत पर आईजी आगरा रेंज ने केस आगरा स्थानांतरित कर दिया। आगरा पुलिस ने याची के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की। इस पर यह याचिका दायर की गई है।

## कताई मिल आंदोलन में पहुंचे विधायक संदीप पटेल ने मजदूरों को दिया आश्वासन

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** मेजा मे कई वर्षो से बंद पड़ी कताई मिल को लेकर उसमें काम करने वाले मजदूरों ने कई बार हड़ताल, आंदोलन, धरना प्रदर्शन किया लेकिन कोई फर्क नही पड़ा। कताई मिल जर्जर अवस्था में पंहुच गई। वहीं एक माह पूर्व से कताई मिल मजदूर संघ ने कताई मिल को चालू कराए जाने को लेकर अनिश्चित कालीन आंदोलन पर बैठ गए। कताई मिल को चालू कराए जाने को लेकर आंदोलनरत मजदूरों से क्षेत्रीय नेताओं ने जाकर आश्वासन दिया कि वह शासन के पास मजदूरों की समस्याओं को पंहुचाएंगे। वहीं मंगलवार को विधायक मेजा संदीप पटेल ने कताई मिल के आंदोलनरत मजदूरों से मिलकर उनका समर्थन किया और कताई मिल को चालू कराए जाने को लेकर हरसंभव प्रयास का आश्वासन दिया। विधायक मेजा संदीप



पटेल ने कहा कि मै आंदोलनरत मजदूरों के साथ हूं और मजदूरों की समस्याओं को विधानसभा में पंहुचाने का काम करूंगा। मेजा की जनता के बीच चुनाव के समय कताई मिल के मुद्दे की बात की गई थी, मेजा की जनता ने हमको जीताकर विधानसभा भेजने का काम किया। दुर्भाग्यवश प्रदेश में हमारी सरकार नही बनी नहीं तो आज हम कताई मिल के आंदोलनरत मजदूरों को आश्वासन न देकर बल्कि उनकी आवाज को विधानसभा पहुंचा कर कताई मिल को चालू कराने का हरसंभव प्रयास करता ।विधायक ने आगे कहा कि वे उनकी समस्याओं से विधान सभा में रखेंगे और कताई मिल को पुनः चालू कराने के लिए सार्थक पहल इस मौके पर जयशंकर भारतीय रक्षा मंत्री यादव अनिल यादव रामजी यादव राम सागर यादव फतेह बहादुर सिंह सहित दर्जनो सफाई व आंदोलनरत मजदूर मौजूद रहे।

### बमबाजी की घटना के बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय के मुस्लिम हॉस्टल में ताबड़तोड़ छापेमारी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में मुस्लिम बोर्डिंग हॉस्टल में बमबाजी की घटना के बाद पुलिस ने मंगलवार दोपहर हॉस्टल पर रेड डाल दी है। हास्टल को पूरी तरह से खाली कराए जाने की योजना है। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स और पीएसी के जवान तैनात हैं। कुछ दिन पहले मुस्लिम हॉस्टल में ताबड़तोड़ बम बाजी से अफरा तफरी मच गई थी। बताया गया कि मुस्लिम हॉस्टल में रहने वाले कुछ छात्रों के ऊपर हमला करने की नियत से बाहर से बदमाश आए हुए थे उनकी हरकत सीसीटीवी में कैद हो गई थी। पुलिस आरोपियों की तलाश में ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। आशंका जाहिर की जा रही है कि हॉस्टल के आपराधिक गतिविधियों में संचालित की जा रही हैं।विश्वविद्यालय प्रशासन ने मुस्लिम बोर्डिंग हॉस्टल में जारी रेड को रुकवाया। रेड के दौरान कुछ ऐसे छात्र मिले जो विश्वविद्यालय के नियमित छात्र हैं, लेकिन उन्होंने हॉस्टल का शुल्क जमा नहीं किया था। ऐसे छात्रों को 3 दिन का समय दिया गया है और जिन छात्रों का हॉस्टल में कार्यकाल पूरा हो चुका है, उन्हें हॉस्टल छोड़कर जाने के लिए कहा गया है।



## हर बूथ पर दो सक्रिय सदस्य बनाए सभी जोन प्रभारी : नागेंद्र पटेल

**रत्योरा।** अपने अपने क्षेत्र के हर बूथ पर जोन प्रभारी दो - दो सक्रिय सदस्य बनाते हुए सक्रिय सदस्यता अभियान को सफल बनाएं। संगठन में इस समय जोन प्रभारी की अहम भूमिका है। अधिक से अधिक सदस्य बनाकर पार्टी के जनाधार को बढ़ाते हुए राष्ट्रीय अध्यक्षा कैबिनेट मंत्री अनुप्रिया पटेल के हाथों को मजबूत करें। यह बातें पूर्व सांसद अपना दल (एस) के राष्ट्रीय महासचिव सदस्यता प्रभारी प्रयागराज मंडल नागेंद्र सिंह पटेल ने कोरांव बाजार में सक्रिय सदस्य बने लोगों को सम्मानित करने के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद नागेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि यमुनापार में सक्रिय सदस्यता अभियान की प्रगति बहुत धीमी है। उन्होंने सभी कार्यकताओं व जोन प्रभारियों का आह्वान करते हुए सदस्यता अभियान में तेजी लाने की अपील की। सक्रिय सदस्य बने लोगों को सम्मानित करने से पहले राष्ट्रीय महासचिव नागेंद्र पटेल भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अपना दल के संस्थापक डॉ सोनेलाल पटेल के साथ राजनीतिक सफर से जुड़े रहे पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललन सिंह पटेल के आवास पर पहुंचकर पार्टी के पूर्व नेता होने के नाते अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया। अपना दल के पूर्व में नेता रहे ललन सिंह पटेल को सम्मानित करने के दौरान अपना दल एस के भारी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी तथा कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इसी प्रकार राष्ट्रीय महासचिव ने सदस्य बने लोगों को सम्मानित करने के दौरान उनमें आगे सदस्यता अभियान को कैसे गति दें तथा पार्टी की अन्य रणनीतियों के बारे में कार्यकताओं के अंदर जान फूंकी। राष्ट्रीय महासचिव ने



कोरांव के चार जोन प्रभारियों क्रमशः डॉ हरिश्चंद्र सिंह पटेल पश्चिमी जोन, मानिक चंद्र पटेल पूर्वी जोन अरुण पटेल दक्षिणी जोन तथा पंकज मेहता उत्तरी जोन से सदस्यता अभियान की प्रगति की जानकारी ली और कार्य में तेजी लाने की अपील की। प्रत्येक सक्रिय सदस्यों से भी सदस्य बनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय सचिव रामजी सिंह पटेल, विधानसभा अध्यक्ष संजय धनगर, युवा मंच के विधानसभा अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह उर्फ कमलाकर पटेल, श्रमिक मंच के जिलाध्यक्ष गोपाल कृष्ण सिंह, महिला मंच की विधानसभा अध्यक्ष रेशमा बानो, क्षेत्र पंचायत सदस्या कुसुम कली कोल, जिला उपाध्यक्ष लाल शास्त्री पटेल, फूल चंद्र सिंह, संजय सिंह, शिवबालक कोल, अबरार हुसैन, लक्ष्मी नारायण पाल, सम्राट राहुल मौर्य, राम नारायण मौर्य, अविनाश गौतम समेत भारी संख्या में पार्टी के कार्यकताओं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सामाजिक तानाबाना बचाने के लिए सपा का साथ जरूरी : नरेन्द्र सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाहन पर पूरे देश और खासकर उत्तर प्रदेश मे चल रहे सपा सदस्यता अभियान को?? जमुनापार मे गति देते हुए सर्वसमाज को पार्टी की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए वरिष्ठ सपा नेता निवर्तमान प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व मे मंगलवार को मेजा के दरी गांव मे समाजवादी सदस्यता कार्यक्रम हुआ जिसमें काफी संख्या मे मुसहर एवं वहेलिया समाज के लोगों ने सपा की सदस्यता लिया। सदस्यता कार्यक्रम मे उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए नरेन्द्र सिंह ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार मे देश का आम इन्सान कुण्ठित होता जा रहा है। इस सरकार मे गरीब और गरीब होता

### मेजा के दरी गांव मे चला सपा सदस्यता अभियान, मुसहर एवं वहेलिया समाज के काफी लोगों ने ली सदस्यता



जा रहा है। समाज के आखिरी पायदान पर निवास करने वाले मुसहर वनवासी बस्तियों मे आज भी सूरज की रोशनी के अलावा जीवन जीने के लिए और कोई सुविधा नहीं है। सरकारी नेतृत्व का अहंकार समाज को गर्त मे ढकेल रहा है तथा भाजपा सरकार के खोखले और थोथे मंसूबे किसानों, मजदूरों, मध्यमवर्गीय परिवारों, महिलाओं, छात्रों तथा अल्पसंख्यकों को बेबस और बेसहारा के साथ साथ बेजुबान बना रहे हैं। सपा नेता नरेन्द्र सिंह ने अपना नारा दोहराया-- हाथ बढ़ाओ सपा की ओर,आओ बचाएं लोकतंत्र की डोर और कहा कि लोकतंत्र भी बचाना है , सम्पन्न और समतामूलक समाज भी बनाना है तथा सामाजिक तानाबाना भी बचाना है। यह तभी संभव है जब समाज के सभी वर्गो के लोगों को आगे आकर सपा की सदस्यता ग्रहण करते हुए भारत के भविष्य, विकास पुरुष अखिलेश यादव को मजबूती प्रदान करें।इस मौके पर भोला पाल, हिमांशु कुमार सिंह एडवोकेट, अरविंद यादव, गनेश राना, सुरेन्द्र निषाद,कल्लू वनवासी,भरत कुमार राना, राम गरीब वनवासी, सतीश कुमार राना, रन्नो देवी, रोहित कुमार राना, भोंदू वनवासी, दीपक कुमार राना,राम जी आदिवासी, लालती देवी, सुमन वनवासी, ऊदल सहित कई लोग मौजूद रहे।

## कोर्ट के फैसले के बाद भी किसान की भूमि पर कब्जा

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** तहसील क्षेत्र का किसान अपनी लगभग 1 बीघा जमीन के सीमांकन के लिए दबंगों से मुक्त कराए जाने के लिए धारा 34 के अंतर्गत वर्षों पैरवी करने के बाद उक्त भूमि की तहसील प्रशासन पैमाइश सीमांकन के बाद किसान के पंक्ष में फैसला सुनाया लेकिन तहसील प्रशासन व पुलिस महकमे के जिम्मेदार लोगों द्वारा उक्त किसान की जमीन को दबंगों से मुक्त नहीं कराया जा सका जिसको लेकर गरीब किसान कोर्ट के फैसले के बावजूद भी तहसील थाना दिवस संपूर्ण समाधान व अन्य अधिकारियों के चौखट पर फरियाद लेकर भटकने को मजबूर हैं तहसील क्षेत्र के रामपुर उपरहार निवासी राजबहादुर पुत्र जगदंबा

### उक्त भूखंड पर जबरन कब्जा बरकरार प्रशासन कब्जा नहीं दिला सका किसान को

प्रसाद धारा 34 के तहत वाद दायर किया था जिसमें 25,9, 2021 को माननीय न्यायालय द्वारा सीमांकन कर पत्थर गड़ी करा दी गई थी जिस पर विपक्षी संजय कुमार राजेश कुमार सुरेश श्याम अरुण कुमार पुत्र गढ़ भोलानाथ विद्या शंकर पुत्र गढ़ स्वर्गीय त्रियुगीनारायण एकजुट होकर जबरन विधि विरुद्ध तरीके से सीमांकन में प्रभावित भूखंड पर आज भी उक्त भूखंड पर जबरन कब्जा बरकरार रखा है भुक्तभोगी फैसले के बावजूद भी न्यायालय के आदेश का पालन कराने के लिए अधिकारियों के चौक पर भटक रहा है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत महुली वि0 खं0 कोरांव , प्रयागराज

### निविदा

ग्राम पंचायत महुली ब्लॉक कोरांव प्रयागराज में पंचम राज्य वित्त,केन्द्रीय वित्त, चौदहवां, पंद्रहवा वित्त, वर्चुअल अकाउंट,मनरेगा द्वारा वर्ष 2022/2023 में ठोस अप्पसिस्ट,प्रवजन केंद्र,सेनिगेशन सेंटर कार्य की लागत 5,50 लाख, सामुदाइक सोखता गढ़ा,10+1 लागत 1,62 लाख,खाद गढ़ा का निर्माण 2 नग लागत 0,40 लाख, समुदाइक शोंचालय लागत 3,08 लाख,दिब्यांग शोंचालय लागत 1,76 लाख,आदि का निर्माण कार्य हेतु दिनांक 13 सितंबर 2022 से 21सितंबर 2022 तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा अधोहस्ताक्षरी के पंचायत सचिवालय भवन महुली में उपस्थित फर्मो के समक्ष दिनांक 23 सितंबर 2022 को खोला जायेगा। फर्मो का जी एस टी नंबर होना अनिवार्य होगा। निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार समिति के पास होगा। सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा।

**सशिलेंद्र सिंह**
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्रा0 पं0 महुली ,
वि0 खं0 कोरांव
प्रयागराज

**उर्मिला देवी**
(ग्राम प्रधान)
ग्रा0 पं0 महुली,
वि0 खं0 कोरांव
प्रयागराज

# स्वरुपानंद के देहावसान के बाद अविमुक्तेश्वरानंद को मिली ज्योतिषपीठ की कमान

## पट्टी तहसील के बाभनपुर गांव के मूल निवासी हैं अविमुक्तेश्वरानंद



नवनियुक्त ज्योतिषपीठ अविमुक्तेश्वरानंद।

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आठ साल की उम्र में दीक्षा लेने वाले जिले के पट्टी तहसील निवासी अविमुक्तेश्वरानंद को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सोमवार को ज्योतिषपीठ की कमान मिली है । वह जिले के पट्टी तहसील के बाभनपुर गांव के रहने वाले हैं। दो दिन पहले द्वारका शारदा और ज्योतिर्मठ बद्रीनाथ पीठ के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के निधन के बाद उनके पार्थिव शरीर के समक्ष ही यह ऐलान किया गया कि अविमुक्तेश्वरानंद ज्योतिषपीठ बद्रीनाथ के कमान संभालेंगे।

पट्टी तहसील के बाभनपुर गांव के निवासी स्वर्गीय राम सुमेर पांडे के दो बेटे गिरजा शंकर पांडे व उमा शंकर पांडे तथा छह बेटियां हैं। उमाशंकर पांचवे नंबर पर थे उनका जन्म 15 अगस्त 1969 को हुआ था। वह बचपन से ही बहुत कुशाग्र बुद्धि के थे कक्षा 6 तक की पढ़ाई गांव से ही किया। उनकी माता का नाम अनारा देवी था। राम सुमेर पांडे ने आगे की पढ़ाई के लिए उमाशंकर को बाहर भेजने का निर्णय लिया इसी बीच उनका निधन हो गया। यहां उनका संपर्क गुजरात स्थित काशी मंदिर में रहने वाले रामचैतन्य से हुआ। कई बार उनके साथ बैठकर पंडित राम सुमेर सत्संग किया करते थे। एक बार उमाशंकर को भी लेकर मंदिर पहुंचे कई दिनों तक वहां रहे। फिर बेटे उमाशंकर को राम चैतन्य के पास छोड़ दिया, यहीं रहकर उमाशंकर पूजन पाठ और पढ़ाई करने लगे। 5 साल तक पढ़ाई करने के बाद वह काशी पहुंचे। काशी में ही उमाशंकर स्वामी करपात्री महाराज जी के संपर्क में आए और उन्हीं के पास रहने लगे यही उनकी भेंट स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी से हुई इसके बाद उन्होंने संपूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय से पढ़ाई किया वर्ष 2000 में उन्होंने स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती से दीक्षा ली और उनके शिष्य बन गए फिर उमा शंकर पांडे से वह स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद बन गए।

### 108 घंटे ज्ञानवापी परिसर में किया था आमरण अनशन

**पट्टी, प्रतापगढ़।** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के ज्योतिष पीठ की कमान मिलने के बाद ग्रामवासियों में काफी हर्ष देखा जा रहा है। इसके पहले 4 जून 2022 को ज्ञानवापी परिसर में उन्होंने पूजा का ऐलान किया था और जब पुलिस प्रशासन ने उन्हें ऐसा करने के लिए रोक दिया तो वह 108 घंटे तक अनशन करते रहे और अन्न जल त्याग दिया था उसके बाद जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के कहने पर उन्होंने फिर से अन्य जल ग्रहण किया था।

### बड़े भाई और भतीजा भी हैं कथावाचक

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** स्वामी स्वरूपानंद के सानिध्य में आने के बाद उनके ही साथ सनातन धर्म के संवर्धन में लग गए। पट्टी के ब्राह्मणपुर में रह रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के बड़े भाई गिरिजा शंकर पांडेय कथावाचक हैं। गिरिजा शंकर के पुत्र जयराम पांडेय समेत अन्य भी भागवत व राम कथा कहते हैं। परिवार के लोगों ने बताया कि उमा शंकर शुरू से ही धर्मिक कार्यों में रुचि लिया करते थे। उनकी छह बहने हैं।

# तीन दिवसीय राष्ट्रीय शैक्षिक महाकुंभ 16 से शुरू



शैक्षिक महाकुंभ की तैयारी बैठक में बोलते अतिथि।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मौर्य बंधुत्व क्लब के तत्वावधान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय शैक्षिक महाकुंभ का आयोजन 16 से 18 सितम्बर को चिलबिला स्थित एक रिसार्ट में किया जाएगा। इस महाकुंभ में 23 राज्यों से लगभग तीन हजार विद्यार्थियों एवं षिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। इस महाकुंभ की तैयारी बैठक का आयोजन किया जाएगा। इसका शुभारंभ 16 सितम्बर को उप मुख्यमंत्री केषव प्रसाद मौर्य द्वारा किया जाएगा।

बैठक में राम अचल मौर्य ने बताया कि इस महाकुंभ में इसरो के वैज्ञानिकों विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में पटना के जीएस रिसर्च सेंटर के संस्थापक खान सर, सुपर-30 के संस्थापक डा0 आनंद कुमार, एलन इंस्टीट्यूट के संस्थापक ब्रजेष माहेष्वरी, लिमका बुक रिकार्ड भारत डा0 कुंवर राजीव, वरिष्ठ वैज्ञानिक सतीष पाण्डेय, मिस इण्डिया वर्ल्ड डा0 सारिका महेश भट्ट, डा0 चंद्रमौलि जोशी आदि लोग शामिल होंगे। इस महाकुंभ के बैनर तले आल इण्डिया रामानुजम मैथ क्लब द्वारा डा0 चंद्रमौली जोशी के निर्देशन में 16वें राष्ट्रीय गणित सम्मेलन का आयोजन भी किया जाएगा। महाकुंभ में राष्ट्रीय प्रतिभा निर्माण परीक्षा के सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही हाईस्कूल व इंटर के टापर विद्यार्थियों का सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, मौर्य बंधुत्व के संस्थापक राम सजीवन मौर्य बब्बू, प्रदेष अध्यक्ष इं0 राम अचल मौर्य, अनिल कुमार निलय तथा अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### 16 को आएंगे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

### मौर्य बंधुत्व क्लब के तत्वावधान में होगा आयोजन

### कोर्ट के आदेश पर आरोपियो के खिलाफ धोखाधड़ी का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोर्ट के आदेश पर दो नामजद तथा एक अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने धोखाधडी का केस दर्ज किया है। मान्धाता थाना के शेखनपुर निवासी अजय उर्फ गुडडन सिंह रायपुर तियाई स्थित फिलिंग स्टेशन के संचालक है। पीडित ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीस जुलाई को उसके फिलिंग स्टेशन पर एक टैंकर द्वारा छः हजार लीटर डीजल का चालान कटा था। टैंकर जब डीजल लेकर आया तो उसमें से सौ लीटर डीजल कम पाया गया। आरोपी टैंकर के खलासी राजेश यादव पुत्र उमाशंकर निवासी भुआर अधारगंज थाना रानीगंज तथा संजय कुमार पुत्र अज्ञात व टैंकर मालिक ने मिलकर उसके साथ धोखाधडी की। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने केस नही दर्ज किया। इससे पीडित होकर उसने कोर्ट मे फरियाद की। कोर्ट की फटकार पर पुलिस ने रविवार की रात आरोपियो के खिलाफ धोखाधडी का केस दर्ज किया है।

# कम्प्यूटर खराब होने से कामकाज ठप

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां।** विकास क्षेत्र कालाकांकर की सबसे बड़ी आबादी जनवामऊ में मिनी सचिवालय में रखा कम्प्यूटर विगत 2-3 माह से खराब पड़ा हुआ है जिसको लेकर ग्राम प्रधान परेशान नजर आ रहे हैं।

ग्राम प्रधान रामखेलावन पटेल ने बताया कि कंपयूटर के खराब होने से ग्राम सभा का कोई कार्य नही हो पा रहा है, जिसको बनवाने का प्रयास किया गया तो बन नही पाया जिससे गाँव का विकास काम काज ठप्प पड़ा हुआ है। इस बाबत जब ग्राम विकास अधिकारी जनवामऊ कालाकांकर के आफताब अहमद से संपर्क करना चाहा तो बात नही हो सकी। ऐसे में गांव का कैसे विकास होगा? यह तो अधिकारी ही बता सकते हैं। अधिक जानकारी करने पर कालाकांकर सहायक विकास अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि मुझे इसकी जानकारी नही है। ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी ने भी कोई लिखित शिकायत नहीं दिया है।

# पानी में डूबी अस्पताल की ओपीडी में, बेहाल मरीज

## जल निकासी की व्यवस्था न होने से नहर में तब्दील हुआ रास्ता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मंगलवार को हुई बारिश में मेडिकल कॉलेज का राजा प्रताप बहादुर पुरुष अस्पताल पानी से लबालब हो गया। जल निकासी की व्यवस्था न होने से बारिश का पानी ओपीडी में घुस गया जिससे मरीजों डॉक्टरों और स्टाफ को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

दवा काउंटर मेडिकल वार्ड और दवाई स्टोर के रास्ते नहर में तब्दील हो गए ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब मरीजों और उनके तीमारदारों को नारकीय की स्थिति से गुजरना पड़ा है। इसके पूर्व भी बारिश होने पर यही आलम रहा जल निकासी



जिला अस्पताल की ओपीडी के सामने हुआ जलभराव।

को लेकर अस्पताल और मेडिकल कॉलेज प्रशासन की तरफ से कोई सार्थक प्रयास नहीं हो पा रहा है जिसका खामियाजा मरीजों के साथ-साथ डॉक्टरों और कर्मचारियों को भी करना पड़ रहा है। मेडिकल कॉलेज के निर्माण के दौरान पुरानी बिल्डिंगों के मलबे से अस्पताल की नालियां चोक हो गई है। भारी ट्रकों के आने जानें से नालियों का वजूद ही खतम हो गया है। तोड़ फोड़ करने पर ऐसी नौबत आ सकती है। इसकी जानकारी अधिकारियों को पहले से ही थी। लेकिन इसका कोई विकल्प नहीं किया गया। मंगलवार की बारिश ने अस्पताल प्रशासन की कलई खोल कर रख दी। बारिश का पानी ओपीडी के रास्ते में जमा होकर नाले में तब्दील हो गया। जिससे लोगों को काफी दिक्कतें आई। पूरा अस्पताल कीचड़ से भर गया। इस बारे में मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डा आर्य देश दीपक का कहना है कि नई बिल्डिंग बन रही है। जिससे जलजमाव की स्थिति आए हैं। जल्द ही इसका निपटारा हो जायेगा। जलभराव को लेकर मोटर पम्प लगाकर दिन भर अस्पताल परिसर का पानी निकाला गया।

# आनलाइन ट्रेडिंग के विरोध में 15 को ज्ञापन सौंपेंगे व्यापारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमण्डल के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार केसरवानी के प्रतिष्ठान पर उन्हीं की अध्यक्षता में प्रदेश कार्य समिति द्वारा लिये गये निर्णय के परिप्रेक्ष्य में हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 15 सितम्बर को जिलाधिकारी द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक ज्ञापन दिया जाएगा।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश कार्य समिति की बैठक में आनलाइन ट्रेडिंग का सभी ने विरोध किया था तथा प्रदेष कार्य समिति ने प्रदेष अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल व महामंत्री रमेश चंद्र अग्रहरि सहित अन्य जिलों से आए महामंत्रियोंने सर्वसम्मति से इसका विरोध करने का निर्णय लिया था। आज की बैठक में जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार केसरवानी, रामशंकर जायसवाल, सुरेश चंद्र केसरवानी, सुनील जायसवाल, राहुल केसरवानी, मनोज सिंह, दीपक केसरवानी, आलोक केसरवानी, अख्तर राइन, सुधीर केसरवानी, स्वप्निल जायसवाल आदि पदाधिकारियों ने भाग लिया।

# क्रांतिकारी नायक यतीन्द्रनाथ दास का मना शहीद दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ।** एमएमपीजी कालेज कालाकांकर में मंगलवार को महाविद्यालय के रानी नीलिमा सभागार कक्ष में महान क्रांतिकारी यतीन्द्रनाथ दास का शहीद दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता संवर्द्धन समिति के निर्देशन में सम्पादित हुआ।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 शिवम




शहीद दिवस कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण।

श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम के संयोजक सर्वेश कुमार सिंह ने शहीद यतींद्रनाथ दास के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान पर विस्तृत चर्चा की। अपने भाषण में प्राचार्य ने विद्यार्थियों में राष्ट्रभावना को प्रेरित करते हुए उन्हें राष्ट्र का सजग प्रहरी बनने की कामना की। इस अवसर पर डॉ0 उमा सिंह, प्रो0 विनीता सिंह, प्रो प्रदीप सिंह, प्रो हवलदार सिंह, प्रो शिव भूषण, प्रो रामकरन, प्रो रेखा सिंह, डॉ ज्योति गुप्ता, सत्यप्रकाश सिंह, सूरज सिंह आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# सीओ की फटकार पर आधा दर्जन से अधिक के खिलाफ एससीएसटी का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सीओ की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक आरोपियो के खिलाफ दलित उत्पीडन व घर मे घुसकर मारपीट तथा हत्या के प्रयास व बलवा का केस दर्ज किया है। कोतवाली लालगंज के टोडरपुर निवासी रामसमुझ की पत्नी कलावती ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती आठ सितंबर को सुबह दस बजे जमीनी विवाद मे विपक्षियो ने उसे लाठी डंडे तथा लोहे की राड से मारापीटा। गांव के जीतलाल तथा चिम्मर व ननकू पुत्रगण मंहगू सरोज तथा लालचंद्र पटेल व छेदी की पत्नी विपाता तथा रायबरेली जिले के बभनपुर पण्डित का पुरवा निवासी पप्पू पाण्डेय एवं बब्लू पाण्डेय पुत्रगण कृपाशंकर जमीनी विवाद को लेकर उसे जातिसूचक गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपियो ने मारपीट शुरू कर दी। विपक्षियों ने पीडिता के घर मे घुसकर भी मारपीट करते हुए लोहे की राड से परिवार की महिला अंजना पर हमला कर दिया। इससे चोट लगने से अंजना बेहोश हो गयी। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। पीडिता ने कोतवाली मे तहरीर दी किंतु केस नही दर्ज किया गया। इसके बाद पीडिता ने सीओ से आपबीती सुनाई। सीओ की फटकार पर पुलिस ने सोमवार की रात आरोपी पप्पू पाण्डेय समेत सात के खिलाफ गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है।

# संस्कार ग्लोबल स्कूल के बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन



अपनी प्रस्तुतियां देते नन्हे-मुन्ने बच्चे।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में मंगलवार को हिन्दी के महत्व पर नन्हे-मुन्हे बच्चों की प्रस्तुतियों ने मनमोह लिया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर हिन्दी का महत्व बताया और भारतीय संस्कृति के रंगों की छटा बिखेरी। मुद्रिका श्रीवास्तव, सौम्या तिवारी, आस्वी मौर्या,अंजिका, परिधि, आन्या, सिद्धि सिंह, यशस्वी, अवंतिका, आरोही, आराध्या, अर्श, शिखर द्विवेदी, दिव्यांशु सिंह, शाम्भवी, देवांश, अंजर, अनुषा, शुभ, गीतांश आदि बच्चों द्वारा प्रस्तुत हिन्दी हिन्दुस्तान की, बढ़कर इसे सम्मान दो गीत पर नृत्य और रैंप शो आकर्षण का केन्द्र रहा। प्रिंसिपल समीना अख्तर ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उमा सिंह, नीलम तिवारी, श्वेता मिश्रा, निकिता श्रीवास्तव, गुंजन सिन्हा का विशेष योगदान रहा।

### मारपीट व गाली गलौज जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के मोगरहन का पुरवा जनवामऊ निवासी राम प्रसाद सरोज पुत्र भोलई सरोज ने पुलिस को दिए गए शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि सोमवार की देर शाम लगभग 8 बजे गाव के तीरथ, मथुरा, प्रकाश व किसन ने मामूली बात को लेकर मारा पीटा। विरोध करने पर भद्दी भद्दी गालियां दी और जान से मारने की धमकी दिया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया। सभी आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है। मुकदमा दर्ज होने की जानकारी मिलते ही आरोपियों के परिजनों में हड़कम्प मचा हुआ है।

### बच्चों की शिक्षा पर ध्यान नहीं दे रहे अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के प्राथमिक विद्यालय परियावां प्रथम में बच्चों की शिक्षा के साथ जिम्मेदार अधिकारी खिलवाड़ कर रहे है उनको बच्चों की शिक्षा से कोई मतलब नही है। अध्यापक की कमी का दंश झेल रहा उक्त विद्यालय तमाशा बन कर रह गया है। अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी एक सप्ताह बीत गए विभाग ने अभी तब 6 माह की छुट्टी पर चल रही शिक्षिका की जगह किसी दूसरे शिक्षक की नियुक्ति नही कर सका। एक अकेले प्रधानध्यापक किसी तरह बच्चो को एक साथ बैठा कर खानापूर्ति कर रहे है। जब कि शिक्षक की कमी की जानकारी खण्ड शिक्षा अधिकारी कालाकांकर सियाराम को है लेकिन असहाय नजर आ रहे हैं ऐसे में बच्चों की शिक्षा के साथ विभाग खिलवाड़ कर रहा है, जो सोचने वाली बात है।

### आज विविध कार्यक्रमों मे शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी आज बुधवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर आयेगे। श्री तिवारी अपरान्ह तीन बजे रामपुर संग्रामगढ़ के कटरा मातादीन संपर्क मार्ग (पुरवारा) के लोकार्पण समारोह मे भाग लेगे। इसके पूर्व वह सेमरा, अठेहा, भदारी कला, खपराही, भकरा आदि स्थानों पर कार्यक्रमों मे शामिल होगे। सांसद प्रमोद तिवारी रात्रि विश्राम संग्रामगढ़ करेगे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जारी विज्ञप्ति मे दी है।

# एएसपी के निर्देश पर दो आरोपियो के खिलाफ मारपीट व तोडफोड का मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने एएसपी के निर्देश पर दो आरोपियो के खिलाफ जमीन के पैसे के लेनदेन के मामले को लेकर सोमवार की रात केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के इदिलपुर निवासी रामकृपाल के पुत्र दिलीप दुबे ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसने आरोपी ज्ञानकुमार दुबे को जमीन विक्रय किया था। इसे लेकर उसका कुछ पैसा बाकी चला आ रहा है। शेष धनराशि मांगने के लिए जब वह बीती बारह सितंबर को सुबह दस बजे सांगीपुर लालगंज के आरोपी ज्ञानकुमाार के घर गया तो वहां आरोपी के पुत्र रोहित दुबे ने उस पर तमंचा तान दिया। इसके बाद रोहित व ज्ञानकुमार पुत्र रामविशाल ने गाली देते हुए उसे मारापीटा। आरोपियो द्वारा मारपीट की घटना मे पीडित का वाहन भी क्षतिग्रस्त कर दिया। शोर मचाने पर आरोपियो ने पीडित को गाली देते हुए जानलेवा धमकी भी दी। पीडित ने कई बार थाने मे आपबीती सुनाई। पुलिस ने कार्रवाई नही की तो उसने जिले के एएसपी पश्चिमी रोहित मिश्र से मिलकर आपबीती बताया। एएसपी ने कोतवाली पुलिस को घटना के बाबत एफआईआर दर्ज करने के कडे निर्देश दिये । तब सोमवार को लालगंज पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### एसपी की फटकार पर चार के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एसपी की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा मारपीट व धमकी का केस सोमवार की रात दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के भटपुरवा झाली निवासिनी पूनम शर्मा पत्नी राजकुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती चैदह अगस्त को गांव के रामगोपाल के पुत्र रामप्यारे तथा गुलाबा की पुत्री इंद्रावती, इंद्रावती की पुत्री प्रीती, राजेश की पत्नी सीता ने जमीनी विवाद को लेकर उसके घर हमला बोल दिया। आरोपियो ने पीडिता को गाली देते हुए लाठी डंडे से जमकर मारापीटा। हमले मे पीडिता को गंभीर चोट लग गयी। इससे वह बेहोश हो गयी। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। पीडिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौपी है।

### तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट व गालीगलौज की घटना में तीन आरोपियो के खिलाफ रविवार की रात केस दर्ज किया है। कोतवाली के मगई का पुरवा ढिगवस निवासी रामबरन की पत्नी सुषमा यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती पांच नवंबर को गांव के सोनू, विपिन, मनोज पुत्रगण रामजस दुबे ने खेत मे मवेशी चरने के विवाद को लेकर उसे लाठी डंडे से मारापीटा।

### विद्यालय में चोरी, दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्राथमिक विद्यालय में चोरी की घटना न थमने से अभिवावकों तथा शिक्षको मे आक्रोश पनप उठा है। कोतवाली लालगंज के प्राथमिक विद्यालय रामपुर बावली कम्पोजिट में बीती सोमवार की रात चोरों ने दीवार काटकर चोरी की घटना अंजाम दी। चोर विद्यालय के कक्ष में लगे पंखे आदि चोरी कर ले गये। मंगलवार की सुबह विद्यालय खुलने पर चोरी की घटना देख शिक्षक आवाक रह गये। प्रधानाध्यापक आनन्द सिंह ने मंगलवार को पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। विद्यालय मे तीसरी बार चोरी की घटना से स्थानीय अभिवावको तथा शिक्षको को आक्रोशित भी देखा गया। शिक्षको का कहना है कि पुलिस द्वारा पिछली दो घटनाओं का खुलासा न होने से बदमाशों का मनोबल बढ़ा हुआ है। कोतवाली पुलिस का कहना है तहरीर मिली है, जांच कर शीघ्र घटना का खुलासा किया जाएगा।

### ब्राह्मणों पर अभद्र टिप्पणी पर जिलाध्यक्ष ने थाने में की शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** ब्राह्मण समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने तथा कोविड-19 नियमों का उल्लंघन करने से नाराज अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के जिलाअध्यक्ष विंदेश्वरी प्रसाद पाठक ने पट्टी कोतवाली में एक शिकायती पत्र दिया है, जिसमें उन्होंने बताया कि बीते 11 सितंबर को शाम 7 बजे रानीगंज के सराय सुल्तानी गांव में आयोजित एक सभा में एक व्यक्ति ने धमकी देते हुए ब्राह्मण बिरादरी पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए सामाजिक सौहार्द खराब करने का कार्य किया है और कोविड-19 नियमों का उल्लंघन किया है।

## खबर संक्षेप

### चर्चा में रहता है नारा चौकी का पल्सर सवार सिपाही!

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी नारा का एक सिपाही लगातार चर्चा में रहता है पल्सर मोटरसाइकिल लेकर क्षेत्र में घूमना और लोगों से वसूली करने के मामले में अक्सर उक्त सिपाही की चर्चा होती है इलाके के कई गांव में शराब की अवैध भट्ठियां बेखौफ तरीके से संचालित होती है जिन पर कार्यवाही होती नहीं दिख रही है चर्चा में रहने वाला यह सिपाही चौकी इंचार्ज का कार खास बताया जाता है चौकी पहुंचने वाले फरियादियों से रौब गांठकर ऊल जलूल अभद्रता पूर्ण बात करने के मामले में भी पल्सर सवार चर्चित उक्त सिपाही की चर्चा होती रहती है यहां तक कि फरियादियों को न्याय देने के नाम पर धनादोहन करना भी उक्त सिपाही के कारनामों में शामिल है इलाके के लोगों ने चर्चित सिपाही के कारनामे की जांच कराए जाने और कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग पुलिस अधिकारियों से की है।

# 5 वर्षों से गांव में विकास न होने से भड़के ग्रामीण

## खंड विकास अधिकारी कार्यालय मूरतगंज में धरना प्रदर्शन कर समस्या समाधान करने की उठाई मांग

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मूरतगंज विकासखंड क्षेत्र के बसावन पुर गांव में सरकार की योजनाएं ना पहुंच पाने से ग्रामीण आक्रोशित हो गए और मंगलवार को लामबंद ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय मूरतगंज में धरना प्रदर्शन कर गांव की समस्याओं के समाधान की मांग की ग्रामीणों का कहना है कि पहले बसावन पुर गांव धन्नी ग्राम पंचायत का हिस्सा था लेकिन बाद में बसावन पुर गांव को अलग कर दिया गया है गांव में जल निकासी के लिए नाली की समस्या पानी पीने के लिए हैंडपंप की समस्या गांव की गली में खड़ंजा की समस्या विकराल रूप बनाए हुए हैं ग्रामीणों का कहना है कि गरीबों को प्रधानमंत्री आवास के लाभ सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ बीते 5 वर्षों



समस्याओं को लेकर बीडीओ कार्यालय में प्रदर्शन करते ग्रामीण

से गांव के लोगो को नहीं मिल सका है ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार मांग किए जाने के बाद भी गांव की समस्या का समाधान नहीं हुआ है जिस पर आक्रोशित ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय मूरतगंज में धरना प्रदर्शन कर पत्र देकर समस्या के समाधान की मांग की है इस दौरान दिनेश कुमार श्यामू नन्हेलाल सुनील कुमार राम नरेश राम कैलाश ज्ञान सिंह लालचंद विजय कुमार सुजीत कुमार धर्मपाल प्रताप राजेंद्र कुमार शिवदास मानसिंह सहित तमाम महिला पुरुषों ने अधिकारियों को पत्र देकर बसावन पुर गांव की समस्या के समाधान की मांग की है।

## एक सप्ताह पूर्व युवक ने लगाई थी फांसी इलाज के दौरान हुई मौत

**भरवारी कौशांबी।** कोखराज थाना अंतर्गत भरवारी पुलिस चौकी क्षेत्र के गौरा रोड निवासी राजा बाबू उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र बिशेशेवर साहू ने किसी वजह से 4 सितंबर को फंदा लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था परिजनों ने उसे फंदे से उतारकर मंझनपुर कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान 8 दिनों बाद युवक की मौत हो गई है युवक की मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है बताया जाता है कि युवक की शादी 2 वर्ष पूर्व फतेहपुर जनपद में हुई थी दंपत्ति के बीच एक पुत्री ने जन्म लिया है4 सितंबर को युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने के वक्त परिवार के लोगो को जैसे ही घटना की जानकारी हुई परिवार के लोगों ने उसे फंदे से उतारकर बचा लिया था और गंभीर अवस्था में उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया था हालत नाजुक होते देख युवक को मंझनपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था इलाज के दौरान निजी अस्पताल में युवक की मौत हो गई है युवक की मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है किसकी प्रताड़ना से प्रताड़ित होकर के युवक ने आत्महत्या का प्रयास किया था यह चर्चा का विषय है।

## ग्राम प्रधान सहित पांच पंचायत सचिव पर शौचालय निर्माण की रकम हड़पे जाने का लगा आरोप

### एलई बक्सीपार गांव में शौचालय निर्माण में घोटाले पर 5 सितंबर को दोषियों को जारी हुई थी नोटिस

**कौशाम्बी।** सरसावा विकासखंड क्षेत्र के एलई बकसीपार गांव में शौचालय निर्माण में बड़ा घोटाला उजागर हुआ है ग्राम प्रधान समेत पांच पंचायत सचिवों पर जांच अधिकारी ने शौचालय निर्माण में घोटाले की जांच रिपोर्ट 16 अगस्त को जिला पंचायत राज अधिकारी को सौंपी है जांच रिपोर्ट मिलने के बाद 5 सितंबर को जिला पंचायत राज अधिकारी ने दोषी पांच पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में जवाब मांगा है लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद दोषियों पर कार्यवाही नहीं हुई है। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक एलई बकसीपार गांव में 465 शौचालय निर्माण के लिए 55 लाख 80 हजार रुपए की रकम ग्राम पंचायत निधि के खाते में भेजी गई थी लेकिन आधे अधूरे शौचालय निर्माण कराकर 5 पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान ने सरकारी खजाने से रकम निकाल ली है लेकिन तमाम शौचालय निर्माण नहीं पूर्ण हो सके हैं जांच अधिकारियों ने 16 अगस्त को शौचालय निर्माण में घोटाले की रिपोर्ट जिला पंचायत राज अधिकारी को सौंपी है जांच रिपोर्ट मिलने के 20 दिन बाद जिला पंचायत राज अधिकारी ने 5 सितंबर को ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव विष्णु कुमार शुक्ला पंचायत सचिव रविकांत सिंह पंचायत सचिव निखिल सिंह पंचायत सचिव सुरेंद्र कुमार पंचायत सचिव दिनेश सिंह को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में जवाब मांगा है लेकिन नोटिस जारी होने के बाद एक सप्ताह का समय बीत जाने के बाद अभी तक शौचालय निर्माण में हेराफेरी कर घोटाला किए जाने के मामले में दोषियों पर मुकदमा दर्ज कराया जाना उनका निलंबन कराया जाना घोटाले की रकम रिकवरी कराया जाना उनकी गिरफ्तारी कराए जाने की कार्यवाही नहीं हो सकी है शौचालय निर्माण की भारी-भरकम रकम में जांच के दौरान 27 दिनों पूर्व घोटाले की पुष्टि होने के बाद मामले पर दोषियों पर कार्यवाही ना होना तमाम सवाल खड़ा कर रहा है।

# मधुवाचस्पति ला कालेज में बीएसएफ के जवानों ने नवयुवकों को किया जागरूक

## 01 सितम्बर को शिलांग से लेकर नई दिल्ली तक मोटर साईकिल रैली महानिदेशक पंकज कुमार सिंह आई पी एस के नेतृत्व में कराया जा रहा है

**अखंड भारत संदेश**

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज क्षेत्र के एम वी आर ला कालेज में बी एस एफ के जांबाज टीम सीमा भवानी के द्वारा मोटर साईकिल रैली के माध्यम से स्कूली छात्रों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया है बीएसएफ टीम की अगुवाई यातायात प्रभारी राकेश कुमार चौरसिया अपनी टीम के साथ कर रहे थे। भारत स्वाधीनता की 75 वी वर्षगांठ आजादी का अमृत महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में 15 अगस्त 2021 से देश के विभिन्न शहरों में सीमा सुरक्षा बल की टीम भ्रमण कर नवयुवको को जागरूक कर रही है बीएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि टीम 01 सितम्बर को शिलांग से लेकर नई दिल्ली तक मोटर साईकिल रैली का कार्यक्रम महानिदेशक पंकज कुमार सिंह आई पी एस के नेतृत्व में कराया जा रहा है। मोटरसाइकिल रैली की अगुवाई इंद्रजीत




सिंह राणा आई जी शिलांग कर रहे है साथ में संजय कुमार शर्मा कमान्डेण्ट 172 वी द्वारा आयोजित किया गया हैं नवयुवको को जागरूक करने वाले अधिकारियों द्वारा बताया गया कि बीएसएफ की टीम ने अपने नाम 29 विश्व कीर्ति मान निरिक्षक अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में हासिल किया है सीमा भवानी देश की पहली महिला मोटर साईकिल टीम है जो 26 जनवरी परेड व 15 अगस्त गणतन्त्र दिवस में वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा ने जांबाज टीम को अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी पहचान मिली है टीम कैप्टन विश्वजीत भाटिया ,रैली की अगुवाई करेंगे,साथ मे दोनों भाई टीम कैप्टन अवधेश कुमार सिंह,व विश्वजीत भाटिया भी इस अमृत महोत्सव में भाग ले रहे हैं इस रैली के माध्यम से देश के नवयुवकों को इस रैली से देश की रक्षा के लिए जागरूक किया जा रहा है इस रैली में 17 महिला सीमा प्रहरी,व 17 पुरुष सीमा प्रहरी अति दुर्गम क्षेत्र मेघालय की पहाड़ी वादियों से होते हुए सात राज्यों को एक माला में पिरोते हुए देश भक्ति का सन्देश स्कूलों कालेज,एन सी सी व अन्य संस्थानों के बच्चों व जनता को जागरूक करने व देश की रक्षा के लिए अर्ध सैनिक बलों व सेना में आने के लिए प्रेरित कर रही है देश की सरहद की सुरक्षा के लिए देश व विश्व का सबसे बड़ा सीमा रक्षक बल हैं यह भारत की 6385.36 किलोमीटर अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा करती हैं।

## जुलाई माह का 14 सितंबर से मिलेगा निशुल्क खाद्यान्न

**कौशाम्बी।** जिलापूर्ति अधिकारी ने जनपद के समस्त कार्डधारकों को सूचित किया है कि माह जुलाई 2022 के सापेक्ष वितरित किये जाने वाले प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत खाद्यान्न का वितरण 14 सितम्बर 2022 से 20 सितम्बर 2022 तक किया जाना है। योजना के अन्तर्गत प्रत्येक अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक को प्रति यूनिट 05 किग्रा चावल निःशुल्क वितरित किया जाएगा, वितरण को पारदर्शी बनाने के लिए प्रत्येक उचित दर दुकान पर नोडल अधिकारियों की तैनाती की गयी है। ई-पॉस मशीनों से वितरण प्रत्येक दिवस प्रातः 06 बजे से रात्रि 09 बजे तक किया जायेंगा उन्होंने बताया कि यदि किसी भी कार्डधारक को राशन प्राप्त करने में असुविधा होती है तो इसके लिए सम्बन्धित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी पूर्ति निरीक्षक से सम्पर्क कर सकतें है। वितरण से सम्बन्धित किसी भी समस्या के समाधान हेतु-जिला पूर्ति अधिकारी कौशाम्बी के मोबाइल नम्बर 7839564632, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मंझनपुर चायल के मोबाइल नंबर 7355395814, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सिराथू के मोबाइल नंबर 7007172381, पूर्ति निरीक्षक चायल नेवादा के मोबाइल नंबर 9451572412, पूर्ति निरीक्षक सरसवां के मोबाइल नंबर 9473957809, पूर्ति निरीक्षक कौशाम्बी के मोबाइल नंबर 9473525538, पूर्ति निरीक्षक कडा के मोबाइल नंबर 9161131301 पर कार्ड धारक सम्पर्क कर सकते है।

# पुलिस अधीक्षक ने किया नवनिर्मित कोतवाली भवन का निरीक्षण


मंझनपुर कोतवाली के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण करते एसपी साथ मे मौजूद एएसपी सीओ

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर में कोतवाली का नया भवन का निर्माण हो रहा है नवनिर्मित भवन का पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने मंगलवार की दोपहर निरीक्षण किया है निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कोतवाली का भवन गुणवत्तापूर्ण बनाया जाए भवन निर्माण में जहां खामियां दिखाई पड़ी उन्होंने ठेकेदार और इंजीनियर को बुलाकर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना मंझनपुर के निमार्णाधीन भवन का चप्पे चप्पे का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने ठेकेदार और इंजीनियर से वार्ता कर कहा कि समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण पुलिस भवन का निर्माण कराया जाए उन्होंने कहा कि भवन निर्माण में किसी प्रकार की खामियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर क्षेत्राधिकारी मंझनपुर योगेंद्र कृष्ण सिंह क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षणाधीन अभिषेक सिंह कोतवाल विनोद कुमार सिंह मौजूद रहे

# श्रीमद्भागवत कथा सुनने उमड़ रही भीड़

## प्रभु श्री कृष्ण के जन्म पर आचार्य कथावाचक वासुदेव प्रपन्नाचार्य ने विस्तार से की चर्चा

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** वृद्धजन आश्रम ओसा में महिला जागृत एवं उत्थान संस्थान द्वारा 9 सितंबर से भागवत कथा का आयोजन कथावाचक आचार्य वासुदेव प्रपन्नाचार्य द्वारा प्रतिदिन किया जा रहा है भागवत कथा सुनने के लिए प्रतिदिन भक्तों की भीड़ उमड़ रही है सोमवार के दिन कथावाचक बासुदेव प्रपन्नाचार्य ने सती प्रसंग की चर्चा करते हुए कहा कि सती महारानी अपने पिता द्वारा अपने पति भोले शंकर का अपमान को सहन नहीं कर सकी और पिता के अपमान से आहत होकर सती ने अपने प्राण को योग अग्नि में जलाकर नष्ट कर दिया कथावाचक ने कहा कि इसलिए किसी का अपमान नहीं करना चाहिए उसके बाद भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा का व्याख्यान कथावाचक ने किया है जिसमें यमुना के बढ़े जल पर कैसे यशोदा जी श्री कृष्ण को



भगवत कथा का प्रवचन करते कथा वाचक वासुदेव प्रपन्नाचार्य

लेकर यमुना नदी पार कर बाबा नंद के घर पहुंचे हैं कैसे जेल के फाटक खुल गए इस पर कथावाचक ने प्रभु श्री कृष्ण के जन्म पर विस्तार से चर्चा की है भागवत कथा के आयोजन में तमाम महिला पुरषो की प्रतिदिन कथा सुनने के लिए उमड़ रही है भागवत कथा का प्रवचन विद्वान पंडित कथावाचक आचार्य वासुदेव महाराज प्रसन्नाचार्य द्वारा प्रतिदिन दोपहर बाद से देर रात तक किया जाता है भागवत कथा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण होता है कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाचार्य ज्ञान प्रकाश दुबे नीरज मिश्रा आलोक राय रमेश चंद्र मिश्रा मोनू दुबे उत्तम मिश्रा कार्यक्रम की आयोजक अंजना मिश्रा परिवार सहित प्रतिदिन भागवत कथा सुनने के लिए उपस्थित हो रहे हैं भगवान वासुदेव की कथा सुनने के लिए क्षेत्र के सैकड़ों महिला-पुरुष भक्तों की कथा स्थल पर भीड़ उमड़ रही है।

## आखिर पुलिस महानिदेशक लखनऊ के नाम सुनते ही क्यों उत्तेजित हो जाते हैं सीओ मंझनपुर

### अनुशासन का पाठ पढ़ाए जाने वाले पुलिस महकमे में डीजीपी के नाम से सीओ को इतनी चिढ़ क्यों

**कौशाम्बी।** पुलिस महकमे में अपने शीर्ष अफसरों का सम्मान कराए जाने का पाठ पाया जाता है लेकिन मंझनपुर क्षेत्राधिकारी अपने अफसरों का नाम सुनते ही भड़क जाते हैं और भला बुरा कहने लगते हैं इन दिनों यही हाल मंझनपुर क्षेत्राधिकारी का है जैसे ही उनके सामने डीजीपी का नाम आता है मंझनपुर सीओ का पारा गर्म हो जाता है और वह इतनी तेज उत्तेजित हो जाते हैं कि गलत ना होने के बाद भी सामने वाला चुप रहने को विवश बजा जाते हैं अनुशासन का पाठ पढ़ाने वाले पुलिस विभाग में अचानक यह बदलाव क्यों दिखाई पड़ रहा है छोटी-छोटी बातों में अपने बड़े अधिकारियों के नाम सुनते ही नीचे के अधिकारी उत्तेजित हो जाते हैं पुलिस विभाग में अब यह कैसी अनुशासनहीनता है इसकी चर्चा जन-जन की जुबान में हो रही है।

# श्री रामलीला समिति मनौरी की प्रशासन के साथ बैठक संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**मनौरी कौशाम्बी।** श्री रामलीला समिति मनौरी बाजार द्वारा इस बार 5, 6, 7 अक्टूबर को होने वाले दशहरे के उपलक्ष्य में श्री छोटेलाल वाटिका में सोमवार को समिति के पदाधिकारियों के साथ प्रशासन की एक अहम बैठक हुई जिसमें विद्युत विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग,पुलिस प्रशासन आदि से हर पहलुओं पर विशेष चर्चा हुई। मेला समिति के अध्यक्ष कुबेर चंद्र केसरवानी व मेला प्रबंधक उमेश कुमार उर्फ दीपू केसरवानी ने दशहरे में हो रही विद्युत व सड़क की परेशानियों को सभी लोगो को अवगत कराया। रामलीला समिति के संरक्षक व पूर्व अध्यक्ष शंभू लाल केसरवानी,राधे श्याम केसरवानी,जगदीश चंद्र केसरवानी ने पुलिस प्रशासन से मिल रही सुविधा को पिपरी थानाध्यक्ष श्रवण कुमार ,पूरामुफ्ती थानाध्यक्ष प्रतिनिधि अमित गुप्ता को अवगत कराया। मनौरी बाजार का यह ऐतिहासिक मेला

### दशहरे पर 24 घंटे लाइट देने और वन वे रोड पूर्ण कराने का अधिकारियों ने दिया आश्वासन

### थानाध्यक्ष पिपरी ने कहा कि पूर्व की भांति इस बार भी मेला शांति पूर्वक संपन्न कराएंगे

सैकड़ों साल से होता चला आ रहा है और निरन्तर हो रहा है इस बार मेले में चौदह भव्य कलात्मक चौकियां निकाली जाएगी और दशहरे के दूसरे दिन यानि 6 अक्टूबर को भगवान श्री राम का दल बड़ी भव्यता के साथ निकलेगा जो पूरे नगर में भ्रमण करेगा। बैठक में मुख्यरूप से पिपरी थानाध्यक्ष श्रवण कुमार,पूरामुफ्ती थानाध्यक्ष प्रतिनिधि अमित गुप्ता,चायल चौकी इंचार्ज अयोध्या कुमार, पीडब्ल्यूडी जे ई उमेश कुमार, मनौरी पावर हाउस जे ई बलवंत राम भारती, जे ई हरेंद्र राम, मनौरी व्यापार मण्डल अध्यक्ष सुधीर कुमार,नरोत्तम दास केसरवानी, मेला समिति के मनोज केसरवानी उपाध्यक्ष, रतन केसरवानी उपाध्यक्ष, प्रदीप कुमार


दशहरा मेला सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर थाने में उपस्थित संभ्रांत लोग

कोषाध्यक्ष, सब्बर अली, प्रमोद कुमार केसरवानी,अरुण कुमार नीलू,अवधेश कुमार, धीरेंद्र कुमार, गिरीश चंद्र गुप्ता आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### आईटीआई में 17 सितंबर तक छात्र ले सकते हैं प्रवेश

**कौशाम्बी।** राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य केके राम ने बताया कि राजकीय व निजी आईटीआई में तृतीय चरण में प्रवेश की सूची परिषद द्वारा जारी कर दी गयी है समस्त ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने राजकीय व निजी आईटीआई में तृतीय चरण में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराया था वह अपना परीक्षाफल देखकर सम्बन्धित संस्थान में 17 सितम्बर 2022 तक प्रवेश लें सकतें हैं प्रवेश प्रक्रिया अवकाश के दिनों में भी जारी रहेंगी। उन्होंने बताया कि 17 सितम्बर 2022 के पश्चात प्रवेश लिया जाना सम्भव नहीं होगा।

### दलित बालिका के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**कौशांबी।** कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के रामपुर बढनावा गांव की दलित बालिका सरिता के साथ 06 सितम्बर को दबंग ने गाली गलौज कर मारपीट किया था पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी मामले में कड़ा धाम कोतवाली पुलिस ने आरोपी सुग्गा पुत्र देवशरण मिश्रा के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कौशांबी जनपद को सूखाग्रस्त घोषित कर राजस्व वसूली रोकी जाए : अजय सोनी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी की एक बैठक रविवार को जिला मुख्यालय मंझनपुर के एक निजी गेस्ट हाउस में हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सोनी ने की। बैठक में पार्टी के जिले भर के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में बिजली, पानी, सुखे एवं आवारा पशुओं का मुद्दा छाया रहा। बैठक में कई निमार्णाधीन गौशालाओं के निर्माण में हो रही हीलाहवाली का भी लोगों ने मुद्दा उठाया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए अजय सोनी ने कहा कि जनपद कौशांबी की नहरों में पानी नहीं आ रहा और बिजली कटौती एवं आवारा पशुओं से किसान परेशान है। आगे कहा कि पूरा जनपद सूखे की चपेट में है और शासन कौशांबी जनपद को सूखाग्रस्त घोषित नहीं कर रहा है। इसी के साथ अजय सोनी ने प्रदेश शासन से तत्काल राजस्व वसूली रोकने एवं जनपद कौशांबी को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की। साथ ही निमार्णाधीन गौशालाओं का निर्माण जल्द पूरा कराकर चालू कराए जाने की सरकार से मांग की अन्यथा समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में जिला मुख्यालय मंझनपुर में धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया। बैठक में प्रधान प्रतिनिधि अनेठा कामता पाल समेत कई लोगों ने समर्थ किसान पार्टी की सदस्यता

### बिजली, पानी, सुखे एवं आवारा पशुओं की समस्या को लेकर सकिपा का सड़क पर उतरने का ऐलान

### प्रधान प्रतिनिधि समेत कई लोगों ने ली समर्थ किसान पार्टी की सदस्यता



ग्रहण की। पार्टी अध्यक्ष अजय सोनी ने माला पहनाकर एवं लड्डू खिलाकर पार्टी की उन्हें सदस्यता कराई और पार्टी में शामिल किया। इस अवसर पर पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमचन्द्र केसरवानी, जिलाध्यक्ष जयलाल चौधरी, उपाध्यक्ष सुरजीत वर्मा, महासचिव शैलेंद्र मैश्रा, प्रभारी बंसल यादव, प्रवक्ता अरुण यादव, जिला सचिव परिहार लोधी, जिला सचिव ज्ञानेंद्र मिश्रा, पूर्व प्रत्याशी सिराथू विधानसभा विजय शुक्ला समेत अनंत राम द्विवेदी, संजय द्विवेदी, शिव सिंह, राकेश चौधरी, कल्याण सिंह, आर डी शुक्ला, जवाहर लाल पटेल, धर्मेंद्र दिवाकर, डॉक्टर अवधेश कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

## अभिलेखों में हेराफेरी कर स्कूल के जमीन में प्लाटिंग शुरू

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के ओसा चौराहे पर स्थित दुर्गा देवी इंटर कॉलेज की जमीन में प्लाटिंग करके जमीन बेचने का खेल बड़ी तेजी से शुरू है स्कूल कॉलेज की जमीन कैसे भू माफियाओं तक पहुंची यह एक जांच का विषय है लेकिन बीते एक महीने से भूमाफिया स्कूल की जमीन को समतल कर प्लाट बनाकर बेचने के लिए तैयार बैठे हैं स्कूल की जमीन खरीदने के लिए खरीददार भी पहुंच रहे हैं जिससे स्कूल की जमीन का भविष्य संकट में खड़ा है लेकिन अभी तक स्कूल की जमीन बचाने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य और प्रबंध तंत्र ने प्रयास शुरू नहीं किया है। बताया जाता है कि 7 दशक पूर्व दुर्गा देवी स्कूल की स्थापना श्री दुर्गा देवी अग्रवाल द्वारा कराई गई थी करोड़ों कीमत की जमीन पर 15 वर्ष पहले भू माफियाओं की नजर लग गई और अभिलेखों में हेराफेरी कर प्रबंधतंत्र द्वारा गलत तरीके से काबिज होकर जमीन पर कब्जा कर अकूत संपत्ति अर्जित करने की प्लानिंग बनाई जाने लगी धीरे धीरे स्कूल की जमीन बेचना शुरू कर दिया गया सूत्रों की मानें तो प्रबंध तंत्र भी स्कूल की जमीन बेचने में अप्रत्यक्ष रूप से शामिल है दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा की जमीन पर प्लॉट बनाकर बेचने के मामले में क्षेत्र की जनता ने प्रदेश की योगी सरकार से जांच कराए जाने की मांग की है पर्दे की आड़ में कथित भाजपा नेता भी भू माफियाओं को संरक्षण दे रहे हैं जिससे स्कूल की जमीन सुरक्षित नहीं दिखाई पड़ रही है करोड़ों कीमत की स्कूल की जमीन के अभिलेखों में हेराफेरी कर जमीन बेचे जाने के मामले की सूबे की योगी सरकार ने जांच कराई तो कई बड़े चेहरे बेनकाब होंगे।

# मंझनपुर सर्किल क्षेत्र में बेखौफ तरीके से बिक रहा गाँजा!

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर सर्किल क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक स्थानों पर माफियाओं के संरक्षण में बेखौफ तरीके से गांजे का कारोबार हो रहा है गांजे के अवैध कारोबार में लगे माफियाओं से कारखास सिपाही प्रत्येक महीने वसूली कर उन्हें बढ़ावा दे रहे हैं।

मंझनपुर पश्चिम शरीरा करारी म्योहर पिंडरा चौराहा गुबारा महेवाघाट हिनौता चम्पाहा विजया कौशांबी खास समदा ओसा कादीपुर सेलरहा नारा टेवा कुम्हियावा बौरागीपुर महावा अषाढा दीवर कोतारी सहित दर्जनों स्थानों पर बेखौफ तरीके से गांजे का कारोबार माफिया कर रहे हैं थाना और चौकी पुलिस माफियाओं से वसूली में लिप्त है जिससे गांजा के अवैध धंधे नहीं बंद हो सके लेकिन मंझनपुर क्षेत्राधिकारी भी गांजे के अवैध कारोबार पर रोक नही लगा सके बेखौफ तरीके से दर्जनों स्थानों पर खुलेआम बिक रहे गाँजा के कारोबारियों माफियाओं पर

### गांजा माफियाओं से लाखों रुपए महीने की वसूली कर रहे है कारखास सिपाही, संगठित अपराध पर रोक लगाए जाने के डीजीपी के निर्देश के वर्षों बाद भी क्षेत्राधिकारी मंझनपुर नहीं बंद करा सके संगठित अपराध

वर्षो बीत जाने के बाद भी मंझनपुर सर्किल अफसर कार्यवाही नहीं कर सके हैं जबकि डीजीपी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि संगठित अपराध पर रोक लगाई जाए और जिस सर्किल क्षेत्र में संगठित अपराध की शिकायत मिलेगी उस सर्किल के अफसर पर कठोर कार्रवाई होगी लेकिन फिर भी मंझनपुर क्षेत्राधिकारी गांजे के अवैध कारोबारियों पर लगाम नहीं लगा सके हैं लोगों ने सूबे के मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मंझनपुर सर्किल क्षेत्र में अवैध तरीके से बिक रहे गांजे के कारोबारियों पर रोक लगाए जाने की मांग के साथ-साथ पुलिस की गतिविधियों की जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## संपादकीय

# गौरव एवं स्वाभिमान की भाषा हिंदी

**देश** की स्वतंत्रता के 75 साल गुजर जाने के बाद भी हिंदी भाषा को अभी तक राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं दिया गया है। पर यह सत्य है कि हिंदी को राष्ट्रभाषा होने का स्वमेव गौरव प्राप्त है वैश्विक स्तर पर हिंदी का परिचय लहरा रहा है और हिंदी को किसी मान्यता प्राप्त होने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है किंतु औपचारिक रूप से सरकार को चाहिए हिंदी को राष्ट्रभाषा का उसका अपना गौरव प्रदान करें। राष्ट्रभाषा बनने के साथ-साथ इतनी समृद्ध शाली, ऐतिहासिक हिंदी भाषा को कम से कम देश के हर प्रांत को एकता के सूत्र में बांधने वाली जन भाषा होनी ही चाहिए। अलग-अलग प्रदेशों कि स्थानीय मूल बोलियों, भाषाओं का हम कतई विरोध नहीं करते पर हिंदी को भारत में कम से कम सर्वोच्च सम्मान देकर राष्ट्रभाषा होने का गौरव हासिल होना ही चाहिए साथ ही स्थानीय भाषाओं से ऊपर हिंदी को जन भाषा का यथोचित सम्मान प्राप्त होना हो। यह अलग बात है कि भारत देश में अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती है और स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने 22 भाषाओं को संवैधानिक रूप से मान्यता प्रदान की है, पर हमारी हिंदी सर्वाधिक बोली जाने वाली तथा लिखी जाने वाली भाषा है। देश में हिंदी बोलने तथा पढ़ने वालों की संख्या लगभग 65 से 70 करोड़ है, यह भाषा की बहुलता ,विविधता ही है जिसके कारण भाषाई विवाद की स्थिति उभरी है, और सर्वाधिक नुकसान हिंदी को उठाना पड़ा है। वर्ष 2008 में विश्व हिंदी सम्मेलन न्यूयॉर्क (अमेरिका) में भारतीय साहित्यकारों, कवियों को चिंतकों ,प्रोफेसर, चिंतकों, पत्रकारों ने बड़े जोर शोर से संयुक्त राष्ट्र संघ की अधिकारिक भाषा बनाने हेतु मान्यता देने के लिए पुरजोर कोशिश की थी। कोशिश तो हमेशा ही की जानी चाहिए और यह बड़ी ही सार्थक पहल भी थी, पर इसके पूर्व भारत के हिंदी साहित्य के विद्वानों को हिंदी को पहले अपने देश में राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलवाने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने भी कहा है,

निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति के मूल।
**बिनु निज भाषा ज्ञान के मिटत ना हिय को शूल।**

देश में भाषाई विविधता के कारण हिंदी को सर्वाधिक नुकसान उठाना पड़ा है ।इसके अलावा कुछ स्वार्थी राजनीतिक के लोग नहीं चाहते कि हिंदी को सर्वोच्च सम्मान मिले और इसके लिए विभिन्न प्रकार के विरोध एवं आंदोलन भी करते रहे हैं, इसके अलावा लोगों को उकसा कर जन आंदोलन का रूप भी देने का प्रयास करते रहे हैं जो अत्यंत निंदनीय है। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में यह महसूस किया था कि हिंदी दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर सबसे ज्यादा लोगों की संपर्क भाषा थी। देश के विभिन्न भाषा भाषी लोग हिंदी भाषा में ही संपर्क कर के अपने संदेश तथा सूचना एक दूसरों को प्रदान किया करते थे,और हिंदी भाषा के संपर्क सूत्रों के चलते ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अथक मेहनत कर हिंदी की सहायता से स्वतंत्रता प्राप्त की थी। हिंदी की सार्वभौमिक स्थिति एवं बड़े समुदाय द्वारा बोले जाने वाली भाषा के रूप में स्थापित होने के बाद इसे राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया गया था। हिंदी एक व्यापक भाषा है जिस की लिपि देवनागरी होने के कारण अत्यंत सरल एवं आवश्यकता अनुसार दूसरी भाषाओं को और उनके शब्दों को बड़ी सुगमता से आत्मसात करने की क्षमता तथा विशालता है। हिंदी देशवासियों की भावनात्मक भाषा भी है इसका देश की एकता तथा अखंडता में एक का बड़ा योगदान रहा है। हिंदी एक बड़ी सक्षम तथा विशाल भाषा का दर्जा भी रखती है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा कि हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिस जिस ने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का बहिष्कार नहीं किया।

# हिन्दी संस्कृत की बेटियों में सबसे अच्छी

**डॉ. सौरभ मालवीय**

**ये शब्द** बहुभाषाविद और आधुनिक भारत में भाषाओं का सर्वेक्षण करने वाले पहले भाषा वैज्ञानिक जॉर्ज अब्राहम ग्रियर्सन के हैं। निःसंदेह हिन्दी देश के एक बड़े भू-भाग की भाषा है। महात्मा गांधी ने हिन्दी को जनमानस की भाषा कहा था। वह कहते थे कि राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूंगा है। भारत में अनेकों भाषायें एवं बोलियां हैं। इसलिए यहां यह कहावत बहुत प्रसिद्ध है- कोस-कोस पर पानी बदले, चार कोस पर वाणी। भाषा एक संवाद का माध्यम है। भारतीय संविधान में भारत की कोई राष्ट्र भाषा नहीं है। यद्यपि केंद्र सरकार ने 22 भाषाओं को आधिकारिक भाषा के रूप में स्थान दिया है। इसमें केंद्र सरकार या राज्य सरकार अपने स्थान के अनुसार किसी भी भाषा का आधिकारिक भाषा के चयन कर सकती है। केंद्र सरकार ने अपने कार्यों के लिए हिन्दी तथा रोमन भाषा को आधिकारिक भाषा के रूप में स्थान दिया है। इसके अतिरिक्त राज्यों ने स्थानीय भाषा के अनुसार भी आधिकारिक भाषाओं का चयन किया है। इन 22 आधिकारिक भाषाओं में असमी, उर्दू, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, ओडिया, पंजाबी, संस्कृत, संतली, सिंधी, तमिल, तेलुगू, बोड़ो, डोगरी, बंगाली एवं गुजराती सम्मिलित है। भारत की राष्ट्र भाषा को लेकर प्रारंभ से ही विवाद होता रहा है। इस संबंध में महात्मा गांधी कहते थे- ह्लअगर हमें एक राष्ट्र होने का अपना दावा सिद्ध करना है, तो हमारी अनेक बातें एक-सी होनी चाहिए। भिन्न-भिन्न धर्म और सम्प्रदायों को एक सूत्र में बांधने वाली हमारी एक सामान्य संस्कृति है।

# चिंता का कारण बढ़ते सड़क हादसे

**राजेश माहेश्वरी**

**मुंबई** से 120 किलोमीटर दूर अहमदाबाद-मुंबई राजमार्ग पर टाटा संस के पूर्व अध्यक्ष साइसर मिस्त्री की कार दुर्घटना में हुई मृत्यु ने एक बार फिर से सड़क दुर्घटना और खतरनाक सड़कों को लेकर बहस छेड़ दी है। देश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं सभी के लिए चिंता का कारण हैं। वाहन चलाते समय सीट बेल्ट न पहनना, हेलमेट न पहनना, शराब पीकर गाड़ी चलाना आम बात हो गयी है। आजकल तो ड्राइविंग करते समय सोशल मीडिया का उपयोग करना हादसों का एक और बड़ा कारण है। देश में रोजाना सड़क हादसों में 415 लोगों की जान जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2030 तक सड़क हादसों में मरने और घायल होने वालों की तादाद घटाकर आधी करने का लक्ष्य रखा है। भारत सरकार उससे 5 साल पहले यानी 2025 तक ही इस लक्ष्य पूरा करने की बात कह रही है। बावजूद इसके देश भर में सड़क दुर्घटनाएं कम नहीं हो रही हैं। देश की संसद भी इससे चिंतित है, लेकिन उपायों को लेकर कुछ खास होता दिख नहीं रहा। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी खुद यह स्वीकारते हैं कि देश में हर साल 4.50 करोड़ सड़क हादसे होते हैं, इनमें से डेढ़ लाख लोगों की मौत हो जाती है और साढ़े चार लाख लोग घायल होते हैं। अंतरराष्ट्रीय सड़क संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में 12.5 लाख लोगों की हर साल सड़क हादसों में जान जाती है। दुनिया भर में वाहनों की कुल संख्या का महज 3 फीसदी हिस्सा भारत में है, लेकिन देश में होने वाले सड़क हादसों और इनमें जान गंवाने वालों के मामले में भारत की हिस्सेदारी 12.06 फीसदी है। सेव लाइफ फाउंडेशन के आंकड़ों की मानें, तो 2021 में भारत में सड़क दुर्घटनाओं की गंभीरता 38.6 रही (प्रति सौ दुर्घटनाओं में मृत्यु), जबकि 2020 में यह आंकड़ा 37.5 था। दुर्घटना की गंभीरता सड़क दुर्घटना के घातक होने के जोखिम को इंगित करती है। कहने का अर्थ है कि सड़क दुर्घटना जितनी गंभीर होगी, उसमें मृत्यु होने का जोखिम भी उतना ही अधिक होगा। सड़क दुर्घटना से होनेवाली मौतों में हमारा देश शीर्ष पर है। वहीं सामाजिक कार्यकताओं का कहना है कि सड़क हादसों में होने वाली मौतों की तादाद सरकारी आंकड़ों के मुकाबले कहीं ज्यादा है, दूर-दराज के इलाकों में होने वाले हादसों की अक्सर खबर ही नहीं मिलती।



**इतना ही नहीं, देश में होने वाले सड़क हादसों का बहुत अधिक बोझ गरीब परिवारों पर पड़ता है, क्योंकि हताहत होने वाले 70 प्रतिशत से अधिक लोग इन्हीं परिवारों से आते हैं। आय के खत्म हो जाने और इलाज में अत्यधिक खर्च आने के कारण इन परिवारों की आर्थिक-सामाजिक स्थिति बहुत प्रभावित होती है। सड़क हादसों पर किसी एक पक्ष को दोषी ठहराना गलत होगा। इसके लिए व्यापक दृष्टिकोण अपनाना होगा**

आम तौर पर सड़क हादसों में घायलों की संख्या मृतकों से ज्यादा होती है। लेकिन बीते वर्ष मिजोरम, पंजाब, झारखंड और उत्तर प्रदेश में मृतकों की संख्या घायलों से अधिक रही। मिजोरम में कुल 64 सड़क हादसे हुए जिनमें 64 लोगों की मौत हो गयी और 28 लोग घायल हो गये। पंजाब में 6,097 सड़क हादसों में 4,516 लोग मारे गये और 3,034 घायल हुए। झारखंड में 4,728 हादसों में 3,513 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 3,227 लोग घायल हुए। उत्तर प्रदेश में 33,711 सड़क दुर्घटना में 21,792 लोगों की जान चली गयी और 19,813 लोग चोटिल हो गये। एनसीआरबी की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में देश में कुल 4,03,116 सड़क हादसे हुए, जो 2020 में हुए 3,54,796 सड़क हादसों से 48,320 अधिक हैं। वहीं मृतकों की संख्या 2020 के 1,33,201 की तुलना में 1,55,622 पर पहुंच गयी. अर्थात 2021 में सड़क हादसों में मरने वालों की संख्या 2020 की तुलना में 16.8 प्रतिशत बढ़ गयी। बीते वर्ष सड़क दुर्घटना में सबसे अधिक जानें 21,792 उत्तर प्रदेश में गयीं जो सड़क हादसे में हुई कुल मौतों का 14 प्रतिशत है। इसके बाद तमिलनाडु में 15,384, महाराष्ट्र में 13,911, मध्य प्रदेश में 12,480, कर्नाटक में 10,038 और राजस्थान में 10,043 लोगों ने अपनी जान गंवायी। बीते वर्ष सबसे अधिक सड़क हादसे दोपहिया वाहनों के कारण हुए, जिनमें 69,240 जानें गयीं, जो सड़क हादसों में जान गंवाने वालों का 44.5 प्रतिशत रहा। दोपहिया के बाद कार हादसों ने 23,531 लोगों और ट्रक, लॉरी से हुई दुर्घटना ने 14,622 जिंदगियां छीन लीं और इन दोनों का प्रतिशत क्रमशः 15.1 और 9.4 रहा। दोपहिया से होने वाली सबसे अधिक मौतें तमिलनाडु 8,259 और उत्तर प्रदेश 7,429 में दर्ज हुईं। वहीं एसयूवी, कार, जीप से होनेवाली मौतों में उत्तर प्रदेश 4,039 और ट्रक, लॉरी, मिनी ट्रक दुर्घटना से होने वाली मौतों में मध्य प्रदेश 1,337 शीर्ष पर रहा। सड़कों के आधार पर यदि सड़क दुर्घटना को देखा जाये, तो राष्ट्रीय राजमार्ग सर्वाधिक घातक साबित हुए हैं। बीते वर्ष हुए कुल सड़क हादसों के 30.3 प्रतिशत के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग जिम्मेदार रहे हैं। वहीं राज्य राजमार्गों पर 23.9 प्रतिशत दुर्घटना दर्ज हुई। जबकि 45.8 प्रतिशत हादसे अन्य सड़कों पर हुए। एक्सप्रेसवे पर कुल 1,899 हादसे हुए, जिसमें 1,214 लोग घायल हो गये और 1,356 लोग अपनी जान गंवा बैठे। मृत्यु के मामले में भी राष्ट्रीय राजमार्ग अग्रणी रहे हैं, यहां बीते वर्ष सड़क दुर्घटना में कुल 53,615 मौतें हुईं जो कुल मौतों का 34.5 प्रतिशत है।

इसके बाद राज्य राजमार्ग का स्थान है, जहां बीते वर्ष 39,040 लोगों 25.1 प्रतिशत ने अपनी जान गंवायी। विश्व बैंक के एक अध्ययन के अनुसार, सड़क दुर्घटनाओं के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था को सालाना सकल घरेलू उत्पाद के पांच से सात प्रतिशत का नुकसान उठाना पड़ता है। क्योंकि देश में सड़क दुर्घटना में मारे जाने वाले व्यक्तियों में से लगभग 84 प्रतिशत 18 से 60 वर्ष के कामकाजी लोग होते हैं।

इतना ही नहीं, देश में होने वाले सड़क हादसों का बहुत अधिक बोझ गरीब परिवारों पर पड़ता है, क्योंकि हताहत होने वाले 70 प्रतिशत से अधिक लोग इन्हीं परिवारों से आते हैं। आय के खत्म हो जाने और इलाज में अत्यधिक खर्च आने के कारण इन परिवारों की आर्थिक-सामाजिक स्थिति बहुत प्रभावित होती है। सड़क हादसों पर किसी एक पक्ष को दोषी ठहराना गलत होगा। इसके लिए व्यापक दृष्टिकोण अपनाना होगा। पूरी सिविल सोसायटी के साथ जन-अभियान चलाना होगा ताकि जिस सड़क पर चल रहे हैं उसकी तकनीकी गुणवत्ता और जोखिमों की पूरी जानकारी मिले। चालकों की लापरवाही जैसे ओवर स्पीड, लगातार चलना और नशा ज्यादातर दुर्घटनाओं के कारण होते हैं। लेकिन प्रबंधकीय और प्रशासनिक खामियों के बीच बनी सड़कों की बनावट, लचर रख-रखाव और पूरे इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी खास फोकस जरूरी है। हादसों को रोकने की खातिर पूरे मार्ग में सतर्कता की अनिवार्यता के सुनिश्चित पालन की व्यवस्था होनी चाहिए। यह भी सच है कि भारत में तमाम एक्सप्रेस वे उतने चैड़े नहीं हैं जैसे अंतरराष्ट्रीय मापदंड के अनुसार होने चाहिए, जबकि इन पर दौड़ने वाले वाहन अंतरराष्ट्रीय स्तर के हैं। ऐसे में भारतीय सड़कों पर अंतरराष्ट्रीय मानक के वाहनों की गति और उनके चलाने के तौर तरीकों के सामंजस्य का ज्ञान चालक के लिए बेहद जरूरी है जो अमूमन भारत में नहीं है। सुरक्षित सफर के लिए सड़कों पर तकनीक के उपयोग बढ़ाने के साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहारा लेना होगा। सीसीटीवी का जाल फैलाना होगा जिन्हें वाइ-फाइ से एक सेंट्रलाइज्ड मॉनिटरिंग सिस्टम में जोड़कर जोन या सेक्टरों में बांटकर सतत निगरानी और विश्लेषण किया जाए। इसके अलावा टायरों के निर्माण की प्रक्रिया को भी अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाना होगा। सीट बेल्ट रिमांइडर, चालक के साथ बैठे व्यक्ति के लिए एक एयर बैग की अनिवार्यता जैसे कई बदलाव सरकार ने किए हैं। इसके अलावा हम लोगों को भी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सभी नियमों को ध्यान में रखते हुए ही सड़क पर चलना चाहिए।

सड़क हादसों को कम करने के लिए सरकारी प्रयासों के अलावा सभी को मिलकर इसे जनआंदोलन का रूप देना ही होगा तभी सरकार भी सड़क सुरक्षा के अपने लक्ष्यों को पूरा कर पाएगी। और देशवासियों की जान की रक्षा हो सकेगी।

**-लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।**

# आओ हिंदी भाषा को व्यापक संचार का माध्यम बनाएं

**किशन भावनानी**

**भारत एक** बहुभाषी देश है, जहां संविधान के अनुच्छेद के अनुसार बावीस अधिकृत भाषाएं हैं, इसके अलावा हजारों भाषाएं उपभाषा हैं और बोलचाल की अलग अपनी-अपनी बोलियां हैं।हालांकि इनमें भी भाषा का महत्व हिंदी से कम नहीं है परंतु राष्ट्रीय स्तरपर हिंदी के अलावा ऐसी कोई भाषा नहीं है जिसे सभी राज्यों में इलाकों को जोड़ने वाली भाषा का दर्जा प्राप्त हो। हालांकि अतीत में भाषा को लेकर जिस तरह के विवाद हो चुके हैं उसको रेखांकित करते हुए हिंदी को बढ़ावा देते समय यह भी ध्यान रखना आवश्यक होगा कि दूसरी भाषाओं पर नकारात्मक प्रभाव ना पड़े। हमने पिछले वर्ष माननीय पूर्व राष्ट्रपति के अनेकों संबोधनों में सुनें किअपनी मातृभाषा को बढ़ाओ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी मातृ भाषाओं पर बल दिया गया है। विभिन्न क्षेत्रों राज्यों में प्राथमिक शिक्षा मातृभाषाओं में दी जाती है इसलिए हिंदी का विकास और विस्तार करने के लिए सबका साथ सबका सहयोग जरूरी है इसके लिए कुछ हद तक इसकी संभावना तलाशी जानी चाहिए कि भारत की सभी भाषाओं को जोड़ने के लिए सरकारी स्तर पर हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने और कुछ मामलों में इसे अनिवार्य बनाने से हिंदी के विस्तार विकास और प्रसार की संभावनाएं बढ़ेगी ऐसा मेरा मानना है।

साथियों बात अगर हम हिंदी को राजभाषा का दर्जा मिलने की करेंतो संविधान सभा ने लम्बी चर्चा के बाद 14 सितम्बर सन 1949 को हिन्दी को भारत की राजभाषा स्वीकारा गया। इसके बाद संविधान में अनुच्छेद 343 से 351 तक राजभाषा केसम्बन्ध में व्यवस्था की गयी। इसकी स्मृति को ताजा रखने के लिये 14 सितम्बर का दिन प्रतिवर्ष हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिंदी भाषा में सभी भावों को भरने की अद्भुत क्षमता है, यही कारण है कि हिंदी को भारत की जननी भाषा कहा जाता है। भारतीय संस्कृति में हिंदी को मातृ भाषा का दर्जा दिया गया है। यह महज भाषा नहीं बल्कि भारतीयों को एकता व अखंडता के सूत्र में पिरोती है। हिंदी को मन की भाषा कहा जाता है, जो कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी, संसद से लेकर सड़कों तक और साहित्य से लेकर सिनेमा तक हर जगह संवाद का सबसे बड़ा पुल बनकर सामने आती है। हिंदी हमारे साहित्यकारों की संस्कृति थी। महात्मा गांधी ने भी एक बार कहा था कि, जिस प्रकार ब्रिटेन में अंग्रेजी बोली जाती है और सारे कामकाज अंग्रेजी में किए जाते हैं, ठीक उसी प्रकार हिंदी को हमारे देश में राष्ट्रभाषा का सम्मान मिलना चाहिए। लेकिन आज भी हम हिंदी को राष्ट्भाषा का दर्जा नहीं दिलवा पाए।

साथियों भारत की कोई राष्ट्रभाषा नहीं है, हिंदी एक राजभाषा है यानें राज्य के कामकाज में इस्तेमाल की जाने वाली भाषा। भारतीय संविधान में किसी भी भाषा को राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं मिला हुआ है। भारत में 22 भाषाओं को आधिकारिक दर्जा मिला हुआ है, जिसमें अंग्रेजी और हिंदी भी शामिल है। हिंदी को राजभाषा बनाने के प्रश्न पर हिंदी और अहिंदी भाषी तो लगभग तमाम वाद-विवाद के बाद सहमत हो गए थे लेकिन विवाद के केंद्र में हिंदी और रोमन अंकों के उपयोग का मसला ही था। अंत में अंग्रेजी अंकों के उपयोग पर सभी की सहमति के साथ राजभाषा का यह मसला 12 सितंबर से शुरू होकर 14 सितंबर 1949 की शाम को समाप्त हुआ था।साथियों बात अगर हम हिंदी को बढ़ावा देने पर विवाद की करें तो, संविधान में भारत की केवल दो ऑफिशियल भाषाओं का जिक्र था। इसमें किसी राष्ट्रीय भाषा का जिक्र भी नहीं था, इनमें से ऑफिशियल भाषा के तौर पर अंग्रेजी का प्रयोग अगले पंद्रह सालों में कम करने का लक्ष्य था, ये पंद्रह साल संविधान लागू होने की तारीख (26 जनवरी, 1950) से अगले 15 साल यानें 26 जनवरी, 1965 को समाप्ति होने वाले थे। हिंदी समर्थक राजनेत नें अंग्रेजी को अपनाए जाने का विरोध किया था इस कदम को साम्राज्यवाद का अवशेष बताया था। हालांकि केवल हिंदी को भारत की राष्ट्रीय भाषा बनाए जाने के लिए विरोध प्रदर्शन किए. उन्होंने इसके लिए कई प्रस्ताव रखे लेकिन कोई भी प्रयास सफल नहीं हो सका क्योंकि हिंदी अभी भी दक्षिण और पूर्वी भारत के राज्यों के लिए अनजान भाषा ही थी। 1965 में जब हिंदी को सभी जगहों पर आवश्यक बना दिया गया तो तमिलनाडु में हिंसक आंदोलन हुए।इसके बाद सरकार ने जो राजभाषा अधिनियम1963 लागू किया था इसे 1967 में संशोधित किया गया, जिसके जरिए भारत ने एक द्विभाषीय पद्धति को अपना लिया, ये दोनों भाषाएं पहले वाली ही थीं, अंग्रेजी और हिंदी। साथियों बात अगर हम विश्व हिंदी दिवस और राष्ट्रीय हिंदी दिवस में अंतर की करें तो, विश्व हिंदीदिवस दुनिया भर में 10 जनवरी को मनाया जाता है। इसका मकसद वैश्विक स्तरपर हिंदी का प्रचार प्रसार करना है। वहीं 14 सितंबर को राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया जाता है। आधिकारिक रूप से पहला हिंदी दिवस 14 सितंबर, 1953 को मनाया गया था। हिंदी दिवस पर इससे जुड़े कईपुरस्कार भी दिए जाते हैं, जिसमें राष्ट्रभाषा कीर्ति पुरस्कार और राष्ट्रभाषा गौरव पुरस्कार शामिल हैं। राष्ट्रभाषा गौरव पुरस्कार जहां लोगों को दिया जाता है, वहीं राष्ट्रभाषा कीर्ति पुरस्कार किसी विभाग या समिति को दिया जाता है। साथियों बात अगर हम हिंदी दिवस के महत्व और उसको मनाने की करें तो, हिन्दी भाषा के उत्थान और भारत में राष्ट्रभाषा का सम्मान दिलाने के लिए ही हिन्दी दिवस मनाया जाता है। हिन्दी दिवस को पूरे एक हफ्ते तक सेलिब्रेट किया जाता है, जिसे हिन्दी पखवाड़ा कहते हैं। इस दौरान स्कूलों से लेकर ऑफिसों तक में इसे सेलिब्रेट किया जाता है। इसके तहत निबंध प्रतियोगिता भाषण, काव्य गोष्ठी, वाद-विवाद जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं।हिंदी दिवस के दिन लोगों को हिंदी के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए कई तरहके समारोह और सेमिनारका आयोजन किया जाता है। स्कूलों में प्रतियोगी कार्यक्रमों का आयोजन होता है। साथियों बात अगर हम हिंदी दिवस के इतिहास की करें तो साल 1947 में जब भारत आजाद हुआ तो देश के सामने एक राजभाषा के चुनाव को लेकर सबसे बड़ा सवाल था, क्योंकि भारत में हजारों भाषाएं और सैकड़ो बोलियां बोली जाती हैं। इसे ध्यान में रखते हुए 14 सितंबर 1949 को हिंदी और इंग्लिश को राजभाषा के रूप में चुना गया। हालांकि इसपर जमकर विरोध हुआ। वहीं राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के अनुरोध पर 14 सितंबर 1953 को पहली बार हिंदी दिवस मनाया गया। इसके बाद से प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को हिंदी के महत्व व इतिहास के बारे में बताना है और अपनी मातृ भाषा के प्रति जागृत करना है। तथा हिंदी को ना केवल देश के हर क्षेत्र में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी प्रसारित करना है।

# भारतीय अस्मिता की पहचान है हिंदी

**डॉ. अशोक कुमार भार्गव, आईएएस**

**आज** हिंदी दिवस है। हिंदी के प्रति अपनी निष्ठा, वचनबद्धता, ममत्व, लगाव और भावनात्मक जुड़ाव प्रकट करने का दिवस । हिंदी के प्रचार, प्रसार, विकास और विस्तार के लिए संकल्प लेने का दिवस। विश्व भर में हिंदी के प्रति चेतना जागृत करने हिंदी हितैषियों लेखकों, रचनाधर्मियों और साहित्यकारों की श्रेष्ठता को सम्मानित करने दिवस। इसके साथ ही हिंदी की वर्तमान स्थिति का सिंहावलोकन कर उसकी प्रगति पर चिंतन, मनन करने का स्मारक दिवस भी है। भारतेंदु जी ने कभी बड़ी गहराई में उतर कर लिखा था। ष्निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल, पै निज भाषा ज्ञान के, मिटे न हिय को सूल। निःसंदेह है किसी भी राष्ट्र के विकास की बुनियाद उसकी निजी भाषा की श्री संपन्नता में ही निहित होती है। विदेशी भाषा श्हिय के सूलश की अभिव्यक्ति में समर्थ नहीं होती। हमारी निजी संस्कृति सभ्यता परंपरा हर्ष उल्लास दर्द और व्यथा की मूल चेतना की वास्तविक अभिव्यक्ति निजी भाषा में ही संभव सकती है। इसीलिए भाषा हमारी अस्मिता की पहचान होती है जिसमें हमारे राष्ट्र का सामूहिक स्वर मुखरित होता है। जिस प्रकार राष्ट्रीय एकता अखंडता के प्रतीक स्वरूप राष्ट्रीय ध्वज राष्ट्रगीत संविधान और निश्चित भू-भाग अपरिहार्य होता है ठीक उसी प्रकार राष्ट्र के वैविध्य को भावनात्मक एकता के सूत्र में गुंफित करने के लिए एक राष्ट्रभाषा की आवश्यकता होती है जो व्यापक स्तर पर बोलने सुनने समझने लिखने पढ़ने और राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय संपर्क, राजकीय कामकाज तथा विभिन्न भाषा, भाषियों के मध्य विचारों के आदान-प्रदान की युक्ति मात्र ही नहीं होती वरन राष्ट्र की सामासिक संस्कृति, राष्ट्रीय स्वाभिमान और आत्म गौरव की भावना भी सृजित करती है। निसंदेह इस पृष्ठभूमि में सदियों से हिंदी राष्ट्र भाषा के गौरव के लिए सर्वथा उपयुक्त रही है। भारत की आजादी के पूर्व हिंदी मध्यकालीन भक्ति आंदोलन की भाषा रही जिसने तत्कालीन दिशाहीन समाज को नई चेतना और नई रोशनी दी। संतों की अमृतवाणी ने सांस्कृतिक विष को पचाने का संबल दिया। देश के सभी धार्मिक और सामाजिक सुधार आंदोलनों की भाषा भी हिंदी रही और स्वाधीनता संग्राम की पूणार्हुति में हिंदी का अवदान अद्वितीय रहा। हिंदी केवल हिंदुओं की ही नहीं वरन मुसलमानों की भी भाषा रही और गैर हिंदी भाषियों ने भी हिंदी को श्री संपन्न किया। हिंदी प्रदेशों के साथ ही देश के दूरस्थ अंचलों में बिखरे हुए जन जन की संपर्क भाषा भी रही। जिन की मातृभाषा हिंदी नहीं थी वे भी भली-भांति हिंदी बोलते समझते है। ।यही नहीं अंग्रेजी और चीनी के बाद हिंदी ही देश में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा रही। भारतीय संविधान सभा ने 14 सितंबर 1949 को हिंदी की राष्ट्रभाषा घोषित न करते हुए अनुच्छेद 343 में लिखा कि संघ की सरकारी भाषा देवनागरी लिपि में हिंदी होगी और संघ के सरकारी प्रयोजनों के लिए भारतीय अंकों का अंतरराष्ट्रीय रूप होगा किन्तु अधिनियम के खंड 2 में यह प्रावधान किया गया कि इस संविधान के लागू होने के समय से 15 वर्ष की अवधि तक संघ के उन सभी प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी का प्रयोग होता रहेगा जिसके लिए इसके लागू होने से तुरंत पूर्व होता था। अनुच्छेद की धारा 3 में व्यवस्था की गई संसद उक्त 15 वर्ष की कालावधि के पश्चात विधि द्वारा (क) अंग्रेजी भाषा का अथवा अंकों के देवनागरी रूप का ऐसे प्रयोजन के लिए प्रयोग उपबंधित कर सकेगी जैसे कि ऐसी विधि में उल्लिखित हो। इसके साथ ही अनुच्छेद 1 के अधीन संसद की कार्यवाही हिंदी अथवा अंग्रेजी में संपन्न होगी। 26 जनवरी 1965 के पश्चात संसद की कार्रवाई केवल हिंदी (और विशेष मामलों मैं मातृभाषा) में ही निष्पादित होगी बशर्ते संसद कानून बनाकर कोई अन्यथा व्यवस्था न करें। संविधान के अनुसार हिंदी को 1965 के बाद पूरी तरह राजकीय कार्य की भाषा बन जाना था किंतु राष्ट्रभाषा के संदर्भ में गठित खेर आयोग (1955) और पंत समिति (1957)के प्रतिवेदनो पर विचार करने के बाद 1963 में बनाए गए राजभाषा अधिनियम के अनुसार ऐसी व्यवस्था कर दी गई कि 26 जनवरी 1965 के पश्चात भी अंग्रेजी राजकाज की भाषा बनी रहेगी।

## क्षमा वशीकृते लोके क्षमया: किम न सिद्ध्यति ?

**सुनील महला**

**पर्युषण** पर्व को जैन समाज का महाकुंभ पर्व माना जाता है। इसे पूरे विश्व में उत्तम व उत्कृष्ट माना जाता है क्योंकि इसमें आत्मा की उपासना की जाती है। पर्युषण पर्व के बारे में जानकारी देना चाहूंगा कि ये पर्व भगवान महावीर स्वामी के मूल सिद्धांत अहिंसा परमो धर्मः, तथा "जिओ और जीने दो" की राह पर चलना सिखाता है। साथ ही मोक्ष प्राप्ति के द्वार खोलता है। सच तो यह है कि आत्मीयता का सही मार्ग क्षमा है और संपूर्ण संसार में यही एक ऐसा उत्सव या पर्व है जिसमें आत्मरत होकर व्यक्ति आत्मार्थी बनता है व अलौकिक, आध्यात्मिक आनंद के शिखर पर आरोहण करता हुआ मोक्षगामी होने का सद्प्रयास करता है। पर्युषण में लोग एक - दूसरे से क्षमा मांगते हैं। संस्कृत में बड़े ही सुंदर शब्दों में क्षमा के बारे में ये कहा गया है कि-"क्षान्ति तुल्यं तपो नास्ति सन्तोषान्न सुखं परम् ।नास्ति तृष्णा समो व्याधिः न च धर्मो दयापरः।।" यानी कि क्षमा जैसा अन्य तप नहीं, संतोष जैसा अन्य सुख नहीं, तृष्णा जैसा अन्य रोग नहीं, दया जैसा अन्य कोई धर्म नहीं है। पर्युषण एक सार्वजनिक रस्म है। वास्तव में, इस पर्व के दौरान मनुष्य चौरासी लाख योनियों में विचरण कर रहे, समस्त जीवों से क्षमा मांगते हुए यह सूचित करते हैं कि उनका किसी से कोई बैर नहीं है। आज के समय में क्षमा का हमारे जीवन में बस इतना सा ही अर्थ बचा है कि दूसरों ने गलती की और हमसे माफी मांग ली या हमने गलती की , तो दूसरों से माफी मांग ली। जानकारी देना चाहूंगा कि पर्युषण का पहला दिन उत्तम क्षमा का दिन होता है।

## एक मैच खेलकर इंदौर के लिए रवाना होगी आस्ट्रेलिया लीजेंड्स टीम

**कानपुर।** रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज के लिए ग्रीन पार्क कानपुर में दूसरे संस्करण के लिए ऑस्ट्रेलिया लीजेंडस जैसी मजबूत टीम केवल एक मैच खेलने ही आ पाई थी। श्रीलंका लीजेंड से मैच हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया लीजेंड्स की टीम संभवतः इंदौर के लिए रवाना होगी। 17 तारीख से होने वाले दूसरे चरण के मैचों के लिए वह तैयारी करेगी। इंदौर के एकनाथ होलकर स्टेडियम में 17 सितम्बर से दूसरे चरण के मैच शुरु हो रहे हैं। गौरतलब है कि आठ टीमों में से ऑस्ट्रेलियाई टीम ही एक ऐसी टीम थी, जिसका केवल एक मैच ही यहां शेड्यूल में निर्धारित हो पाया था। ग्रीनपार्क में वैसे भी ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा कभी भी भारी नहीं रहा और वह अपना कभी भी प्रभावशाली खेल इस मैदान पर नहीं दिखा सकी। फिर चाहे वह मैच उसे भारतीय टीम के विरोध में खेलना पड़ा हो या किसी अन्य टीम के साथ। अधिकतम समय में यह देखा गया है कि ऑस्ट्रेलिया टीम यहां कमजोर से कमजोर प्रदर्शन ही कर पाई है।

आयोजकों के अनुसार ऑस्ट्रेलियाई कप्तान शेन वाटसन और उनके पूरी टीम को चकेरी एयरपोर्ट से इंदौर के लिए रवाना होगी। बाकी की बची हुई टीमें 16 तारीख को रवाना होगी।

## नसीम शाह ने उर्वशी को इंस्टाग्राम पर फॉलो किया, स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल हुए तो..

**दुबई।** पाकिस्तान के युवा तेज गेंदबाज नसीम शाह और बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार नसीम शाह इसकी वजह बने हैं। सोशल मीडिया पर फैंस के दावों के अनुसार नसीम शाह ने कुछ समय के लिए उर्वशी रौतेला को फॉलो किया था, लेकिन बाद में अनफॉलो कर दिया। इस दौरान कई लोगों ने नसीम के इंस्टाग्राम अकाउंट के स्क्रीनशॉट लेकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। हालांकि, नसीम ने कुछ समय पहले ही एक वीडियो में कहा था कि उर्वशी रौतेला कौन हैं, उन्हें नहीं पता है।




उर्वशी रौतेला भी इस मामले को और आगे न बढ़ाने की बातें कह चुकी हैं, लेकिन ये दोनों ही समय-समय पर कुछ न कुछ ऐसा करते हैं, जिस वजह से दोनों चर्चा में आ जाते हैं।

**क्या है मामला ?**

भारत और पाकिस्तान के बीच पहले मैच में उर्वशी रौतेला दुबई के स्टेडियम में पहुंची थीं और फैंस ने ऋषभ पंत के साथ उनका नाम जोड़ते हुए काफी मजे लिए थे। हालांकि, ऋषभ पंत इस मैच में नहीं खेले थे। सुपर चार के मुकाबले में भारत और पाकिस्तान फिर से आमने-सामने आए और इस बार भी उर्वशी मैच देखने पहुंची। इस मैच में पाकिस्तान के नसीम शाह ने शानदार गेंदबाजी की और पाकिस्तान को जीत दिला दी।

## सेना की ओर से डोडा में आयोजित की गई दंगल प्रतियोगिता

**जम्मू।** आवाम के दिलों और दिमागों को जीतने की चल रही प्रक्रिया के एक हिस्से के रूप में भारतीय सेना लगातार आबादी के कल्याण और प्रेरणा के लिए कई तरह की परियोजनाएं चला रही है। इसी क्रम में भारतीय सेना ने सेवा, गोस्ती में दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया। गांम सेवा डोडा जिले के सुदूर भाग में स्थित है जिसमें युवाओं के लिए पर्याप्त मनोरंजन और खेल सुविधाओं का अभाव है। आतंकवाद में कमी आने और प्रचलित शांति के कारण स्थानीय युवा अब खेल गतिविधियों और फुरसत के समय में गतिविधियों में भाग लेने के लिए उत्सुक हैं क्योंकि यह उन्हें उनके धर्म के बावजूद एक साथ बांधता है। यह आवश्यक है कि युवाओं को अलगाववादी विचारधारा से दूर करने और खेल गतिविधियों के माध्यम से उन्हें राष्ट्रीय मुख्यधारा में लाने के लिए रचनात्मक गतिविधियों में शामिल किया जाये। सेवा के युवाओं के लिए दंगल प्रतियोगिता आयोजित करने से स्थानीय लोगों की सद्भावना जीतने और क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने और युवा सशक्तिकरण में मदद मिलेगी। टूर्नामेंट में कुल 48 पहलवानों ने भाग लिया। सभी पहलवानों ने अपनी सच्ची खेल भावना के साथ भाग लिया और सराहनीय कौशल और उत्साह का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में आसपास के कई गांवों और टाउनशिप से लगभग 920 से अधिक लोगों ने भाग लिया। प्रसिद्ध पहलवानों द्वारा प्रदर्शित खेल कौशल को देखकर स्थानीय युवा विशेष रूप से रोमांचित थे।

# टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम घोषित, बुमराह और हर्षल पटेल की वापसी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय वरिष्ठ चयन समिति ने ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। रोहित शर्मा को मेगा टी 20 इवेंट के लिए कप्तान बनाया गया है, जबकि उनके सलामी जोड़ीदार केएल राहुल को उपकप्तान की जिम्मेदारी दी गई है। विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव को भी टीम में शामिल किया गया है।



जसप्रीत बुमराह और हर्षल पटेल चोटों से उबरने के बाद टीम में लौट आए हैं। मोहम्मद शमी स्टैंडबाय प्लेयर के तौर पर ऑस्ट्रेलिया जाएंगे। हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल को बतौर ऑलराउंडर दल में शामिल किया गया है। दीपक हुड्डा ने भी टीम में अपनी जगह बरकरार रखी है। यह देखना दिलचस्प होगा कि टूर्नामेंट में दो विकेटकीपर-बल्लेबाज, ऋषभ पंत और दिनेश कार्तिक का कैसे उपयोग किया जाता है। स्पिनर के तौर पर अनुभवी रविचंद्रन अश्विन को जगह मिली है, जबकि युजवेंद्र चहल उनका साथ देंगे।

टी20 विश्व कप 2022 के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, आर अश्विन , युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह।

**स्टैंडबाय खिलाड़ीः** मोहम्मद शमी, श्रेयस अय्यर, रवि बिश्नोई, दीपक चाहर।

## टी-20 सीरीज के लिए आज भारत पहुंचेगी ऑस्ट्रेलियाई टीम

### 16 सितंबर को मोहाली में होगी टीम इंडियाः 20 सितंबर से टी-20 सीरीज की शुरुआत

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया को घर में 20 सितंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है। पहला मैच 20 सितंबर को मोहाली में खेला जाएगा। दूसरा मैच 23 सितंबर को नागपुर में और तीसरा टी-20 मैच 25 सितंबर को हैदराबाद में खेला जाना है। इस सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम भारतीय माहौल में ढलने के लिए बुधवार (14 सितंबर) को भारत पहुंचेगी और प्रैक्टिस शुरू करेगी। वहीं भारतीय टीम 16 सितंबर को मोहाली में एकत्रित होगी।

वहीं टी-20 वर्ल्ड कप के स्कॉड में शामिल अर्शदीप सिंह ऑस्ट्रेलिया सीरीज से बाहर रहेंगे और वे नेशनल क्रिकेट एकेडमी में प्रैक्टिस करेंगे, जबकि भुवनेश्वर और हार्दिक पंड्या इसके बाद साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाली टी-20 सीरीज के दौरान NCA में फिटनेस पर काम करेंगे।



**डेविड वॉर्नर के बिना आएगी ऑस्ट्रेलिया टीम**

ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत दौरे पर डेविड वॉर्नर के बिना आएगी। वॉर्नर को वर्कलोड मैनेज करने के लिए सीरीज से आराम दिया गया है। उनकी जगह कैमरून ग्रीन टीम का हिस्सा होंगे।

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के लिए शमी और दीपक चाहर टीम में शामिल**

टी-20 वर्ल्ड कप के लिए घोषित 15 खिलाड़ियों के स्कॉड में अपना स्थान पक्का नहीं कर पाए मोहम्मद शमी और दीपक चाहर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ और उसके बाद साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के लिए टीम में जगह दी गई है। ऑस्ट्रेलिया दौरे में शामिल सभी खिलाड़ियों को मोहाली पहुंचने के लिए कहा गया है। टीम 16 से वहां पर प्रैक्टिस करेगी।

**ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, आर. अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, भुवनेश्वर कुमार, मोहम्मद शमी, हर्षल पटेल, दीपक चाहर, जसप्रीत बुमराह।

## सिमोना हालेप के नाक की हुई सर्जरी, कुछ हफ्तों तक कोर्ट से रहेंगी दू

**बुखारेस्ट।** दुनिया की पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी सिमोना हालेप के नाक की सर्जरी हुई है, जिसके बाद वह कुछ हफ्तों के लिए कोर्ट से दूर हो गई हैं। रोमानियाई स्टार हालेप ने कहा कि वह नाक की समस्याओं से जूझ रही थीं, जिससे ज्यादातर रात में सांस लेना मुश्किल हो जाता था। पूर्व विश्व नंबर एक हालेप ने ट्विटर पर नाक पर पट्टी बांधकर अस्पताल के बिस्तर पर लेटे हुए एक तस्वीर पोस्ट करते हुए, लिखा, समस्या को हल करने का एकमात्र तरीका सर्जरी से गुजरना था। अब सब कुछ ठीक हो गया है। किसी भी शारीरिक गतिविधि को फिर से शुरू करने से पहले मुझे कुछ हफ्तों के आराम की आवश्यकता होगी। जल्द ही टेनिस कोर्ट पर मिलते हैं। इससे पहले सिमोना हालेप साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम (यूएस ओपन) में यूक्रेन की डारिया स्निगुर से हारकर बाहर हो गई थीं। लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में स्निगुर ने तीन सेटों के रोमांचक मुकाबले में हालेप को 6-2, 0-6, 6-4 से हराया था। हालेप ने पहले अपने करियर में स्निगुर का सामना नहीं किया था।



## न्यूजीलैंड को साउथ अफ्रीका लीजेंड्स ने 9 विकेट से हरायाः पुटिक ने छक्के से जिताया मैच

**नई दिल्ली।** रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज के चौथे मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 9 विकेट से हरा दिया। साउथ अफ्रीका के पुटिक ने 14वें ओवर में एक चौका और दो छक्के मारकर मारकर टीम को जीत दिलाई। टीम ने यह जीत महज एक विकेट खोकर हासिल कर ली। मोर्ने वान विक 22 गेंदों में 14 रन बनाकर कैच आउट हुए थे। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी थी लेकिन, 20 ओवर में न्यूजीलैंड की टीम 100 रन भी नहीं बना सकी। न्यूजीलैंड ने 8 विकेट खोकर सिर्फ 99 रन बनाए। पहले ही ओवर से अफ्रीकी गेंदबाजों के पकड़ बना ली थी। पहले ही ओवर की तीसरी गेंद पर डेवसिच को जोहान बोथा ने आउट कर दिया। न्यूजीलैंड ने पावर प्ले में 3 विकेट खोकर सिर्फ 26 रन ही बना पाए। रॉस टेलर भी 11 गेंदों पर 4 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद से न्यूजीलैंड की टीम संभल नहीं पाई। एक के बाद एक विकेट गिरते चले गए। सिर्फ ब्राउनली ही 48 रन बनाए। 8 खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा भी छू नहीं सके। साउथ अफ्रीका की टीम को जीत के लिए 100 रन चाहिए। अफ्रीकी खिलाड़ी जोहान बोथा ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। वहीं टी तशबाला ने 3 विकेट झटके। अफ्रीका की तरफ से एंड्रयू पुटिक और मोर्ने वान विक बल्लेबाजी करने आए हैं। अफ्रीका ने 4 ओवर में बिना विकेट खोए 20 रन बनाए हैं।



## अबू धाबी टी-10 के सीओओ नियुक्त हुए राजीव खन्ना

**अबू धाबी।** क्रिकेट के सबसे तेज और मनोरंजक प्रारूप - अबू धाबी टी10 ने राजीव खन्ना को टूर्नामेंट के आगामी सत्र के लिए मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) नियुक्त किया है। खन्ना समग्र प्रबंधन और प्रतियोगिता संचालन के जिम्मेदार होंगे। खन्ना, जो एक पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी हैं, खेल प्रबंधन के क्षेत्र में अग्रणी रहे हैं। उन्होंने दुनिया के कुछ सबसे रोमांचक लीग जैसे इंडियन प्रीमियर लीग, प्रो कबड्डी लीग और इंटरनेशनल टेनिस प्रीमियर लीग में कार्यकाल के साथ खेल के प्रति अपने जुनून को विश्व स्तरीय करियर में बदल दिया है।

खन्ना 2009 से आईपीएल में काम कर रहे हैं। उन्होंने पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के सीओओ, राजस्थान रॉयल्स के उपाध्यक्ष और वर्तमान में राजस्थान रॉयल्स के सलाहकार के रूप में काम किया है। वर्षों के दौरान, वह उच्चतम स्तर पर खेल प्रबंधन के तरीकों में अभूतपूर्व परिवर्तन लाने में सक्षम रहे हैं। अपनी नियुक्ति पर खन्ना ने कहा, अबू धाबी टी 10 दुनिया में सबसे रोमांचक क्रिकेट टूर्नामेंट है और इसलिए मैं प्रतियोगिता में सीओओ के रूप में शामिल होने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैं निश्चित रूप से यह सुनिश्चित करने के लिए देखूंगा कि टूर्नामेंट तेजी से बढ़ता रहे और भविष्य में खेल के सितारों के लिए और भी बड़ा आकर्षण बने। इस बीच, टी10 स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के चेयरमैन शाजी उल मुल्क ने कहा, 'राजीव खन्ना ने अपने करियर के दौरान काफी ऊंचाईयां हासिल की हैं और अबू धाबी



टी10 परिवार में उनका स्वागत करने के लिए हम बहुत उत्साहित हैं। मुझे यकीन है कि हमारे टूर्नामेंट को उनके अनुभव से काफी फायदा होगा और हम उनके साथ लंबे और फलदायी रिश्ते की उम्मीद करते हैं। अबू धाबी टी10 अबू धाबी के जायद क्रिकेट स्टेडियम में 23 नवंबर से 4 दिसंबर 2022 तक खेला जाएगा।

## उप्र के मान ने कर्नाटक के वेदनस को दी मात, तमिल के वीएम रनजीत ने मप्र के यश को हराया

**लखनऊ।** अन्नाड टेनिस अकाडमी, आशियाना में आइटा मेन्स एक लाख प्राइज टेनिस टूर्नामेंट की शुरुआत हो गयी। 16 सितम्बर तक चलने वाले इस मैच में पहले दिन 16 मैच खेले गये, जिसमें कई प्रदेशों से आये खिलाड़ियों ने जमकर पसीने बहाये। इसमें द्वितीय वरियता प्राप्त उप्र के मान केसरवानी ने कर्नाटक के वेदनस को मात देकर अंतिम 16 में जगह बना ली। मान केसरवानी और वेदनस के बीच कड़ी टक्कर हुई लेकिन पहले हाफ में मान केसरवानी ने 7-6 और दूसरे राउंड में 6-4 से वेदनस को मात

> **पश्चिम बंगाल के मोहम्मद फरदीन ने उप्र के हनु वर्मा को सीधे सेटों में 6-0, 6-1 से मात दी।**

दे दी। वहीं तमिलनाडु के प्रथम वरियता प्राप्त वीएम रनजीत ने मध्य प्रदेश के यश यादव को सीधे सेटो में 6-1-6-1 से मात देकर आगे लिए जगह बना ली। मध्यप्रदेश के तनिक गुप्ता ने उ.प्र के उत्कर्ष गुप्ता को कड़ी टक्कर में 7-5, 4-6, 6-0 से हरा दिया। कर्नाटक के अदित अमरनाथ ने दिल्ली के कार्तिक सक्सेना को 6-3, 6-0 से हरा दिया। वहीं चौथे वरियता प्राप्त हरियाणा के अभिषेक गौर ने गुजरात के दमित्री को कड़ी टक्कर में 4-6, 7-6, 6-4 से मात दे दी। मध्य प्रदेश के उत्कर्ष ने दिल्ली के परन्जय कुकरेट को सीधे सेटों में 6-1, 6-1 से हराया। पश्चिम बंगाल के मोहम्मद फरदीन ने उप्र के हनु वर्मा को सीधे सेटों में 6-0, 6-1 से मात दी। हरियाणा के विवेक कुमार ने उप्र के अमन कुमार को 7-5, 7-6 से हरा दिया। पश्चिम बंगाल के अभिनांसु ने उप्र के हेमंत कुमार को 7-6,6-2 से, महाराष्ट्र के अथर्व शर्मा ने दिल्ली के अनुज मान को 6-3, 6-0 से हराया। राजस्थान के ऋषिराज ने उप्र के वशु गुप्ता को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से हराया।



## 33वीं क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

**प्रयागराज।** शिक्षा प्रसार समिति द्वारा संचालित सिविल लाइन स्थित ज्वाला देवी इण्टर कालेज में विद्या भारती पूर्वी उप्र द्वारा आयोजित 33वीं क्षेत्रीय कबड्डी की तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण सम्पन्न हुआ। जिसमें विजेताओं को ट्राफी एवं मेडल से पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संगठन मंत्री विद्या भारती पूर्वी उप्र हेमचन्द्र ने कहा कि खेलों की यह विधा भारतीय कीर्ति को प्रसारित करने वाली होगी। जिसमें ये नौनिहाल खिलाड़ी भैया-बहन के उज्वल भविष्य की संकल्पना साकार होगी। अध्यक्षीय आशीर्वचन प्रदान करते हुए पूर्व छात्र विक्रम सिंह ने कहा कि निश्चित रूप से हम एक ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण कर रहे हैं जो कि भारत को भविष्य में खेलां के क्षेत्र में अद्वितीय कीर्तिमान स्थापित कराने में सफल रहेगा। विशिष्ट अतिथि कोषाध्यक्ष, विद्या भारती पूर्वी उप्र शरद गुप्त ने भी अपने विचार व्यक्त किये।



क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख अजीत सिंह ने परिणाम प्रस्तुत किया। संचालन भैया बहिनों द्वारा ज्वाला देवी के आचार्य सन्तोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में किया गया। क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख जगदीश सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सभी भैया बहिन, संरक्षक आचार्य-आचार्या, निर्णायक बन्धु-भगिनी तथा अन्य लोग उपस्थित रहे। परिणाम में बाल वर्ग भैया में ज्वाला देवी सिविल लाइन प्रयागराज प्रथम, सरस्वती शिशु मंदिर पक्कीबाग गोरखपुर द्वितीय, सरस्वती विद्या मंदिर अलीगंज लखनऊ तृतीय रहे। बाल वर्ग बहन में सरस्वती बालिका इंटर कालेज जानकीपुरम लखनऊ प्रथम, ज्वाला देवी बालिका इंटर कालेज मम्फोर्डगंज प्रयागराज द्वितीय, सरस्वती शिशु मंदिर पक्कीबाग गोरखपुर तृतीय रहे। इसी प्रकार किशोर वर्ग भैया में ज्वाला देवी सिविल लाइन प्रयागराज प्रथम, पं. दीनदयाल उपाध्याय स.वि.मं लखीमपुर द्वितीय, कमला केशव स.वि.मं सुल्तानपुर तृतीय रहे। बहन वर्ग में स.वि.मं बालिका इंटर कालेज रायबरेली प्रथम व रघुवर प्रसाद जायसवाल तेतरी बाजार सिद्धार्थनगर द्वितीय रहे। तरूण वर्ग भैया में ज्वाला देवी सिविल लाइन प्रयागराज प्रथम, स.वि.मं वरिष्ठ मा.वि रामबाग बस्ती द्वितीय, विवेकानंद शिशु कुंज विद्युतनगर टाण्डा तृतीय रहे। बहन वर्ग में विवेकानंद व.मा. विद्यालय शक्तिनगर सोनभद्र प्रथम, स.बालिका विद्यालय सूर्यकुंड गोरखपुर द्वितीय, सनातन धर्म स.वि.मं बालिका इ.कालेज लखीमपुर तृतीय रहे।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिनी श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज की टीम घोषित, मैकलीन और ग्रिमंड की वापसी

**ब्रिजटाउन।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला के लिए 17 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा की है। विकेटकीपर-बल्लेबाज नताशा मैकलीन और ऑफ स्पिनर शेनता ग्रिमंड की टीम में वापसी हुई है। सीरीज का पहला मैच 16 सितंबर को सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में होगा, जबकि बाकी मैच 18 और 22 सितंबर को इसी मैदान पर खेले जाएंगे। इसके बाद दोनों टीमें 25 सितंबर से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज में आमने-सामने होंगी। टीम में अंडर -19 अनकैप्ड बाएं हाथ के तेज जेनिलिया ग्लासगो को भी शामिल किया गया है। तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में स्टार ऑलराउंडर हेले मैथ्यूज टीम की कप्तान होंगी, जिन्हें स्टैफनी टेलर की जगह कप्तानी सौंपी गई है। डिएंड्रा डॉटिन के



संन्यास लेने के बाद वेस्टइंडीज की यह पहली श्रृंखला होगी। डॉटिन के अलावा अनुभवी अनीसा मोहम्मद और किसिया नाइट भी टीम में नहीं हैं। क्रिकेट वेस्टइंडीज के प्रमुख चयनकर्ता, एन ब्राउन-जॉन ने एक आधिकारिक बयान में कहा, न्यूजीलैंड श्रृंखला महिला क्रिकेट परिदृश्य पर बहुत महत्वपूर्ण है, न केवल इसलिए कि यह एक नया चक्र शुरू करती है, बल्कि इसलिए भी कि यह दक्षिण अफ्रीका में टी 20 विश्व कप की तैयारी का हिस्सा है। वेस्टइंडीज की टीम इस प्रकार हैः- हेले मैथ्यूज (कप्तान), आलिया एलेने, शेमेन कैंपबेल, शमिलिया कॉनेल, एफी फ्लेचर, चेरी एन फ्रेजर, शबिका गजनबी, जेनिलिया ग्लासगो, शेनेटा ग्रिमंड, चिनले हेनरी, किशोना नाइट, नताशा मैकलीन, चेडीन नेशन, करिश्मा , शकीरा सेलमैन, स्टेफनी टेलर और रशदा विलियम्स।

## आस्ट्रेलिया में पालतू कंगारू ने ली मालिक की जान

**पर्थ।** आस्ट्रेलिया में कंगारू के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। उसने उसे पालतू जानवर के रूप में घर पर रखा था। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक पर्थ से 400 किलोमीटर दूर रेडमंड में एक व्यक्ति पर उसके ही पालतू कंगारू ने हमला कर दिया। इस हमले में उसकी मौत हो गई। ऑस्ट्रेलिया को कंगारुओं का घर कहा जाता है। यहां करीब पांच करोड़ से अधिक कंगारू हैं। महाद्वीप में कंगारुओं के हमले की घटनाएं दुर्लभ हैं। वर्ष 1936 के बाद से ऑस्ट्रेलिया में किसी कंगारू के हमले की यह पहली घटना है। कंगारू आस्ट्रेलिया में पाया जानेवाला स्तनधारी पशु है। यह आस्ट्रेलिया का राष्ट्रीय पशु भी है। इन्हें 1773 में सबसे पहले कैप्टन कुक ने देखा था। महत्वपूर्ण यह है कि कंगारू केवल आस्ट्रलिया में ही पाए जाते हैं। वहां अब तक इनकी 21 प्रजातियों का पता चल सका है।



## यूक्रेन की सेना आक्रामक, 6000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को रूस से मुक्त कराया

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने देश के नाम वीडियो संबोधन में दावा किया कि सितंबर की शुरुआत से अब तक उनकी सेना ने युद्धग्रस्त देश के 6,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को रूसी सेना



के कब्जे से मुक्त करा लिया है। राष्ट्रपति ने कहा- 'सितंबर की शुरुआत से, हमारे सैनिकों ने पूर्व और दक्षिण में 6,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक यूक्रेनी क्षेत्र को मुक्त करा दिया है। हमारे सैनिक आगे बढ़ रहे हैं।' जेलेंस्की ने इसके लिए 57वीं सेपरेट मोटराइज्ड इन्फैंट्री ब्रिगेड का आभार जताया है।

## श्रीलंका, पाकिस्तान सहित 97 देश चीन के कर्ज में दबे, फोर्ब्स की नई रिपोर्ट में खुलासा

**बीजिंग।** गरीब और छोटे देशों को मदद के नाम पर कर्ज देकर चीन वर्षों से अपने जाल में फंसा रहा है। उसके मकड़जाल के जंजाल से दुनिया के 97 देश कर्ज तले दब गए हैं। वहीं, भारत के पड़ोसी देश श्रीलंका, पाकिस्तान और मालदीव सबसे बड़े कर्जदारों में हैं। चीन की नीति के कारण ये देश गले तक डूब गए हैं।

यह खुलासा फोर्ब्स की नई रिपोर्ट में हुआ है। इसके मुताबिक, पाकिस्तान पर चीन का 61 खरब रुपये से अधिक का विदेशी कर्ज है। वहीं, मालदीव का कर्ज उसकी सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) का 31 फीसदी है। द आइलैंड ऑनलाइन की रिपोर्ट के अनुसार, मालदीव का कुल कर्ज 2020 के अंत तक 44,000 करोड़ रुपये है, जिसमें से 42,500 करोड़ रुपये विदेशी कर्ज है। फोर्ब्स ने 2020 तक विश्व बैंक की रिपोर्ट से यह आंकड़ा एकत्र किया है। इसके अनुसार 97 देश चीनी कर्ज में हैं। इसमें से भारी कर्ज वाले देश ज्यादातर अफ्रीका महाद्वीप में स्थित हैं। वहीं, कुछ देश मध्य एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया और प्रशांत महासागर में भी मौजूद हैं।

**ओबीआर योजना के तहत पहुंच रहा है चीन**

रिपोर्ट के अनुसार, चीन ज्यादातर देशों में वन बेल्ट एंड रोड (ओबीआर) योजना के तहत पहुंच रहा है। दुनिया के कम आय वाले देशों ने 2022 में चीन को अपने कर्ज का 37 फीसदी कर्ज दिया है, जबकि बाकी दुनिया के लिए सिर्फ 24 फीसदी द्विपक्षीय कर्ज है।

द आइलैंड ऑनलाइन की रिपोर्ट के अनुसार, चीन के लिए दुनिया में बंदरगाह, रेल और भूमि के बुनियादी ढांचे के निर्माण के वित्तपोषण के लिए चीनी वैश्विक परियोजना उसके कर्ज का एक महत्वपूर्ण स्रोत रही है।

# दुबई में भव्य हिंदू मंदिर का निर्माण, देखने को उमड़े लोग

**दुबई।** दुबई के जेबेल अली के वर्शिप विलेज में भव्य हिंदू मंदिर का निर्माण कराया गया है। इसकी पहली झलक पाने के लिए रोजाना हजारों लोग पहुंच रहे हैं। इसी महीने की शुरुआत में इसे आगंतुकों के लिए खोला गया है। अधिकृत रूप से इस मंदिर को पांच अक्टूबर को खोला जाएगा। यहां सभी धर्मों के लोगों को आने की अनुमति होगी।

गल्फ न्यूज के अनुसार यहां हिंदू पूजा कर सकेंगे। अन्य धर्मों के दूसरे आगंतुकों को 16 देव प्रतिमाओं एवं भीतरी सज्जा देखने की अनुमति होगी। मंदिर प्रबंधन ने एक सितंबर को अपनी वेबसाइट के माध्यम से क्यूआर कोड आधारित प्रवेश का समय बुक कराने वाली प्रणाली सक्रिय की है। सप्ताहांत के दिनों में यहां तिल रखने की जगह नहीं होती। भीड़ प्रबंधन के लिए क्यूआर कोड से प्रवेश नियंत्रित रखने और शारीरिक दूरी का पालन करना सुनिश्चित किया गया है। मंदिर सुबह 6:30 बजे से रात आठ बजे



तक खुला रहता है। खास बात है कि अक्टूबर के अंत तक सप्ताहांत का कोई भी दिन खाली नहीं हैं। अक्टूबर के अंत तक बुकिंग प्रणाली काम करेगी। इसके बाद लोग मंदिर खुले रहने के दौरान आने-जाने के लिए स्वतंत्र रहेंगे। इस समय भारत से पहुंचे 14 पंडितों का समूह यहां वेद पाठ कर रहा है। यहां पूर्वाह्न 7:30 से 11 बजे और फिर अपराह्न बाद 3:30 बजे से रात 8:30 बजे तक वेद पाठ होता है। आगंतुकों को इसमें हिस्सा लेने की अनुमति दी गई है।

## एफएटीएफ को धोखा देने की कोशिश में जुटा पाकिस्तान, आतंकियों के प्रति दोहरे रवैये का पर्दाफाश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान को पेरिस आधारित अंतरराष्ट्रीय निगरानी संगठन वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) की ग्रे-लिस्ट में शामिल होने के बाद अपने यहां सक्रिय संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के घोषित आतंकियों पर कार्रवाई के लिए मजबूर होना पड़ा। हालांकि यह केवल दिखावे तक सीमित रही। अब पाकिस्तान के इस सूची से बाहर आने की संभावना है, लेकिन इससे पहले ही वह पुरानी हरकतों पर उतर आया है। साउथ एशिया प्रेस के मुताबिक, लश्कर-ए-ताइबा (एलईटी) के ऑपरेशनल कमांडर साजिद मीर के खिलाफ पाकिस्तान की हालिया कार्रवाई एफएटीएफ के लगातार दबाव का परिणाम है, वर्ना वह तो उसे मरा करार दे रहा था। इसी से उसके आतंकियों के प्रति दोहरे रवैये का पर्दाफाश होता है। एलईटी ने दो दशक में कई बार अपना नाम बदला है। कुछ समय के लिए वह जमात-उल-दावा बन गया।

इस पर भी प्रतिबंध लग गया तो वह खुद को फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन कहने लगा। इसकी जांच शुरू हुई तो उसने अल्ला-हू-अकबर तहरीक का जामा ओढ़ लिया। हालांकि यह सवाल बना हुआ है कि क्या एफएटीएफ का दबाव उसे जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मौलाना मसूद अजहर पर कार्रवाई के लिए मजबूर कर सकता है। पाकिस्तान अजहर की देश में मौजूदगी से लगातार इनकार करता है और कहता है कि वह अफगानिस्तान में है। उसके दावों को पाकिस्तानी सोशल मीडिया पर सक्रिय जैश समर्थक ही झुठलाते हैं। उनका कहना है कि काबुल पर तालिबान का कब्जा दुनिया में मुस्लिमों की जीत का रास्ता खोलेगा।

## अंतरिक्ष पर्यटन को झटकाः जेफ बेजोस की कंपनी के रॉकेट का बूस्टर दुर्घटनाग्रस्त

**अब तक 32 यात्री ब्लू ओरिजिन कंपनी के जरिये कर चुके हैं अंतरिक्ष की सैर**

**वाशिंगटन।** दुनिया में अंतरिक्ष पर्यटन को बढ़ावा देकर निजी क्षेत्र का हस्तक्षेप बढ़ाने की तैयारी कर रहे अमेरिकी रईस जेफ बेजोस की कोशिशों को झटका लगा है। उनकी अंतरिक्ष पर्यटन कंपनी ब्लू ओरिजिन के छोड़े गए न्यू शेपर्ड रॉकेट का बूस्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसे अंतरिक्ष पर्यटन कार्यक्रम के लिए बड़ा नुकसान भी माना जा रहा है।

जेफ बेजोस की कंपनी ब्लू ओरिजिन की ओर से बताया गया कि एक पेलोड मिशन के तहत अमेरिकी समयानुसार सोमवार सुबह 8.30 बजे न्यू शेपर्ड रॉकेट लांच किया था। इसकी लांचिंग अमेरिका के वेस्ट टेक्सास स्थित कंपनी के प्रक्षेपण स्थल से की गई थी। ब्लू ओरिजिन ने एक ट्वीट में बताया है कि पे लोड मिशन होने के कारण इसमें कोई यात्री सवार नहीं था। रॉकेट की उड़ान के दौरान बूस्टर के फेल होते ही 'कैप्सूल एस्केप सिस्टम' यानी कैप्सूल को बचाने वाला तंत्र सक्रिय हो गया और उसने कैप्सूल को बूस्टर से अलग कर दिया। इसके बाद कैप्सूल सुरक्षित धरती पर उतर



गया। बूस्टर ने जमीन को प्रभावित किया। इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। न्यू शेपर्ड रॉकेट का यह 23 वां मिशन था। कंपनी ने इस हादसे का एक छोटा वीडियो भी साझा किया है। एनएस-23 नामक यह मिशन अगस्त में लांच किया जाने वाला था, लेकिन खराब मौसम के कारण इसकी उड़ान रोक दी गई थी। यह घटना ब्लू ओरिजिन और अमेरिका में तेजी से उभरते अंतरिक्ष पर्यटन उद्योग के लिए एक बड़ा झटका मानी जा रही है। ब्लू ओरिजिन ने पिछले साल अंतरिक्ष पर्यटन के लिए उड़ानें शुरू की थीं। इनसे अब तक 32 यात्रियों ने अपने निजी भुगतान से अंतरिक्ष की सैर की है। इन यात्रियों में कंपनी के संस्थापक जेफ बेजोस और स्टार ट्रेक के विलियम शैटनर शामिल हैं।

## यूक्रेन में रूस की गलतियों से सबक लेगा चीन, या ताइवान में 'बैटल लैब' का प्रयोग दोहराएगा

**बीजिंग।** यूक्रेन पर रूस द्वारा 24 फरवरी को किए गए हमले को अब तक छह माह से ज्यादा समय हो गया है, लेकिन ये जंग किसी अंजाम तक नहीं पहुंची है। इस हमले से चीन व अमेरिका को छोड़कर बाकी देश हैरान रह गए थे। रूस के राष्ट्रपंति व्लादिमीर पुतिन छह माह से सबसे जोखिमभरी जंग लड़ रहे हैं, ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि इससे चीन कोई सबक ले रहा या नहीं? क्या वह ताइवान पर हमले में पुतिन जैसी गलती करेगा? यह सवाल बहुत अहम है, इस पर संबद्ध पक्षों की राय भिन्न-भिन्न है। कहा जा रहा है कि चीन ताइवान में रूस की तरह गलतिया नहीं करेगा।

जानकारों का कहना है कि चीन के पास यूक्रेन की जंग से सबक लेना का काफी समय है। उसका नापाक इरादा अपने पड़ोसी देश ताइवान पर कब्जे का है। वह ताइवान में रूस की तरह गलती नहीं करेगा। वाशिंगटन डीसी में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सामरिक अध्ययन संस्थान में चीनी सैन्य मामलों के विशेषज्ञ डॉ. जोएल वुथनो ने उन सबक का जिक्र किया है, जो चीन और पीएलए यूक्रेन जंग से ले सकते हैं। 'यूक्रेन से चीन को सैन्य सबक' शीर्षक की रिपोर्ट में वुथनो ने कहा कि पीएलए ने इस विषय पर अब तक न के बराबर विचार किया है। पीएलए को रूस द्वारा की गई गलतियों से खुद को दूर रखना चाहिए।

**ताइवान यूक्रेन नहीं है, चीन का अविभाज्य हिस्सा**

चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल वू कियान ने मार्च में कहा था कि 'ताइवान यूक्रेन नहीं है'। वह चीन का एक अविभाज्य हिस्सा है। ताइवान का प्रश्न स्पष्ट रूप से चीन के आंतरिक मामले में बाहरी हस्तक्षेप का मामला है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। कियान ने जोर देकर कहा कि ताइवान की खाड़ी में दोनों पक्षों को फिर से एक होना चाहिए और यह होगा। यह इतिहास की प्रवृत्ति है जिसे कभी भी किसी या किसी भी बल द्वारा रोका नहीं जा सकता है।

**ताइवान स्वतंत्र व संप्रभु देश :अमेरिका**

उधर, अमेरिका में प्रोजेक्ट 2049 संस्थान के रिसर्च फेलो इयान ईस्टन ने साफ कहा है कि ताइवान एक स्वतंत्र और संप्रभु देश है। वह कभी भी पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चायना के शासन क्षेत्र का हिस्सा नहीं रहा। फिर भी चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी पीएलए के अधिकारी ताइवान को चीन का ही हिस्सा बता रहे हैं।

चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वू ने कहा कि चीन के लिए अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करना पूरी तरह से उचित है। चीनी पीएलए किसी भी भड़काने वाली कार्रवाई का दृढ़ता से जवाब देने के लिए तैयार है। वू ने कहा कि चीन के लिए अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करना पूरी तरह से उचित है।

## रोहिंग्या शरणार्थियों का लंबे समय तक रहना बांग्लादेश की सुरक्षा व स्थिरता के लिए खतराः हसीना

**ढाका।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा कि देश में शिविरों में 10 लाख से अधिक रोहिंग्या शरणार्थियों का लंबे समय तक रहना सुरक्षा और स्थिरता के लिए एक गंभीर चिंता का विषय बन गया है। शेख हसीना ने भारत-प्रशांत क्षेत्र के 24 देशों के सैन्य अधिकारियों की तीन दिवसीय बैठक के उद्घाटन समारोह में कहा, ''रोहिंग्या शरणार्थियों के लंबे समय तक रहने से उनके अपने कष्टों के अलावा बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था, पर्यावरण, सुरक्षा और सामाजिक-राजनीतिक स्थिरता पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है।' बांग्लादेश सेना के साथ अमेरिका 'हिंद-प्रशांत सैन्य प्रबंधन संगोष्ठी' का सह-मेजबान है। इसमें हिस्सा लेने वाली देशों की सेनाएं आपदा प्रबंधन, अंतरराष्ट्रीय अपराध, सुरक्षा मुद्दों और महिला सशक्तिकरण पर चर्चा कर रही हैं, वहीं बांग्लादेश मंच का उपयोग म्यांमार में हिंसा के चलते भागे रोहिंग्या शरणार्थियों के मुद्दे को उजागर करने के लिए कर रहा है। बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल एस एम शफीउद्दीन अहमद ने कहा कि बैठक में भाग लेने वाले प्रतिभागी रोहिंग्या शरणार्थी शिविरों का दौरा करेंगे जिसमें अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, जापान, इंडोनेशिया, भारत, चीन और वियतनाम के प्रतिभागी शामिल हैं। अहमद ने कहा कि सैन्य अधिकारियों को कॉक्स बाजार



जिले के शिविरों में ले जाया जा रहा है ताकि उन्हें शरणार्थी संकट की गंभीरता और यह ''स्पष्ट रूप से समझाया'' जा सके कि उन्हें म्यांमार वापस भेजना क्यों आवश्यक है।

हसीना ने कहा कि शरणार्थियों को वापस भेजना ही इस संकट का एकमात्र समाधान है, लेकिन बांग्लादेश उन्हें म्यांमार वापस जाने के लिए मजबूर नहीं करेगा। चीन द्वारा मध्यस्थता में एक द्विपक्षीय समझौते के तहत शरणार्थियों को वापस भेजने के कम से कम दो प्रयास विफल होने के बाद बांग्लादेशी अधिकारियों ने निराशा व्यक्त की है। मुस्लिम रोहिंग्या ने कहा है कि बौद्ध बहुल म्यांमार में स्थितियां बहुत खतरनाक हैं, जहां उन्हें व्यापक भेदभाव का सामना करना पड़ता है। यूएस आर्मी पैसिफिक के कमांडिंग जनरल चार्ल्स ए फ्लिन ने संवाददाताओं से कहा कि वह नीतिगत सवालों का जवाब नहीं दे सकते, जैसे कि सेनाएं कैसे रोहिंग्या को म्यांमार वापस भेजने में मदद कर सकती हैं। उन्होंने हालांकि प्रतिनिधिमंडल के शरणार्थी शिविरों के दौरे की व्यवस्था करने के लिए बांग्लादेश को धन्यवाद दिया। रोहिंग्या संकट अंतरराष्ट्रीय अदालतों में चला गया है, जहां म्यांमार ने कुछ भी गलत करने से इनकार किया है। पिछले महीने, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा था कि अमेरिका रोहिंग्या और म्यांमार के सभी लोगों के लिए ''न्याय और जवाबदेही को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध'' है।

# समरकंद में मोदी-शहबाज द्विपक्षीय वार्ता की पहल नहीं करेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** आगामी 15 व 16 सितंबर को उज्बेकिस्तान के समरकंद में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ एक मंच पर होंगे। इसके बावजूद पाकिस्तान ने संकेत दिए हैं कि वह दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय वार्ता की पहल नहीं करेगा। उज्बेकिस्तान के ऐतिहासिक शहर समरकंद में 15-16 सितंबर को शंघाई सहयोग संगठन की बैठक होनी है। इस बैठक में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन, चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ सहित 13 नेता भाग लेंगे। एससीओ बैठक से इतर भारत और पाकिस्तान के प्रधानमंत्रियों के बीच द्विपक्षीय बातचीत के कयास लगाए जा रहे थे लेकिन पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने इन कयासों को खारिज कर दिया है। एक बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान दोनों



देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच द्विपक्षीय बैठक की मांग नहीं करेगा। साथ ही कहा गया कि भारत की ओर से ऐसी पहल होने पर पाकिस्तान इस पर सकारात्मक रूप से विचार करेगा।

साथ ही यह संकेत दिया गया कि शिखर सम्मेलन के गलियारों में किन्हीं दो नेताओं के मिलने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। भारत के प्रधानमंत्री 14 सितंबर को समरकंद पहुंचेंगे और दो दिवसीय शिखर बैठक में शामिल होकर 16 सितंबर को भारत लौटेंगे। शिखर सम्मेलन में भारत की उपस्थिति इसलिए भी महत्वपूर्ण है मानी जा रही है, क्योंकि इस शिखर सम्मेलन के समापन के साथ ही भारत इस समूह का नेतृत्व संभाल लेगा। भारत एक साल के लिए सितंबर 2023 तक शंघाई सहयोग संगठन की अध्यक्षता करेगा। अगले वर्ष शंघाई सहयोग संगठन का शिखर सम्मेलन भारत में होगा।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# दुबई में भव्य हिंदू मंदिर का निर्माण, देखने को उमड़े लोग

**दुबई।** दुबई के जेबेल अली के वर्शिप विलेज में भव्य हिंदू मंदिर का निर्माण कराया गया है। इसकी पहली झलक पाने के लिए रोजाना हजारों लोग पहुंच रहे हैं। इसी महीने की शुरूआत में इसे आगंतुकों के लिए खोला गया है। अधिकृत रूप से इस मंदिर को पांच अक्टूबर को खोला जाएगा। यहां सभी धर्मों के लोगों को आने की अनुमति होगी।
गल्फ न्यूज के अनुसार यहां हिंदू पूजा कर सकेंगे। अन्य धर्मों के दूसरे आगंतुकों को 16 देव प्रतिमाओं एवं भीतरी सज्जा देखने की अनुमति होगी। मंदिर प्रबंधन ने एक सितंबर को अपनी वेबसाइट के माध्यम से क्यूआर कोड आधारित प्रवेश का समय बुक कराने वाली प्रणाली सक्रिय की है। सप्ताहांत के दिनों में यहां तिल रखने की जगह नहीं होती। भीड़ प्रबंधन के लिए क्यूआर कोड से प्रवेश नियंत्रित रखने और शारीरिक दूरी का पालन करना सुनिश्चित किया गया है।
मंदिर सुबह 6:30 बजे से रात आठ बजे तक खुला रहता है। खास बात है कि अक्टूबर के अंत तक सप्ताहांत का कोई भी दिन खाली नहीं हैं। अक्टूबर के अंत तक बुकिंग प्रणाली काम करेगी। इसके बाद लोग मंदिर खुले रहने के दौरान आने-जाने के लिए स्वतंत्र रहेंगे। इस समय भारत से पहुंचे 14 पंडितों का समूह यहां वेद पाठ कर रहा है। यहां पूर्वाह्न 7:30 से 11 बजे और फिर अपराह्न बाद 3:30 बजे से रात 8:30 बजे तक वेद पाठ होता है। आगंतुकों को इसमें हिस्सा लेने की अनुमति दी गई है।



# नए आर्मी चीफ की नियुक्ति से घबराए इमरान खान अब जनरल बाजवा को लेकर दिया ये बयान

**इस्लामाबाद।** इमरान खान पाकिस्तान की सत्ता में वापसी की पुरजोर कोशिशें कर रहे हैं। वे पूरे मुल्क का भ्रमण कर जगह-जगह जनसभाएं भी कर रहे हैं और नए तरीके से चुनाव कराने के लिए शरीफ सरकार पर लगातार दबाव भी बना रहे हैं। इस बीच पाकिस्तान में नए आर्मी चीफ की नियुक्ति से इमरान खान घबरा गए हैं। अब तक वर्तमान सेनाध्यक्ष जनरल बाजवा के खिलाफ जहर उगलने वाले इमरान अब उन पर लट्टू दिखाई पड़ रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान खान ने जनरल कमर जावेद बाजवा का कार्यकाल चुनाव तक बढ़ाए जाने का सुझाव सरकार को दिया है। एक निजी टीवी चैनल के साथ साक्षात्कार में इमरान ने कहा कि अगले सेना प्रमुख की नियुक्ति को तब तक के लिए टाल दिया जाना चाहिए जब तक कि नई सरकार का चुनाव नहीं हो जाता। उन्होंने कहा है कि नए सेना प्रमुख



का चयन नई सरकार द्वारा किया जाना चाहिए। उन्होने आगे कहा, सेना प्रमुख की नियुक्ति योग्यता के आधार पर होनी चाहिए। न तो आसिफ अली जरदारी और न ही नवाज शरीफ योग्यता के आधार पर यह फैसला लेने के योग्य हैं।

**इमरान की अंतरिम जमानत 20 सितंबर तक बढ़ी**

इस बीच इमरान खान के लिए राहत भरी खबर आई। वे सोमवार को यहां एक आतंकवाद रोधी अदालत में पेश हुए। कोर्ट ने पुलिस, न्यायपालिका और अन्य सरकारी संस्थानों को धमकी देने के आरोप में उनके खिलाफ आतंकवाद के मामले में मिली अंतरिम जमानत सितंबर तक बढ़ा दी।

**जानें पूरा मामला**

मामला 20 अगस्त क इमरान खान इस्लामाबाद के 9 पार्क में एक जनसभा संबोधित कर रहे थे। आरोप इस दौरान उन्होंने सुप्रीम को एक महिला जज, कई अ और सरकार के खि आपत्तिजनक बातें की। सरकार ने भड़काऊ भाषण है। आरोप है कि इसके इमरान खान देश की जनत सरकार, कोर्ट और सेन खिलाफ भड़काना चाहते थे में गृह युद्ध कराना चाहते इसके बाद सरकार ने इमरान के खिलाफ आतंकवाद मामला दर्ज किया था।